रविवारीय
लखनऊ, रविवार
28 जून, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 14
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 306 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
मूल्य : 3 रुपये

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आक्रामक क्रिकेट खेलना चाहते हैं: मंधाना






# अमेरिका-ईरान में तनाव फिर चरम पर

## होर्मुज क्षेत्र में संकट गहराया : ईरान ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर गंभीर स्तर पर पहुंच गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन ठिकानों तथा तटीय रडार साइट्स पर हवाई हमले किए हैं, जिसके जवाब में ईरान ने भी अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया है। इस घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में सैन्य तनाव बढ़ गया है और वैश्विक तेल आपूर्ति तथा समुद्री सुरक्षा पर असर पड़ने की आशंका गहराती जा रही है।

अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई ईरान द्वारा सीजफायर तोड़े जाने के बाद की गई। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अनुसार, ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में सिंगापुर के कार्गो जहाज 'एमवी एवर लवली' पर ड्रोन हमला किया था, जिसके बाद अमेरिका ने सीमित और रक्षात्मक सैन्य कार्रवाई की। अमेरिकी सेंटर कमान द्वारा जारी वीडियो में ईरानी मिसाइल और ड्रोन ठिकानों को निशाना बनाते हुए दिखाया गया है।



ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने दावा किया है कि अमेरिकी हमलों के जवाब में क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर कार्रवाई की गई है। ईरान ने अमेरिका पर बातचीत के दौरान हमला करने का आरोप लगाया है और इसे सीजफायर का उल्लंघन बताया है। ईरानी संसद के सदस्य इब्राहिम अजीजी ने चेतावनी दी है कि अमेरिका को इस कदम के गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में शामिल होर्मुज स्ट्रेट में तनाव लगातार बढ़ रहा है।

### होर्मुज संकट और वैश्विक असर

पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने होर्मुज स्ट्रेट में स्थिति को बेहद गंभीर बना दिया है। हाल ही में एक मालवाहक जहाज पर हुए हमले के बाद समुद्री सुरक्षा संकट गहरा गया है। संयुक्त राष्ट्र ने नाविकों की निकासी रोक दी है, जबकि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि तनाव बढ़ता है तो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर बड़ा असर पड़ सकता है।

# अफगानिस्तान से लेकर दिल्ली तक महसूस हुए झटके

### 6.2 तीव्रता का भूकंप

**नई दिल्ली।** शनिवार शाम 7:05 बजे अफगानिस्तान के कालाफगन से करीब 81 किलोमीटर दूर 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा के पास था। इसकी गहराई 192 किलोमीटर दर्ज की गई, जिसके कारण इसके झटके दूर-दूर तक महसूस किए गए। भूकंप का असर भारत, पाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, चीन, अफगानिस्तान और किर्गिस्तान तक देखा गया। भारत में जम्मू-कश्मीर, पंजाब और दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में लोगों ने धरती में कंपन महसूस किया। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर, बारामुला, कुपवाड़ा और जम्मू सहित कई इलाकों में हल्के से मध्यम झटके महसूस होने के बाद लोग एहतियातन घरों और कार्यालयों से बाहर निकल आए। वहीं, दिल्ली-एनसीआर और गुरुग्राम में भी कुछ सेकंड तक भूकंप के झटके महसूस किए गए।

# पिछली सरकारों ने विकास की हमेशा उपेक्षा की : योगी

**नोएडा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र को 9,228 रुपए करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया तथा सेक्टर-96 में नोएडा प्राधिकरण के नए प्रशासनिक भवन का उद्घाटन भी किया। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पारंपरिक तरीके से बेलचे से मिट्टी डालकर शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि धरातल पर काम करके दिखाई देता है और उत्तर प्रदेश आज उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पाप के गड्ढे भरने में समय लगा। उन्होंने बिना किसी दल का नाम लिए कहा कि पिछली सरकारों ने प्रदेश के विकास को बाधित किया, अव्यवस्था और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया तथा निवेश का माहौल खराब किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद सरकार ने कानून-व्यवस्था सुधारने, माफिया पर कार्रवाई करने और निवेश को बढ़ावा देने का काम किया, जिसके परिणामस्वरूप आज उत्तर प्रदेश देश का सबसे पसंदीदा निवेश गंतव्य बन रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति के इंजन बन चुके हैं।




- नोएडा-ग्रेटर नोएडा को 9,228 रुपए करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

# मुंबई में जहरीले कैप्सूल बरामद : मोहर्रम जुलूस के दौरान 14,900 कैप्सूल जब्त

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में मोहर्रम जुलूस के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति से बड़ी संख्या में जहरीले कैप्सूल बरामद होने के बाद पुलिस सतर्क हो गई है। मुंबई पुलिस ने 14,900 से अधिक ऐसे कैप्सूल जब्त किए हैं, जिनमें चूहे मारने वाली दवा और जहरीले रसायन होने की आशंका जताई गई है। पुलिस इस मामले को संभावित बड़ी साजिश के तौर पर जांच रही है और हर पहलू से पड़ताल की जा रही है। मुंबई पुलिस के अनुसार, मोहर्रम जुलूस के दौरान एक व्यक्ति बिना किसी अनुमति के लोगों को कैप्सूल बांटता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे मौके पर ही हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 14,900 से अधिक संदिग्ध कैप्सूल बरामद किए गए। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में कैप्सूल में चूहे मारने की दवा और जहरीले रसायनों के इस्तेमाल की आशंका सामने आई है। पुलिस ने आरोपी की पहचान पुणे निवासी फैयाज के रूप में की है, जो पेंट का कारोबार करता है। अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह अकेले काम कर रहा था या उसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क सक्रिय है। पुलिस आरोपी के मोबाइल फोन, संपर्कों और गतिविधियों की भी जांच कर रही है। मुंबई पुलिस के डीसीपी (सेंट्रल ज़ोन-1) जयंत मीणा ने बताया कि शुक्रवार रात बायकुला थाना क्षेत्र में जुलूस के दौरान संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली थी।

- बड़ी साजिश की आशंका



# यूपी पंचायत चुनाव टालने की तैयारी पर हाईकोर्ट सख्त

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव टालने की सरकारी कवायद पर सख्त रुख अपनाते हुए राज्य सरकार को 13 जुलाई तक चुनाव कराने की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि संविधान के तहत पंचायतों का कार्यकाल पांच वर्ष से अधिक नहीं बढ़ाया जा सकता और समय पर चुनाव कराना सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की एकल पीठ ने सहारनपुर निवासी अरविंद राठौर की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि जिन प्रावधानों के आधार पर ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाकर पंचायतों का कार्य संचालन कराया जा रहा है, वे पहले ही असांविधानिक घोषित किए जा चुके हैं। कोर्ट ने सरकार से पूछा कि ऐसे अस्तित्वहीन प्रावधानों के तहत ग्राम प्रधानों को प्रशासक किस आधार पर नियुक्त किया गया। सुनवाई के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से अदालत को बताया गया कि 10 जून 2026 को मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है और आयोग चुनाव कराने के लिए पूरी तरह तैयार है।

- 13 जुलाई तक मांगी चुनाव की रूपरेखा


### राम मंदिर ट्रस्ट का बड़ा दावा

# श्रद्धालुओं का सोना-चांदी पूरी तरह सुरक्षित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर में चढ़ावे और हाल में सामने आए विवादों पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि श्रद्धालुओं द्वारा दान में दिया गया सोना-चांदी पूरी तरह सुरक्षित है। ट्रस्ट ने भरोसा दिलाया कि यदि किसी स्तर पर अनियमितता या चोरी में किसी की संलिप्तता पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उन्हें कानून के अनुसार सजा दिलाई जाएगी। इसी बीच ट्रस्ट ने महामंत्री चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा के इस्तीफे मिलने की भी पुष्टि की है। दोनों के इस्तीफों पर अंतिम निर्णय 11 जुलाई को होने वाली ट्रस्ट की बैठक में लिया जाएगा।

ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि ने कहा कि रामलला को श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित सोना, चांदी और अन्य बहुमूल्य वस्तुएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर की संपत्ति को लेकर किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है और सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मजबूत है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करता है और मंदिर की प्रत्येक धरोहर की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वामी गोविंददेव गिरि ने कहा कि यदि जांच में किसी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ट्रस्ट का उद्देश्य मामले की निष्पक्ष जांच कराना और दोषियों को कानून के दायरे में लाना है।

- चंपत राय के इस्तीफे पर 11 जुलाई को होगा फैसला



# महाराष्ट्र की राजनीति में फिर हलचल

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर सियासी हलचल तेज हो गई है। शिवसेना के मंत्री गुलाबराव पाटिल ने दावा किया है कि राज्य में ऑपरेशन टाइगर 3.0 शुरू हो चुका है और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के 14 विधायक जल्द ही उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होंगे। हालांकि, इस दावे को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर ही अलग-अलग बयान सामने आए हैं।

शिवसेना के मंत्री गुलाबराव पाटिल ने कहा कि राज्य में ऑपरेशन टाइगर 3.0 की शुरुआत हो चुकी है। उनके अनुसार, उद्धव ठाकरे गुट के 14 विधायक जल्द ही शिंदे गुट का दामन थाम सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि कई विधायक मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों से असंतुष्ट हैं और वे अपनी राजनीतिक दिशा बदलने की तैयारी में हैं। यह बयान ऐसे समय आया है जब दो दिन पहले उद्धव ठाकरे ने महाविकास अघाड़ी के विधायकों की बैठक बुलाई थी। बताया गया कि विपक्ष के 60 में से केवल 37 विधायक ही बैठक में पहुंचे। इसके बाद विपक्षी एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि, शिवसेना (यूबीटी) की ओर से इस बैठक की कम उपस्थिति पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। गुलाबराव पाटिल के दावे के कुछ ही समय बाद शिवसेना के एक अन्य मंत्री उदय सामंत ने ऑपरेशन टाइगर 3.0 जैसी किसी संगठित राजनीतिक मुहिम से इनकार किया।

- ऑपरेशन टाइगर 3.0 को लेकर दावे-प्रतिदावे
- उद्धव गुट के 14 विधायकों के शिंदे गुट में जाने का दावा




### सेशेल्स दौरे पर पीएम मोदी रवाना, बोले-

# 'हमारे विजन महासागर में एक अहम पार्टनर'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शनिवार को दो दिवसीया विक्टोरिया और सेशेल्स के विदेशी दौरे पर रवाना हुए. जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी वहां देश के नेशनल डे के गोल्डन जुबली समारोह में गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर हिस्सा लेंगे। इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि सेशेल्स के लिए निकल रहा हूं, जहां मैं उनके नेशनल डे समारोह में हिस्सा लूंगा. इस साल, यह और भी खास है क्योंकि यह गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन है. उन्होंने आगे लिखा कि सेशेल्स एक कीमती समुद्री पड़ोसी है और हमारे विजन महासागर में एक अहम पार्टनर है. इसके साथ ही ग्लोबल साउथ के हितों को आगे बढ़ाने में भी सहायक है. मैं अपने दोस्त, सेशेल्स रिपब्लिक के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ बातचीत का इंतजार कर रहा हूं. मुझे इस विजिट के दौरान सेशेल्स की नेशनल असेंबली को संबोधित करने का सम्मान मिला है. मैं वहां भारतीय समुदाय से मिलने को भी उत्सुक हूं.

बता दें, प्रधानमंत्री का 27 जून से 29 जून तक की यह विदेश यात्रा सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के निमंत्रण पर हो रहा है और इसका मकसद दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही पार्टनरशिप को और मजबूत करना है. उन्होंने कहा कि यह दौरा दोनों देशों को अपनी पुरानी पार्टनरशिप को और गहरा करने और हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा और खुशहाली को बढ़ावा देते हुए अपने लोगों की तरक्की को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का मौका देगा।



# हनुमानगढ़ी के महंत संत रामदास का निधन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अयोध्या स्थित प्रसिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी के महंत संत रामदास का 85 साल की आयु में निधन हो गया है। उनकी तबियत कई दिनों से खराब चल रही थी। संत रामदास सीएम योगी आदित्यनाथ के करीबी महंतों में से थे। उनके निधन से संत समाज और श्रद्धालुओं में शोक की लहर है। हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने सोशल मीडिया एक्स पर महंत संत रामदास जी के निधन की सूचना दी। उन्होंने अस्पताल की फोटो साझा करके लिखा, हमारे पूज्य गुरुदेव भगवान श्री श्री 1008 श्री महंत संतराम दास जी महाराज पंचांग पट्टी उज्जैनिया हनुमानगढ़ी, अयोध्या जी का गोलोकवास अभी हो गया है।

# अमरनाथ यात्रा से पहले सुरक्षा व्यवस्था का उच्चस्तरीय आकलन

**श्रीनगर।** आगामी 3 जुलाई से प्रारंभ होने वाली श्री अमरनाथ यात्रा-2026 को लेकर सुरक्षा तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इसी क्रम में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि शनिवार को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर पहुंचेंगे, जहां वे यात्रा मार्गों तथा नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा व्यवस्था और सैन्य तैयारियों का व्यापक जायजा लेंगे। अधिकारियों के अनुसार, सीडीएस श्रीनगर स्थित 15 कोर मुख्यालय में परिचालन तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इसके बाद वे अग्रिम क्षेत्रों का दौरा कर नियंत्रण रेखा पर सैनिकों की तैनाती, घुसपैठ रोकने के लिए किए गए सुरक्षा प्रबंधों तथा मौजूदा सुरक्षा स्थिति का आकलन करेंगे। सीडीएस का पदभार संभालने के बाद यह उनका जम्मू-कश्मीर का पहला आधिकारिक दौरा है। इससे पहले शुक्रवार को जनरल सुब्रमणि ने उधमपुर स्थित उत्तरी कमान मुख्यालय तथा नगरोटा स्थित 16 कोर मुख्यालय में वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा हालात की समीक्षा की।

- सीडीएस जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि आज कश्मीर दौरे पर

### खुलासा — एनसीबी रिपोर्ट में पंजाब सबसे बड़ा हॉटस्पॉट, भारत-पाक सीमा बनी बड़ी चुनौती

# ऑप ड्रोन से ड्रग तस्करी में 100 गुना उछाल

**नई दिल्ली।** भारत में ड्रोन के जरिए मादक पदार्थों की तस्करी तेजी से बढ़ रही है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की वर्ष 2025 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में ड्रोन के माध्यम से ड्रग्स की तस्करी के मामलों में करीब 100 गुना वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान ड्रोन से जुड़े 305 मामले सामने आए, जिनमें 468 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए गए। सबसे अधिक मामले पंजाब में दर्ज हुए हैं, जिससे भारत-पाकिस्तान सीमा एक बार फिर सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभरी है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा जारी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की 2025 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, देशभर में ड्रोन के जरिए ड्रग तस्करी के 305 मामले दर्ज किए गए। इन मामलों में कुल 468 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए गए, जो पिछले वर्षों की तुलना में बड़ी वृद्धि दर्शाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ड्रोन से ड्रग्स की तस्करी के 305 मामलों में से 298 अकेले पंजाब में सामने आए। इससे स्पष्ट होता है कि भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए ड्रोन का उपयोग कर बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ भारत भेजे जा रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, पाकिस्तान की ओर से भेजे जा रहे ड्रोन हाई-प्योरिटी हेरोइन, मेथमफेटामाइन (मेथ) और अन्य प्रतिबंधित मादक पदार्थों की खेप भारतीय सीमा तक पहुंचा रहे हैं। एनसीबी की रिपोर्ट बताती है कि तस्करों ने आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल बढ़ा दिया है। ड्रोन की मदद से सीमावर्ती इलाकों में कम समय में और बिना सीधे संपर्क के नशीले पदार्थों की डिलीवरी की जा रही है, जिससे इन्हें पकड़ना पहले की तुलना में अधिक कठिन हो गया है। सुरक्षा एजेंसियां अब एंटी-ड्रोन सिस्टम, रडार निगरानी और आधुनिक तकनीकों की मदद से इस नेटवर्क पर लगाम लगाने की कोशिश कर रही हैं। ड्रोन के बढ़ते इस्तेमाल को देखते हुए सीमा सुरक्षा बल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने पंजाब और जम्मू क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है। सीमावर्ती गांवों में भी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि ड्रोन तस्करी केवल मादक पदार्थों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके जरिए हथियार और गोला-बारूद पहुंचाने की भी कोशिशें की जाती रही हैं।



# महाराष्ट्र टीईटी परीक्षा का पेपर लीक

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से ठीक एक दिन पहले बड़ा पेपर लीक मामला सामने आया है। 28 जून 2026 को आयोजित होने वाली परीक्षा से पहले ही ठाणे से पेपर लीक होने की पुष्टि होने के बाद राज्य के शिक्षा विभाग ने परीक्षा को रद्द कर दिया है। इस घटना ने पूरे शिक्षा तंत्र की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, परीक्षा से करीब 24 घंटे पहले ही टीईटी परीक्षा का प्रश्नपत्र ठाणे से लीक हो गया। शुरुआती जांच में पुलिस को इस मामले की जानकारी मिली, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस ने ठाणे में कार्रवाई करते हुए कथित तौर पर लीक हुए प्रश्नपत्र को बरामद कर लिया है।

# शारदा नहर में डूबी युवती का दूसरे दिन मिला शव



**स्वतंत्र भारत बंडा शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के मकसूदापुर गांव के पास शारदा नहर के पुल पर शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। अपनी मां के साथ दवा लेने जा रही 18 वर्षीय एक युवती नहर में सिक्का डालने के दौरान संतुलन बिग?ने से गहरे पानी में गिर गई। तेज बहाव में बह जाने के कारण अगले दिन शनिवार को उसका शव सुहेला गांव के पास नहर में उतराता हुआ मिला। एनडीआरएफ की टीम ने शव को बाहर निकाला, जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जनपद पीलीभीत के बिलसंडा थाना क्षेत्र स्थित गौहनिया गांव की रहने वाली सीमा (18 वर्ष) अपनी मां गुड्डी के साथ बंडा के ढका गांव स्थित एक निजी क्लिनिक में दवा लेने जा रही थी। मां गुड्डी देवी ने बताया कि जब वे दोनों मकसूदापुर गांव के पास शारदा नहर के पुल पर पहुंचे, तो सीमा नहर में सिक्का फेंकने के लिए रुकी। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे गहरे पानी में जा गिरी। बेटी को आंखों के सामने डूबता देख मां गुड्डी ने चीख-पुकार शुरू कर दी। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर दौड़े। कुछ स्थानीय लोगों ने नहर में छलांग लगाकर युवती को बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन जलस्तर अधिक और बहाव तेज होने के कारण वह देखते ही देखते आंखों से ओझल हो गई। इस हादसे के बाद से पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है। हादसे की जानकारी मिलते ही बंडा थाना प्रभारी बृजेश कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल फायर ब्रिगेड, बाढ़ राहत व एनडीआरएफ की टीम को सूचित किया। पानी का बहाव तेज होने के कारण शुरुआत में रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी दिक्कतें आईं। स्थानीय गोताखोरों और रेस्क्यू टीमों की कड़ी मशक्कत के बाद, दूसरे दिन युवती का शव घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्थित सुहेला गांव के पास नहर में बहता हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## एक दिन का समय मांगने पर 8 घंटे चला धरना प्रदर्शन हुआ समाप्त

**खुटार।** रामपुर कला विद्युत उपकेंद्र भाकियू द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। जिसमें किसान नेताओं व किसानों की मांग थी कि लो वोल्टेज विद्युत कटौती की समस्या दूर की जाए । जिस पर सुबह 10 बजे धरना प्रदर्शन शुरू हुआ जो शाम 6 बजे समाप्त हुआ जिसमें एक्सईएन द्वारा एक दिन का समय मांगा गया है इंजीनियर बुलाकर केबिल को सही किया जाएगा। भाकियू के जिलाध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि एक दिन बाद यदि समस्या का समाधान न हुआ तो वह अपनी टीम के साथ जिला मुख्यालय पहुंचकर एसीई का घेराव व धरना प्रदर्शन करेंगे। उधर धरना समाप्त होने पर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# भीषण गर्मी में शिक्षक संघ ने विद्यालयों का समय बदलने की मांग उठाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने भीषण गर्मी एवं कमजोर मानसून की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी को सम्बोधित मांग पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपकर परिषदीय विद्यालयों के संचालन समय में तत्काल परिवर्तन की मांग की है। संघ के जिलाध्यक्ष मुनीश कुमार मिश्र, जिला मंत्री देवेश बाजपेई,कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी द्वारा प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में परिषदीय विद्यालय प्रातः 8:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक संचालित हो रहे हैं। लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और हीट वेव के कारण विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



कमजोर मानसून के चलते मौसम और अधिक उमस भरा एवं गर्म हो गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहने, लो-वोल्टेज एवं ट्रिपिंग जैसी समस्याओं के कारण विद्यालयों में उपलब्ध विद्युत उपकरण भी प्रभावी ढंग से कार्य नहीं कर पा रहे हैं, जिससे बच्चों को गर्मी से राहत मिलना संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में वर्तमान समय-सारिणी बच्चों के स्वास्थ्य एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए उपयुक्त नहीं है। शिक्षक संघ ने जिलाधिकारी से मांग की है कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए परिषदीय विद्यालयों का संचालन समय प्रातः 7:00 बजे से पूर्वाह्न 11:00 बजे तक निर्धारित किया जाए, ताकि भीषण गर्मी के दुष्प्रभाव से बच्चों को बचाया जा सके।

## 5 घंटे बाद आई बिजली

**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** शुक्रवार शाम रेलवे कॉलोनी में 6:00 बजे से लाइट चली गई थी देर रात 11: बजे आई । कॉलोनी में प्रेम नगर , कोयला , अस्पताल , डाकघर , थाना पत्थर कॉलोनी लगभग 500 रेल आवास में शुक्रवार शाम 6:00 बजे से लाइट चली गई भीषण गर्मी में रेल कर्मचारी और रेल कर्मचारियों के परिजन परेशान हो गए कई लोगों के इनवर्टर बंद हो गए मोबाइल और बाकी ताकि बंद हो गए रोजा जंक्शन पावर हाउस में जब संपर्क किया तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला धीरे-धीरे कई लोग रोजा जंक्शन पावर हाउस पहुंचने लगे तब पता लगा एक फेस नहीं आ रहा है देर रात थे सही हुआ और 11:00 बजे लाइट आई तब लोगों को गर्मी से राहत मिली नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के सदस्य अवधेश कुमार सक्सेना ने बताया एक फेस नहीं आ रहा था जिसको देर रात 11:00 बजे ठीक किया गया उसके बाद रेलवे कॉलोनी में विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से चालू हुई रूप से चालू हुई

## संक्षिप्त समाचार

### आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की



**पुवायां।** गांव खाडेपुर मडैया के ग्रामीणों ने सीओ कार्यालय पर प्रदर्शन कर जान से मारने की नियत से हमला करने वालों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की, इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है जबकि पांच आरोपी फरार चल रहे है। गुरुवार को पुरानी रंजिश के चलते मोहनपुर गांव के उदयवीर सिंह, भानु सिंह, कल्लू उर्फ ओमेंद्र सिंह, आर्यन सिंह, रमन सिंह, वीर सिंह, आयुष सिंह ने खा?पुर गांव के मनजीत जाटव के पिता जगदीश जाटव को जान से मारने की नीयत से हमला कर मारपीट की थी इस मामले में पुलिस ने सभी सात आरोपियों के खिलाफ जान से मारने की नियत तथा एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कर दो आरोपी उदयवीर सिंह एवं आर्यन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, शेष फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की। तथा उन्होंने कहा है कि जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होंगे तब तक हम लोग शांत नहीं बैठेंगे। सीओ को पत्र देने वालों में मनजीत, रमेश चंद्र एडवोकेट, पवनदीप एडवोकेट, बबलू गौतम, शिशुपाल, ओमकार कुशवाहा, सोनू, संजीव, अमित कुमार, अनुज , सरोजनी देवी, कृष्णा देवी, चंदा देवी ,गुड्डी आदि मौजूद रहे।

### युवती की गला घोंटकर हत्या शव गन्ने के खेत में फेंका

**सिंधौली।** थाना क्षेत्र के गांव गंधरपुर में गन्ने के खेत में 20 वर्षीय युवती की दुपट्टे से गला घोटकर हत्या शाव को गन्ने के खेत में फेंक हत्यारे फरार। आज शाम लगभग 4:30 बजे गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवती का गन्ने के खेत में शव पड़ा देखा गया गंधरपुर गांव की पुलिया के दक्षिण से कच्चे रास्ते पर लगभग 100 मीटर दूर सरदार के खेत में एक एक युवती का शव देखा गया एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना देकर बताया कि गन्ने के खेत में एक युवती की लाश पड़ी हुई है मौके पर पहुंची एसपी ग्रामीण ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए वहीं कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि युवती की उम्र 18 से 20 वर्ष के बीच मालूम हो रही है युवती की पहचान न होने के कारण शव को अज्ञात बताया जा रहा है वहीं ग्रामीणों ने बताया कि युवती की गर्दन पर दुपट्टा कसा हुआ था और उसके पैरों के पास के बाद गड्ढे के गहरे निशान बने हुए थे एवं आसपास कोल्ड ड्रिंक की बोतल एवं अन्य सामान भी था। युवती की हत्या किस वजह से की गई इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे गड्ढों में तब्दील

## आए दिन दुर्घटनाएं होने से बना मौत का हाइवे

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर -शाहजहापुर।** क्षेत्र के ग्राम जरियनपुर में मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे ग्राम पंचायत जरियनपुर के तारापुर तिराहे से गंगा चौराहे तक उखड़कर गड्ढों में तब्दील हो गया है। जिससे यहां आए दिन ई रिक्शा और दुपहिया वाहन चालक गड्ढों में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। बीती 21 जून को हाइवे के इन्हीं गड्ढों में बरातियों से भरी एक निजी बस बाइक सवारों को बचाने के चक्कर में असंतुलित होकर हाइवे किनारे 15 फिट गहरे गड्ढे में जाकर पलट गई थी। जिसमें दर्जनों बराती घायल हो गए थे। 24 जून को भी इन्हीं गड्ढों में सवारियों से भरा एक ई रिक्शा पलट गया था। जिसमें क्षेत्र के ग्राम पापरि निवासी 40 वर्षीय तारा देवी के दोनों पैर टूट गए थे। बीते दिवस भी हाइवे पर इन्हीं गड्ढों से बचने के चक्कर में दो बाईकें आमने सामने भीड़ गई। जिसमें दोनों बाइक सवार घायल हो गए। गड्ढों में तब्दील इस हाइवे पर आए दिन दुर्घटनाएं होने के बाद भी लोक निर्माण विभाग इन गड्ढों को समतल करवाने की जरूरत नहीं समझ रहा है। वहीं क्षेत्र के विकास का दावा करने वाले जनप्रतिनिधि भी इस हाइवे की मरम्मत के प्रति लापरवाह बने हुए हैं। ग्राम पंचायत जरियनपुर के तारापुर तिराहे और गंगा चौराहे पर दुकान चलाने वाले दुकानदारों ने लोक निर्माण विभाग के अफसरों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से हाइवे की शीघ्र मरम्मत करवाए जाने की मांग की है।



# मोहर्रम : जगह-जगह हुए लंगर

**स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर।** शुक्रवार को मोहर्रम की 10 तारीख को नगर मैं जगह-जगह पर लंगर आयोजित कर इमाम हुसैन की शहादत को याद किया गया बड़ी संख्या में लोगों ने लंगर में पहुंचकर फातिहा खाने के साथ मुल्क एवं कौम की अमन चैन खुशहाली एवं सलामती की दुआएं कर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया गया । मोहल्ला शेखान में समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव अनवर शादाब द्वारा आवास पर हर साल की तरह मोहर्रम की दसवीं तारीख को हुसैनी लंगर का आयोजन किया गया।असर की नमाज़ के बाद लगभग शाम 6 बजे फातिहाख्वानी से की गई। जिसमें मुल्क में अमन चैन और खुशहाली की दुआएं की गईं। इस मौके पर- हाफिज शिबू,हाफिज सरताज,हाफिज जैनुल,मुहीउद्दीन सिद्दीकी,इशराक सिद्दीकी,बिलाल अनवर,चेयरमैन रईस मियां,शहजाद खान,शोएब खान,सुहेल खान,आशिर अली,मो.अमान,निज़ाम अली,नज़ी दराज और बड़ी संख्या में हाफ़िज़ मौलाना एवं समाज के लोग शामिल हुए। वहीं नगर के मोहल्ला केले वाली चौपाल स्थित मरहूम मोहम्मद शमी रस्सी वाले के यहां प्रतिवर्ष की भांति दो दिवसीय लंगर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर हत्या कहानी में भाग लेकर लंगर चखा एवं इमाम हुसैन की शहादत को याद किया । फातिहा के दौरान मौलाना सोहेल कादरी, हाफिज ओ कारी, जान ए अली, सोशल वर्क ग्रुप के अध्यक्ष नजी दराज खान, आयोजक मोहम्मद इमरान खान, नन्हे रस्सी वाले, मोहम्मद अर्सलान, मोहम्मद फरहान, मोहम्मद अख्तर अहमद, दराज खान, शाह राज खान, इरशाद अहमद खान,बब्बू भाई,रबी दराज खान,सखी दराज खान, मोहम्मद अखलाक सहित बड़ी संख्या में लोग लंगर में शामिल हुए मुल्क एवं कौम की खुशहाली वअमन की दुआएं की एवं लंगर का स्वाद चखा।

# बिजली कटौती से परेशान किसानों ने किया प्रदर्शन

**सिंधौली शाहजहांपुर।** बिजली कटौती एवं लगातार विद्युत ट्रिपिंग से परेशान किसानों का तापमान गर्मी में हाई हो गया बिजली समस्या को लेकर सिंधौली क्षेत्र के किसान बेहद नाराज हैं। जर्जर तार टूटी लाइन फूंके हुए ट्रांसफार्मर विद्युत व्यवस्था की पहचान बन गए हैं क्षेत्र में लगातार बनी बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर शनिवार सुबह करीब 11 बजे किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष गुलजार सिंह के नेतृत्व में किसानों ने सिंधौली हाइडिल कार्यालय पहुंचकर अवर अभियंता (जेई) सुनील बाबू को समस्याओं से अवगत कराया। किसानों ने बताया कि चंदपई और सैजना रामपुर ताहरपुर गांव के ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही आरोप लगाया कि कई संविदा लाइनकर्मी किसानों के फोन नहीं उठाते, बल्कि कुछ अपने मोबाइल स्विच ऑफ कर लेते हैं। अवर अभियंता सुनील बाबू ने किसानों की शिकायतें सुनने के बाद संबंधित कर्मचारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि ट्रांसफार्मर समेत अन्य बिजली संबंधी समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाएगा तथा कर्मचारियों को किसानों के फोन का जवाब देने के निर्देश भी दिए । किसानों ने आरोप लगाया कि एसडीओ राजू को कई बार फोन करने के बावजूद उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। उनका कहना था कि कई किसान बिजली बिल और अन्य समस्याओं को लेकर संपर्क करना चाहते हैं, लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के कारण उन्हें निराशा हाथ लग रही है। इस दौरान किसान यूनियन के दूसरे गुट के जिला अध्यक्ष मुकुट बिहारी यादव, राजू गुप्ता, गुरजीत सिंह, रामदेव,कुलविंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, सरवन सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे।



# थाना समाधान दिवस में 11 शिकायतें पहुंचीं

**सिंधौली शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में कोतवाल रविंद्र सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बे से आए लोगों ने अपनी शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। समाधान दिवस में कुल 11 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें अधिकांश मामले राजस्व विभाग से संबंधित रहे। फरियादियों ने मेड़ विवाद, भूमि सीमांकन, कब्जे और अन्य राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग की। प्राप्त शिकायतों में से कुछ का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों और अधिकारियों को भेज दिया गया। कोतवाल रविंद्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने फरियादियों को आश्वस्त किया कि प्रत्येक शिकायत की गंभीरता से जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस में पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे अपनी समस्याएं समाधान दिवस में प्रस्तुत करें, जिससे उनका त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण कराया जा सके।

# बारातियों ने महिलाओं से की अभद्रता

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर/ परौर - शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र परौर में लडके की बग्गी पर उतारी जा रही आरती में बारातियों ने महिलाओं से की अभद्रता। बाराती एवं घराती में चले जमकर जूता चप्पल लड़की ने शादी से किया इनकार। दोनों पक्षों की थाने में चल रही है पंचायत। कस्बा परौर के पकड़ियां चौराहा निवासी प्रेम सागर शर्मा ने अपनी पुत्री की शादी जनपद बरेली ग्राम इटौलिया थाना फतेहगंज निवासी ओम शंकर शर्मा के लड़के प्रमोद शर्मा से की थी। शुक्रवार को बारात आई थी। लड़के के बग्गी पर स्वागत समारोह में महिलाएं आई थी। महिलाओं और बारातियों के बीच धक्का मुकक्की शुरू हो गई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में तनाव बढ़ गया एवं लात घूंसा जूता चप्पल चलने लगे। मामला थाने पहुंचा। लड़की आकांक्षा ने शादी से इनकार कर दिया। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों की समस्या का समाधान का प्रयास चल रहा था। थाने में बर एवं वधू पक्ष के किसी ने भी एक दूसरे के विरुद्ध कार्यवाही के लिए प्रार्थना पत्र नहीं दिया है।

# सिख गुरुद्वारा कोऑर्डिनेशन कमेटी की संयुक्त बैठक संपन्न

## अधिकारों की रक्षा के लिए बनेगा वकीलों का विधिक पैनल



**बंडा ।** उत्तर प्रदेश सिख गुरुद्वारा कोऑर्डिनेशन कमेटी की बरेली और लखनऊ मंडल की एक अत्यंत महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक शनिवार को गुरुद्वारा साहिब कार सेवा, बंडा में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न जिलों से आए सिख समाज के गणमान्य प्रतिनिधियों ने भारी संख्या में भाग लिया। इस दौरान संगठन का विस्तार करते हुए दर्जनों गुरुद्वारा प्रबंधन समितियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को कमेटी की विधिवत सदस्यता दिलाई गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संस्था के अध्यक्ष सरदार परविंदर सिंह एडवोकेट ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन की प्राथमिकताओं को बताते हुए कहा कि इस कमेटी का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश में निवास कर रहे 35 लाख से अधिक सिखों के दैनिक और सामाजिक जीवन की समस्याओं को हल करना तथा उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। सिख समाज को हर स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए कमेटी निरंतर सामूहिक प्रयास करेगी। अध्यक्ष ने आगे कहा कि गुरुद्वारा साहिब और अन्य सिख संस्थाओं को सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। साथ ही, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 से 30 के तहत सिखों के अधिकारों के अनुरक्षण और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए सिख अधिवक्ताओं का एक मजबूत विधिक पैनल तैयार किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष सरदार परविंदर सिंह द्वारा शाहजहाँपुर नगर व जिला, पीलीभीत, पूरनपुर, बीसलपुर, बिलसंडा, मझोला, कजरी, निरंजनपुर, बरेली महानगर व जिला, बदायूं, हरदोई महानगर व तहसील, तथा लखीमपुर, पलिया, महंगापुर, मोहम्मदी एवं मैगलगंज की गुरुद्वारा प्रबंधन समितियों व सिख सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को सदस्यता दिलाई गई। सदस्यता ग्रहण करने के बाद सभी ने समाज के हित में सदैव एकजुट रहने का संकल्प लिया। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मनदीप सिंह बालियां, प्रचार मंत्री कमलजीत सिंह, सतनाम सिंह, अजायब सिंह, अवतार सिंह राय, बोबी संधू, गुरविंदर सिंह, जसविंदर सिंह, बलदेव सिंह और जसबीर सिंह सहित भारी संख्या में सिख समाज के प्रतिनिधि और सेवादार उपस्थित रहे।

# ई-पंजीकरण व्यवस्था के विरोध में अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार जारी

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** सरकार द्वारा लागू की गई नई ई-पंजीकरण व्यवस्था के विरोध में शनिवार को बार एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों और स्टांप वेंडरों ने संयुक्त मोर्चा बनाकर रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने व्यवस्था को वापस लेने की मांग करते हुए अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार का ऐलान किया।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव एवं महामंत्री राहुल देव सागर की अध्यक्षता में आयोजित धरने में वक्ताओं ने कहा कि नई पंजीकरण व्यवस्था से अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों और आम जनता को अनेक व्यावहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।उनका कहना है कि सरकार बिना सभी पक्षों से विचार-विमर्श किए व्यवस्था लागू कर रही है, जिसका वे पुरजोर विरोध करते हैं।संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार इस व्यवस्था को वापस नहीं लेती, तब तक उनका धरना-प्रदर्शन और कार्य बहिष्कार लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।धरना-प्रदर्शन में जयओम गंगवार, दोदराम कुशवाहा, कुलदीप गुप्ता, कुलेंद्र यादव, अरविंद कुमार सक्सेना सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक, स्टांप वेंडर एवं संयुक्त मोर्चा के सदस्य मौजूद रहे।

## शराबी ने कोटेदार से किया गाली गलौज

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर/परौर -शाहजहांपुर।** शनिवार को प्रभारी निरीक्षक परौर को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में ग्राम बम्हौरा निवासी राजपाल कोटेदार ने बताया कि वह अपने लड़के के साथ तहसील कलान में काम से जा रहा था। गांव के बाहर गांव का ही बब्लू सिंह मिल गया तथा शराब के नशे में गाली गलौज करने लगा। गालियों का विरोध करने पर मारपीट को आमादा हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने कार्यवाही की मांग की है।

# अकीदत के साथ मनाया गया मोहर्रम

**बंडा।** मोहर्रम के पवित्र मौके पर बंडा में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भारी संख्या में एकत्रित होकर पारंपरिक रूप से ताजियों का जुलूस निकाला। इस दौरान करबला की जंग में शहीद हुए हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब के छोटे नवासे इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत को याद किया गया। हर साल की भांति इस बार भी बंडा में ताजियादार रुक्साद अंसारी, शरीफ, जान मोहम्मद शाहरुख शकील खान मुस्ताक अली सहित कई अन्य लोगों की देखरेख में ताजियों का भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस की शुरुआत मुख्य रूप से मोहल्ला मुरादपुर से हुई। इस जुलूस में मुरादपुर, खानकाह गौटिया, बृजपाल नगर, हाथी वाली गौटिया और बिराहिमपुर झांझरिया के ताजिए शामिल हुए। जुलूस के दौरान युवाओं और अकीदतमंदों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए और %या हुसैन%, %अल्लाह हू अकबर% व %नारे तकदीर% के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए ताजियों के जुलूस को पूरनपुर रोड स्थित करबला ले जाया गया, जहाँ अकीदत और गमगीन माहौल के बीच ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया। मोहल्ला मुरादपुर स्थित जामा मस्जिद के इमाम हजरत गुलाम नबी ने बताया कि मोहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना होता है, जिसके हिसाब से इस साल नए साल यानी 1448 हिजरी की शुरुआत हुई है। मोहर्रम के दसवें दिन लोग ताजियों का जुलूस निकालकर इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हैं और या हुसैन व अल्लाह हू अकबर के नारे लगाते हैं।



# हाईवे पर गाय आने से पिकअप खाई में गिरी

## चालक समेत तीन घायल, एक की हालत गंभीर

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** कटरा मंडी से आम खरीदने आ रहे व्यापारियों की पिकअप शनिवार तड़के कटरा के पास हाईवे पर अचानक गाय आ जाने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और एंबुलेंस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तिलहर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बाद में परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए उसे बरेली के एक निजी अस्पताल ले जाने का निर्णय लिया। जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश के भिंड जनपद के गांव मोह निवासी इरफान अपने साथी नीरज के साथ कटरा मंडी से आम खरीदने आ रहे थे। दोनों व्यापारी गांव लहर निवासी चालक अजय की पिकअप से यात्रा कर रहे थे। शनिवार सुबह करीब तीन बजे कटरा से कुछ पहले हाईवे पर अचानक एक गाय वाहन के सामने आ गई। उसे बचाने के प्रयास में चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और पिकअप सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के बाद राहगीरों ने तत्काल डायल-112 पुलिस और एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को वाहन से बाहर निकालकर एंबुलेंस के जरिए सीएचसी तिलहर भेजा।

सीएचसी में चिकित्सकों ने इरफान की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं चालक अजय और नीरज का भी उपचार किया गया। अजय ने बताया कि इरफान की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल ले जाया जा रहा है।पुलिस का कहना है कि घायलों का उपचार कराया गया है। मामले में तहरीर मिलने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सैकड़ों लीटर डीजल के साथ युवक हिरासत में

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** बंथरा डिपो से संचालित टैंकरों से डीजल चोरी की चर्चाओं के बीच शनिवार को तिलहर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को करीब 250 लीटर संदिग्ध डीजल के साथ हिरासत में लिया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि डीजल कहां से लाया गया और इस पूरे मामले में कौन-कौन लोग शामिल हैं।सीओ इशिका सिंह के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने शनिवार दोपहर करीब 12꞉45 बजे मुखबिर की सूचना पर बंथरा ओवरब्रिज के नीचे छापेमारी की। मौके से एक युवक को 50-50 लीटर की कैनों में भरे कई सौ लीटर डीजल के साथ हिरासत में लिया गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।सूचना मिलने पर आपूर्ति निरीक्षक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने बरामद डीजल का सैंपल लेकर जांच के लिए सुरक्षित किया। इसके बाद अधिकारियों ने थाने पहुंचकर मामले की जानकारी जुटाई और आवश्यक जांच-पड़ताल की।क्षेत्र में लंबे समय से बंथरा डिपो से आने वाले टैंकरों से डीजल चोरी कर अवैध रूप से बिक्री किए जाने की चर्चाएं होती रही हैं। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद इन चर्चाओं को लेकर एक बार फिर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।हालांकि, पुलिस ने अभी तक किसी संगठित गिरोह या डिपो कर्मियों की संलिप्तता की पुष्टि नहीं की है और मामले की जांच जारी है।सीओ इशिका सिंह ने बताया कि एक युवक को पांच कैनों में भरे करीब 250 लीटर डीजल के साथ हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है कि डीजल कहां से लाया गया और इस मामले में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं। जांच और पूछताछ में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# बेहतर पहल : शरबत के साथ पौधा भी दिया आने वाली पीढ़ी के लिए

## पर्यावरण संदेश के साथ मानवता सोसायटी ने किया शरबत-पौध वितरण



स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। पर्यावरण संरक्षण, जनसेवा एवं सामाजिक सरोकारों को समर्पित मानवता वेलफेयर सोसायटी ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ माह के अंतिम शनिवार को चिनौर तिराहा पर बड़ी संख्या में राहगीरों लिए शरबत एवं पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। भीषण गर्मी में लोगों को शीतल शरबत पिलाते हुए संस्था ने प्रेरक संदेश दिया शरबत आपके लिए, पौधा आपकी आने वाली पीढ़ी के लिए कार्यक्रम के दौरान संस्था सदस्यों ने राहगीरों एवं श्रमिकों को नीम, पीपल, बरगद, जामुन, नींबू, अमरूद,अर्जुन एवं अन्य छायादार एवं पर्यावरण हितैषी पौधों का वितरण कर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। यह पौधे वन विभाग के अपर सांख्यिकीय अधिकारी अनिल कुमार द्वारा उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में डीपीओ डा. विनय कुमार सक्सेना ने मानवता वेलफेयर सोसायटी की इस जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण की पहल की सराहना करते हुए सभी स्वयंसेवकों को नमामि गंगे की ओर से कैप भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने प्लास्टिक मुक्त शरबत एवं पौध वितरण अभियान की प्रशंसा करते हुए सभी नागरिकों से प्लास्टिक मुक्त जनपद के निर्माण में अपनी सहभागिता निभाने का आह्वान किया। शरबत वितरण के उपरांत संस्था के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम स्थल की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग रागिनी, यातायात उप निरीक्षक विनय पांडेय, प्रभाकर मिश्रा, नीरा श्रीवास्तव, दिव्यांशी मिश्रा, कृष्णा, मो. शादान, आकाश कुमार, कीर्ति तिवारी, वैष्णवी, अधिराज कुमार, सावंत , जीत कुमार एवं शगुन सक्सेना सहित अनेक स्वयंसेवकों का सराहनीय सहयोग रहा। संस्था संस्थापक अमित श्रीवास्तव ने कहा कि मानवता वेलफेयर सोसायटी समय-समय पर समाज हित में विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करती रही है। संस्था विशेष रूप से मानवता की पाठशाला के माध्यम से मलिन बस्तियों के बच्चों तक शिक्षा का उजियारा पहुंचाने, पर्यावरण संरक्षण,महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है, रहगीरों ने मानवता की इस पहल की सराहना की।

## समाचार एक नजर में

### शादी का झांसा देकर पांच साल तक दुष्कर्म का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** एक युवती ने मोहल्ला केलरगंज निवासी मोईस खान पुत्र मोबीन खान के खिलाफ शादी का झांसा देकर लंबे समय तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराया है।पीड़िता का आरोप है कि मोईस खान ने नाबालिग अवस्था से ही शादी का वादा कर करीब पांच वर्षों तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने यह कहकर इंकार कर दिया कि वह मुस्लिम लड़की से ही शादी करेगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।शुक्रवार रात करीब 9꞉45 बजे पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई।इसके बाद युवती का मेडिकल परीक्षण कराया गया।सीओ इशिका सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है युवती का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसे रविवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले की विवेचना जारी है।

### भीषण गर्मी में विद्यालय संचालन समय परिवर्तन को दिया ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहाँपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू के प्रकोप को देखते हुए छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था के हित में दो महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपे गए। महासंघ द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शाहजहाँपुर को प्रेषित ज्ञापन में मांग की गई कि वर्तमान भीषण गर्मी एवं लू को देखते हुए परिषदीय विद्यालयों का संचालन समय परिवर्तित कर प्रातः 7꞉30 बजे से दोपहर 11꞉00 बजे तक किया जाए, ताकि छात्र-छात्राओं को तेज धूप एवं लू के दुष्प्रभाव से बचाया जा सके।साथ ही अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड, शाहजहाँपुर को सम्बोधित ज्ञापन में विद्यालय संचालन अवधि के दौरान निर्बाध एवं पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई। महासंघ ने कहा कि भीषण गर्मी में पंखों, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के सुचारु संचालन के लिए विद्यालय समय में बिजली कटौती पूरी तरह रोकी जानी चाहिए, जिससे शिक्षण कार्य बिना किसी बाधा के संचालित हो सके।इस अवसर पर महासंघ के महामंत्री महेंद्र सिंह, संगठन मंत्री अंकुर त्रिपाठी विमुक्त, जिला मीडिया प्रभारी श्रेयश चंद्र सक्सेना, उपाध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता, आदित्य सिंह, अमित भटनागर, अमित गुप्ता, कर्मवीर सहित महासंघ के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जू.हाई स्कूल शिक्षक संघ ने की स्कूल समय परिवर्तन की मांग



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** उ.प्र.जू.हा. स्कूल शिक्षक संघ, ने जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा। जिसमें मांग की गई कि जनपद में तेज धूप व अत्यधिक हीट बेव को दृष्टिगत रखते हुए बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में समय परिवर्तन किया जाये क्योंकि इस समय तेज धूप एवं अत्यधिक गर्म हवाओं से जनजीवन अत्यधिक प्रभावित है। धूप बढ़ने के कारण उ0प्र0 के सभी जनपदों में सरकार द्वारा हीट बेव को लेकर अलर्ट जारी किया गया है वर्तमान में परिषदीय विद्यालयों का समय प्रातः 8꞉ बजे से दोपहर 2꞉बजे तक है।जिस कारण ग्रामीण क्षेत्र में पढ़ने वालें बच्चों एवं दूरस्थ क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। तेज धूप व अत्यधिक गर्मी के कारण छोटे-छोटे बच्चों के बीमार होने की सम्भावना है। कई जनपदों में समय परिवर्तित किया जा चुका है। तेज धूप एवं हीट बेव को देखते हुए परिषदीय विद्यालयों का समय प्रातः 7꞉30 से 12꞉00 बजे तक संचालित करने हेतु आदेशित किया जाए। ज्ञापन देने वालों में मगरेलाल जिलाध्यक्ष,चित्रेश यादव महामंत्री। मगरे लाल जिला अध्यक्ष, चित्रेश यादव महामंत्री, रमेश चंद्र जिला मंत्री, दिनेश गंगवार मंडल अध्यक्ष त्रिभुवन नाथ मंडलीय संयुक्त मंत्री, बबलू पाल संयुक्त मंत्री, अजय वर्मा आदि शामिल रहे।

# इंडियन ऑयल बॉटलिंग प्लांट में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, द्वारा जमौर स्थित इंडियन ऑयल बॉटलिंग प्लांट में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ददरौल की चिकित्सकीय टीम के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। कैंप में लगभग 200 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई मेडिकल हेल्थ कैंप का शुभारंभ कौशल कुमार पंकज मुख्य संयंत्र प्रबंधक इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड बॉटलिंग प्लांट जमौर एवं रेड क्रॉस के सचिव डॉ विजय जौहरी ने किया कार्यक्रम में अन्य अधिकारी गण विपुल कुमार (सीनियर मैनेजर प्लांट) वैभव शर्मा (मैनेजर एलपीजी सेफ्टी) दीपक पटेल (असिस्टेंट मैनेजर प्लांट) उपस्थित रहेइस शिविर में डॉ. रचना रस्तोगी, डॉ. जिया सिंह, किरन देवी, मधुबाला एवं अनुज कुमार सहित चिकित्सकीय दल अपनी सेवाएँ दी वहीं नेत्र परीक्षण की जिम्मेदारी अनुराग पांडे द्वारा निभाई गई नेत्र परीक्षण के दौरान जिन 45 वर्ष से अधिक आयु के लाभार्थियों को निकट दृष्टि ( रीडिंग ) के चश्मे की आवश्यकता चिन्हित की गई उन्हें निशुल्क चश्मा प्राप्त करने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ददरौल में रेफर किया गया इस अवसर पर रेड क्रॉस के पाती राम दीक्षित अवनीश सक्सेना, बृजेशगुप्ता , नवजोत सिंह आदि मौजूद रहे।

# किशनगंज अजमेर एक्सप्रेस में यात्री की हालत बिगड़ी

**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** ट्रेन नम्बर 15715 किशनगंज से चलकर अजमेर जाने वाली किशनगंज एक्सप्रेस के कोच नंबर-1 बर्थ नंबर चार पर ताहिर अहमद किशनगंज से अजमेर जा रहे थे लखनऊ से चलने के बाद ताहिर अहमद के 3꞉30 साल के बच्चे की हालत बिगड़ गई ताहिर अहमद ने ट्रेन में चले टीटी को बताया टीटी ने कंट्रोल को बताया कंट्रोल के आदेश को ट्रेन को शाहजहांपुर में रोका गया जहां डॉक्टर राजेंद्र माथुर सोमवीर और दाधीच कुमार ने प्राथमिक उपचार किया उसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया।

# सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन, बागपत कांड पर फांसी की मांग



**शाहजहांपुर।** विश्व हिन्दू महासंघ (भारत) गौरक्षक प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बागपत के सिखेड़ा थाना क्षेत्र में 3 वर्षीय ओबीसी बच्ची के साथ हुई घटना पर आक्रोश जताते हुए फास्ट ट्रैक ट्रायल और दोषी को फांसी की मांग की गई। ज्ञापन के अनुसार, 15 जून को जनपद बागपत, ग्राम सिखेड़ा, थाना सिंघावली अहीर में 3 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। आरोपी के खिलाफ थाना सिंघावली अहीर में मुअसं 204/26 दर्ज है। बच्ची का इलाज मेरठ के अस्पताल में चल रहा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि पीड़ित परिवार पर राजीनामा का दबाव बनाया जा रहा। मंडल अध्यक्ष संजय कुमार भारती ने कहा, ट्ठयह घटना अत्यंत शर्मनाक और हृदय विदारक है। पूरे प्रदेश का ओबीसी समाज आक्रोशित है। सरकार दोषी को जल्द से जल्द फांसी दे और पीड़ित परिवार को सुरक्षा व मुआवजा दे। अगर त्वरित कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन व्यापक आंदोलन को बाध्य होगा। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सक्सेना ने बताया, ट्ठहमने डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री से फास्ट ट्रायल चलाकर 30 दिन में दोषी को सजा दिलाने की मांग की है। आरोपी के परिवार द्वारा पीड़ित पर दबाव बनाया जा रहा है, प्रशासन तुरंत संज्ञान ले। जोगी समाज में भारी रोष है। न्याय में देरी अन्याय है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मंडल अध्यक्ष संजय भारती व जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सक्सेना के नेतृत्व में पवन कुमार, अनिल सक्सेना, भानु प्रताप, उत्कर्ष सक्सेना, गंगादिन कश्यप समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगठन ने चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने पर शाहजहांपुर से बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# गुजरात से लौटे युवक की उपचार के दौरान मौत

**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहाँपुर**

थाना खुदागंज क्षेत्र के ग्राम भर्री बसंतपुर निवासी 18 वर्षीय युवक की उपचार के दौरान मौत हो जाने से पूरे परिवार में मातम छा गया। मेहनत-मजदूरी कर परिवार का सहारा बनने गुजरात गया युवक अचानक जिंदगी की जंग हार गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम भर्री बसंतपुर निवासी प्रवीन कुमार (18) पुत्र मथुरा प्रसाद अपने बड़े भाई के साथ गुजरात में रहकर मजदूरी करता था। करीब 15 दिन पहले काम के दौरान उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। स्वास्थ्य लगातार खराब रहने पर वह अपने गांव लौट आया, जहां कुछ दिन तक उसका उपचार चलता रहा। बताया जा रहा है कि 22 जून को उसकी हालत एक बार फिर गंभीर हो गई। परिजन तत्काल उसे बरेली के मिशन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए जवाब दे दिया। इसके बाद परिजन उसे जिला अस्पताल शाहजहाँपुर लेकर पहुंचे, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह जिला नियंत्रण कक्ष से व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना मिलने पर थाना खुदागंज पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, ताकि मृत्यु के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सके। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला बीमारी के चलते हुई मृत्यु का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के दौरान क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पूरी तरह सामान्य रही।

# महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ कांग्रेस : सुधा


## महिला आरक्षण लागू करने को लेकर राष्ट्रीय सचिव ने ली बैठक

**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर महिला कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव डॉ सुधा प्रसाद महिला आरक्षण के मुद्दे को लेकर महानगर पहुंची। जहां उनका कांग्रेस जिला अध्यक्ष अर्चना कटारिया ने हार फूल व पगड़ी पहना कर स्वागत किया। कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव डॉ सुधा प्रसाद ने ज़िला महिला कांग्रेस की बैठक ली। जिसमें अभी तक हुए कार्यक्रमों की समीक्षा व आगामी कार्यक्रमों को की रूप रेखा विस्तार से साझा की डॉ सुधा प्रसाद ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए महिला कांग्रेस बूथ स्तर तक मजबूत करना होगा क्योंकि आधी आबादी का वोट चुनाव में अहम रोल रखता है। उन्होंने कहा कि तत्काल महिला आरक्षण लागू किया जाना चाहिए ताकि महिलाओं को भी समान प्रतिनिधित्व मिल सके। डॉ सुधा ने बताया कि महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर महिला आरक्षण तत्काल लागू किए जाने को लेकर 9133400200 पर मिस्ड कॉल अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा पोस्ट कार्ड व हस्ताक्षर अभियान चला कर केंद्र सरकार पर दबाव बना कर महिला आरक्षण को लागू करने की मांग करेंगे। इसके साथ साथ हम सड़क और संसद में भी आधी आबादी के पूरे हक देने की आवाज़ को नेता प्रतिपक्ष आदरणीय राहुल गांधी जी लोकसभा में जोरदार तरीके से उठा रहे है। आगे उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक अत्याचार,बलात्कार,अपहरण महिलाओं पर हो रहे है। प्रदेश की भाजपा सरकार महिला विरोधी है। और महिलाओं के शोषण के मामलों में भाजपा के ही नेता शामिल है। महिला कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष अर्चना कटारिया ने कहा कि बढ़ती मंहगाई ने आम महिलाओं की कमर तो? कर रख दी है। किचन में महिला आंसू बहाती नजर आती है। लेकिन कांग्रेस पार्टी हर मोर्चे पर महिलाओं की आवा? को उठाती रहेगी। कही पर भी किसी भी महिला पर अत्याचार होगा तो महिला कांग्रेस वहां चट्टान की तरह खड़ी नजर आएगी। बैठक में प्रमुख रूप से रानी पांडे,नूरे सहर बी,शबनम बेगम,सीमा,कमला,रेनू, जितेंद्री मिश्रा,सकीना, हुस्नारा,फरजाना, नफीस बी, शाहीन, गीता, बेबी, महुर्ननिसा कायनात, जोया, नाज़िया, पुवाया कांग्रेस अध्यक्ष आशीष तिवारी, ज़िला सचिव कुलदीप गुप्ता,राहुल मौर्या,देवदर्शन सहित दर्जनों महिला कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रही। बैठक को पीसीसी सदस्य तनवीर सफदर,अरुणोद मिश्रा,दलित कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम कठेरिया, एनएसयूआई अध्यक्ष रफी उल हसन ने भी संबोधित किया। संचालन उपाध्यक्ष प्रभारी संगठन फुरकान अहमद कुरैशी ने किया।

# दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

**पुवायां।** नगर के मोहल्ला कसभरा आढ़त निवासी नीतू बाजपेई पुत्री सत्य प्रकाश बाजपेई ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी एक गाय हैं। जो घर में खाली जगह पड़ी है उसमें में बंधी रहती है। किसी बच्चे ने उसका गेट खोल दिया। जिससे गाय बाहर आ गई। जिससे उसे किसी ने रामलीला मैदान की तरफ भगा दिया। जहां खुटार थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर सजनिया निवासी संदीप सिंह पुत्र सुखदेव सिंह तथा सुखदेव सिंह पुत्र चढ़त सिंह ने बुरी तरह मारा पीटा। जिससे गाय को काफी छोटे आई। इसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# बिजली की समस्या को लेकर किसानों का धरना जारी



स्वतंत्र भारत निगोही-शाहजहांपुर। निगोही पावर हाउस केंद्र पर तैनात अधिकारीयों व कर्मचारियों की लापरवाही के चलते नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र की जनता बिजली कटौती से परेशान हैं ! क्षेत्र की खेती-किसानी प्रभावित हो रही है! धान लगाई जाने का समय है बिजली के बगैर पानी की समस्या खड़ी है! किसानों के घर से लेकर बाहर खेती किसानी की दुर्दशा को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन (अराज नैतिक)गुट बरेली मंडल महासचिव देवेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत यूनियन कार्यकर्ता 26 जून के दिन समय 11꞉00 बजे पावर हाउस पहुंचे संबंधित अधिकारियों से बिजली की आंख मिचौली व लगातार हो रही क्षेत्र में बिजली की कटौती के संबंध में अवगत कराया किसान यूनियन की भारी भीड़ के चलते उच्च अधिकारियों एवं पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मौके पर पहुंचे सीओ सदर ने एक्सईएन से बात करते हुए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स मौके पर तैनात किया है 26 जून के दिन धरना स्थल पर पहुंचे एक्सईएन प्रबुद्ध राजपूत ने यूनियन को 5 दिन के अंदर समस्या समाधान का लिखे आश्वासन दिया तत्काल यूनियन ने 8 सूत्रीय मांग पत्र दिया जिसमें सबसे अहम मांग 4 साल पूर्व मंजूरी सडा खास में पावर हाउस की मंजूरी मिली थी जिसका भवन भी तैयार है जेई तैनाती भी हो गई है फिर भी पावर हाउस शुरू न होने से किसान यूनियन नाराज है! देवेंद्र सिंह का कहना है जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक शांतिपूर्वक धरना चलता रहेगा पहले दिन देवेंद्र पाल सिंह माधुरी सिंह कुशवाहा लक्ष्मण प्रसाद रामसेवक प्रजापति राम सिंह बैठे! दूसरे दिन लक्ष्मण प्रसाद वर्मा राज्यपाल यादव श्री कृष्णा देवेंद्र पाल सिंह मंडरी कुशवाहा के अलावा क्षेत्र के तमाम किसान मौजूद रहे!


# सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला तहरीर देकर लापता

**स्वतंत्र भारत पुवायां शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने पुलिस को सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए तहरीर दी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज कराने और मेडिकल परीक्षण की प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही वह थाने से चली गई। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन देर शाम तक उसका पता नहीं चल सका। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 25 जून को पुवायां क्षेत्र के एक गांव के परिचित युवक ने उसे फोन कर बुलाया था। आरोप है कि दोपहर में तीन लोग उसे कार से एक बंद पड़े फार्महाउस पर ले गए, जहां तीनों ने धमकी देकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला का यह भी आरोप है कि वहां मौजूद एक नौकर ने उसके साथ छेड़छाड़ की। बाद में आरोपी उसे कार से पुवायां-खुटार हाईवे पर छोड़कर धमकाते हुए बस में बैठाकर शाहजहांपुर भेज गए। महिला पुलिस से आरोपियों को तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ करने और घटनास्थल पर चलने की मांग कर रही थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने और मेडिकल परीक्षण की तैयारी शुरू की, लेकिन इसी दौरान महिला थाने से चली गई। बताया जा रहा है कि वह खुटार थाने में भी शिकायत करने पहुंची थी। इसके बाद उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस उसकी ओर से दी गई तहरीर और लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है। पहले भी लगा चुकी है आरोप पुलिस के अनुसार, इसी महिला ने एक जून को एक संविदा स्वास्थ्यकर्मी पर शादी की बात छिपाकर पत्नी की तरह साथ रखने का आरोप लगाया था। हालांकि 5 जून को उसने लिखित बयान देकर बताया था कि वह उक्त स्वास्थ्यकर्मी के साथ अपनी इच्छा से पत्नी के रूप में रह रही थी तथा दोनों के बीच सवा लाख रुपये के समझौते के बाद संबंध समाप्त हो गए थे। पुलिस का कहना है कि नए मामले की भी सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

*सीओ पुवायां प्रवीण मलिक ने बताया कि महिला ने यूपी-112, सदर और सिंधौली थाने को भी कॉल कर सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में कार्रवाई की मांग की थी। वह खुटार थाने में भी शिकायत करने गई थी। इसके बाद पुवायां थाने में तहरीर देकर कहीं चली गई। फिलहाल तहरीर की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।*

# राम कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है : अरविंद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** विधायक अरविंद सिंह ने अपने पैतृक ग्राम ढकिया परवेजपुर स्थित शिव शक्ति धाम में आयोजित श्री राम कथा के शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा एवं पूजन किया। कलश यात्रा में माताओं-बहनों की श्रद्धा और भक्ति का अलौकिक दृश्य मन को आनंदित कर गया। व्यासपीठ से श्री राम कथा का श्रवण कर प्रभु श्री राम के चरणों में शीश नवाया एवं समस्त ददरौल क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि राम कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। ऐसी धार्मिक आयोजनों से गाँव में सकारात्मक ऊर्जा एवं सांस्कृतिक एकता का संचार होता है। उन्होंने आयोजन समिति एवं ग्रामवासी ढकिया परवेजपुर को इस आयोजन के लिए बधाई एवं साधुवाद दिया।तथा क्षेत्र वासियों से भरी संख्या में पहुंच कर पुण्य। के भागीदार बनने की अपील की है।



# 37 बसों की चेकिंग में 2 के चालान



**शाहजहांपुर।** परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश महोदय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रवर्तन) बरेली एवं यातायात पुलिस के साथ दिनांक 27 व 28 को दो दिवसीय संयुक्त अभियान में 27 जून को सघन प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के अन्तर्गत लगभग 37 बसों की चेकिंग की गयी जिसमें 2 बसों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गयी। साथ ही एक वाहन पर अनाधिकृत रूप से राजनितिक दल का झण्डा एवं हूटर हटवाया गया। इसके अतिरिक्त ओवर स्पीडिंग, ड्रन्क एण्ड ड्राइव, बिना फिटनेस, बिना परमिट, माल वाहन में यात्री वाहन, एचएसआरपी, बिना ,धुंधली नम्बर प्लेट, ओवरलोड माल / यात्री वाहन एवं अवैध पार्किंग में 63 वाहनों के चालान किये गये। अभियान में प्रणव झा सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रवर्तन) बरेली, हरिओम, एआरटीओ (प्रवर्तन) शाहजहाँपुर, आर पी गौतम, यात्री मालकर अधिकारी, अरूण कुमार सहायक क्षेत्रिय प्रबन्धक , तथा यातायात पुलिस विभाग के बच्चू सिंह यातायात निरीक्षक, पूरन सिह यातायात उप निरीक्षक यातायात अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। जनपद के समस्त वाहन स्वामियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी वाहन को नियम के विरूद्ध संचालन कदापि न किया जाये यदि नियम विरूद्ध (ओवरलोड, कर बकाया आदि) वाहन संचालित पायी जाती है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही जारी होगी।

# सांसद प्रतिनिधि गौरव पत्नी सहित सड़क हादसे में घायल

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर।** परिवार के कार्यक्रम में दावत खाकर वापस घर लौट रहे मोटरसाइकिल सवार सांसद प्रतिनिधि गौरव प्रताप राघव व उनकी पत्नी काले रंग की एक स्कॉर्पियो की चपेट में आकर सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से दोनों पति-पत्नी घायल हो गए वहीं इस घटना से आक्रोशित लोगों ने स्कार्पियो चालक की जमकर पिटाई कर दी जिससे वह भी घायल हो गया सभी घायलों को पुलिस द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया व दोनों की ओर से तहरीर दी गई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बे के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी अरुण कुमार सांसद के प्रतिनिधि गौरव प्रताप सिंह राघव शुक्रवार देर शाम मोटरसाइकिल पर सवार पत्नी के साथ घर लौट रहे थे वह पारिवारिक एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए गए थे जैसे ही वह नगर स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पास पहुंचे पीछे से आई तेज रफ्तार ब्लैक कलर की स्कार्पियो ने कट मार दिया जिससे दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए इस मामले में कोई कुछ समझ पाता तब तक लोगों ने स्कार्पियो चालक को थोड़ी दूरी पर पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया और स्कॉर्पियो भी क्षतिग्रस्त हो गई। स्कॉर्पियो चालक मूल निवासी ग्राम रूपापुर हाल निवासी ग्राम दिबियापुर अजय प्रताप सिंह चौहान पुत्र संतराम सिंह चौहान बताए गए हैं जो शाहजहांपुर भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक हैं और प्रतिदिन अपनी गाड़ी से आते व जाते हैं घायल हुए दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को तहरीर दे दी गई है वहीं पुलिस ने प्राथमिक उपचार के लिए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया बुजुर्ग में भर्ती कराया है। इधर कोतवाल अरविंद सिंह चौहान से पूछने पर उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई हैं जिस पर छानबीन की जा रही है पड़ताल के बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएगी फिलहाल दोनों पति-पत्नी व स्कार्पियो चालक को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है।



# सेवा कार्यों के लिए लायंस क्लब शक्ति के पदाधिकारी सम्मानित

**शाहजहांपुर।** लायंस क्लब शक्ति द्वारा सत्र 2025- 26 के अंतिम माह की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें सबसे पहले ध्वज वंदना की गई उसके बाद लखनऊ के अलीगंज अग्निकांड में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्ष ललिता यादव ने शस्त्र 2025 -26 में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए जो मल्टीप्ल अवार्ड क्लब को मिले उसके लिए सभी मेंबर्स को धन्यवाद किया। क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन सपना लायन कमल नारंग ने गत वर्ष में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला तथा पी एस टी द्वारा किए गए सेवा कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित किया तथा पूरे वर्ष एक्टिविटी में सहयोग करने के लिए शुभांगी गुप्ता को भी सम्मानित किया गया इसके साथ ही शस्त्र 2026-27 के लिए सभी मेंबर्स के सर्वसम्मत से दोबारा चुनी गई अध्यक्ष ललिता यादव सचिव लायन प्रियंका बियानी कोषाध्यक्ष लायन शुभांगी गुप्ता को चार्टर अध्यक्ष लायन गुरजीत कौर ने माला पहनाकर स्वागत किया तथा सेवा कार्य करने के लिए शपथ दिलाई। इस मीटिंग में अध्यक्ष ललिता यादव चार्टर अध्यक्ष गुरजीत कौर सचिव प्रियंका बियानी कोषाध्यक्ष शुभांगी गुप्ता , हिमानी तथा क्लब के सभी मेंबर्स मौजूद रहे।




# पिटाई से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**निगोही-संवाददाता।** थाना निगोही के सीमावर्ती थाना खुदा गंज के गांव भर्रीबसन्तपुर में चार दिन पहले पडोस की महिला ने युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया था। पिटाई से गम्भीर रूप से घायल युवक की चार दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया! मौके पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा बाद शव गांव को पहुंचा, तो परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। भाई ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। थाना खुदागंज के भर्रीबसन्तपुर गांव निवासी मथुरा प्रसाद के पांच बेटे और दो बेटी है। बडे बेटे ओमप्रकाश और परवीन गुजरात में नौकरी करके अपने परिवार का पेट पाल रहे थे। पिता मथुरा भी थोडा-बहुत काम कर लेते है। 15दिन पूर्व तवियत खराब होने की बजह से परवीन( 19 )घर चला आया। 22जून की दोपहर परवीन घर के बाहर पाकड के नीचे लेटा था,तो पडोस की एक महिला ने उसको जमकर पीटा। इस पिटाई से परवीन गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे बरेली के निजी अस्पताल ले गये। इलाज के दौरान आज उसकी मौत हो गई। पीएम के बाद शव आज गांव पहुंचा,तो कोहराम मच गया। आरोपी महिला की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनो ने देर शाम तक शव को घर में रख अंतिम संस्कार नही किया। भाई ओमप्रकाश ने घटना की तहरीर खुदागंज पुलिस को दी। पुलिस ने जांच के बाद कार्यवाई का आश्वासन दिया, फिर भी परिजनो ने शव का अंतिम संस्कार नही किया।



# ब्लाक प्रमुख के निर्देश पर वाटर कूलर हुआ ठीक

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** विकासखंड परिसर जलालाबाद में काफी दिनों से खराब चल रहे वाटर कूलर को ब्लॉक प्रमुख लता सिंह के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि जोनू सिंह चौहान ने वाटर कूलर को विधिवत संचालित करा दिया है जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है। अधिकतर खराब पड़ा रहने वाला यह वाटर कूलर ठीक होने के बाद कितने दिन चल पाएगा इस बात की कोई गारंटी नहीं है लेकिन ब्लॉक प्रमुख लता सिंह ने सख्त निर्देश दिए हैं कि भीषण गर्मी में जैसे भी हो जो भी हो ब्लॉक आने वाले फरियादियों को पानी की उपलब्धता में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। फिलहाल वाटर कूलर सुचारु होने के बाद ब्लॉक परिसर में आने वाले लोगों ने राहत की सांस ली है ठंडा पानी पीकर उनकी आत्मा प्रसन्न हो गई। इधर खंड विकास अधिकारी विकास किशोर ने इससे पूर्व वाटर कूलर खराब होने के उपरांत तत्काल ठीक करवाने के निर्देश दिए थे और वाटर कूलर ठीक हो गया था लेकिन किन्हीं कारणों से दोबारा खराब हो गया जिसका एक मुख्य कारण विकासखंड परिसर में बंदरों का जमावड़ा भी माना जा रहा है। लोगों ने ब्लॉक परिसर में बंदरों के जमाने से मुक्ति दिलाने की मांग की है ताकि वाटर कूलर ही नहीं परिसर में खड़े होने वाले वाहनों को बंदरों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने से बचाया जा सके।



# स्थगन आदेश के बावजूद कर लिया जमीन पर कब्जा

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर/परौर -शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र परौर में कोर्ट के इस्थग्न आदेश के बाद भी दबंगों ने जमीन जोत कर कब्जा कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक परौर को पीड़ति ने दिया शिकायती प्रार्थना पत्र। थाना प्रभारी निरीक्षक परौर को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में ग्राम पृथ्वीपुर कुबेरपुर निवासी खुशीराम ने बताया कि उनका गांव के एक व्यक्ति से जमीन का विवाद चल रहा था। उन्होंने सिविल कोर्ट जलालाबाद में बाद दायर किया था। जिसमें 22 7.2026 तक का स्थगन आदेश था कि दो में से कोई भी पक्ष जमीन पर अपना कब्जा नहीं करेगा। जबकि दूसरे पक्ष के अनिल एवं सचिन ने जमीन को जोत कर कब्जा कर लिया है। पीड़ति खुशीराम ने थाना प्रभारी निरीक्षक को प्रेषित प्रार्थना पत्र में कार्यवाही की मांग की है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की फांसी के फंदे पर लटककर मौत

## कथावाचक टीम में ढोलक व चिमटा बजाने के काम से नाराज रहती थी पत्नी

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पर कोतवाल अरविन्द सिंह चौहान मय फोर्स के मौके पर पहुंचे व घटना स्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नायब तहसीलदार की उपस्थिति में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना जलालाबाद के गांव मझरा निवासी सुरजीत की पत्नी मीनू उम्र 22 वर्ष ने शुक्रवार की शाम लगभग 5:00 बजे कमरे के किबाड़ अन्दर से बन्द करके छत के कंडे में दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे में लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त पति खेत पर चारा लेने गया था घर के अन्य लोग इधर-उधर थे। मृतका के पिता थाना पचदेवरा हरदोई के गांव मनभावन निवासी अनिल कुमार यादव को सूचना दी देर शाम पहुंचे पिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में हुई बेटी की मौत की सूचना पुलिस को दी। इससे पहले ससुरालयों ने शव को कमरे का दरवाजा तोड़कर मृतका मीनू को फंदे से उतार कर एक निजी अस्पताल में दिखाया था वहां उसे मृत घोषित किया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतका का पति कथावाचक टीम के साथ रहता है और कथा में चिमटा व ढोलक बजाने का काम करता है पत्नी इस बात से नाराज चल रही थी पत्नी का कहना था कि जो भी काम करना है अपने घर पर रह कर करो कथावाचक टीम के साथ पति महीनों घर नहीं आता था। तीन साल पहले शादी हुई थी संतान कोई नहीं है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर व पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जश्ने शहीद ए आजम कॉन्फ्रेंस व जलसा आज

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** अजीमो शान सालाना जलसा एवं जश्ने शहीद ए आजम कॉन्फ्रेंस का आयोजन रविवार को कस्बे के मोहल्ला यूसुफजई स्थित चौपाल वाली मस्जिद ग्राउंड में 28 जून रविवार देर शाम आयोजित किया जाएगा जिसमें मदरसा रजा-ए-मुस्तफा के पास आउट छात्रों की दस्तार बंदी की जाएगी। मदरसे के प्रिन्सिपल आलिम मौलाना मोहम्मद रिजवान खान ओवैसी ने बताया कि रविवार बाद नमाजे ईशां मुनक्दि होने वाले इस जलसे में दूर दराज से उलेमा-ए-इकराम तशरीफला रहे हैं उन्होंने तमाम इस्लामी भाइयों से गुजारिश करते हुए दस्तार हिफ्जुल कुरान के अजीमोशान मंजर के गवाह बनने और दूर दराज से तशरीफ़ला रहे उलेमा व शोहरा हजरात के बयानात को सुने और ज्यादा से ज्यादा तादाद में उपस्थित होकर सवाबे दारैन हासिल करें।



# मैदाने करबला में तड़के सुपुर्दे खाक हुए ताजिए

## सुरक्षा के पुख्ता इन्तजाम और अधिकारियों की कड़ी निगरानी रही

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** शनिवार को आज जलालाबाद के गांव याकूबपुर के रक्बे में करबला परिसर में ताजियों को सुपुर्दे खाक किया गया। इससे पूर्व शुक्रवार की रात नगर के सभी छोटे बड़े ताजियों के एक बड़े जुलूस ने कस्बे के मोहल्ला गौसनगर, वर्कजई, युसुफजई, बगिया, नवीननगर मोहल्लों और रामताल रोड होते हुए गलियों में रात भर गश्त किया, रात भर मातमी धुन बजती रही, जायरीन धीरे-धीरे ताजियों के साथ रेंगते रहे 'या हुसैन शहीद-ए-करबला' के नारे बुलन्द करते हुए प्रातः करीब छः बजे करबला पहुंचे जहां तजियों को सुपुर्दे खाक किया गया। याकूबपुर गांव के प्रधान राजीब कुमार शर्मा ने बताया मोहर्रम की 11 तारीख को सुबह तड़के प्रति वर्ष गमगीन माहौल में गांव के रक्बे में बनी करबला में पूरी अकीदत और अहतराम के साथ ताजिए सुपुर्दे खाक करते हैं। इस अवसर पर एसडीएम प्रभात राय, पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव, कोतवाल अरविन्द सिंह चौहान, क्राइम इन्स्पेक्टर रवि शंकर सिंह यादव की निगरानी में मोहर्रम का त्योहार शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ सुरक्षा के पुख्ता इन्तजाम रहे।



# लो वोल्टेज, विद्युत कटौती को लेकर भाकियू का बिजली उपकेंद्र पर धरना

## किसानो के चक्का जाम करने की सूचना पर सीओ, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, विद्युत उपकेंद्र पर फोर्स तैनात,

**स्वतंत्र भारत खुटार।** रामपुर कलां विद्युत उपकेंद्र पर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष संदीप सिंह व बरेली मंडल अध्यक्ष मनजीत सिंह धालीवाल, के नेतृत्व में तमाम किसानों ने लो वोल्टेज और कटौती की समस्या को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया। बताते चलें कि 3 दिन पूर्व भारतीय किसान यूनियन द्वारा लो वोल्टेज विद्युत कटौती को लेकर रामपुर कलां विद्युत उपकेंद्र पर धरना प्रदर्शन किया था। जिस पर एसडीओ व जेई द्वारा तीन दिन का समय मांगा गया था। तीन दिन बीत जाने के बाद भी विद्युत समस्या में कोई भी सुधार न होने पर शनिवार को दर्जनों किसान नेता व किसान रामपुर कलां विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचे और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिसमें किसान यूनियन द्वारा कहा गया कि विद्युत समस्या का निराकरण नहीं होगा तो वह लोग रोड पर चक्का जाम भी करेंगे। जिस पर सीओ प्रवीण मलिक, थाना प्रभारी अरविंद कुमार भारी पुलिस बल लेकर विद्युत उपकेंद्र पर पहुंच गए। और किसान नेताओं से वार्ता भी की लेकिन किसान विद्युत समस्या के समाधान पर अड़े रहे। थोड़ी देर बाद विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचे नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी, विद्युत एक्सईएन पुनीत निगम, एसडीओ कुमार हरेंद्र राहुल,जेई जितेंद्र कुमार शर्मा ने मौके पर पहुंचकर किसानों की समस्याओं को सुलझाने का आश्वासन देने लगे। लेकिन किसान यूनियन व किसानों ने अधिकारियों से कहा कि जब तक समस्या का हल नहीं होगा तब तक वह लोग धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं करेंगे। धरना प्रदर्शन दोपहर 10 बजे से शुरू हुआ लेकिन किसी भी समस्या का हल न निकल पाने पर धरना प्रदर्शन अनिश्चितकालीन के लिए कर दिया गया।साथ ही समाधान न होने पर ठोस निर्णय लेने की चेतावनी दी है।

शनिवार दिन में दस बजे भाकियू के जिलाध्यक्ष संदीप सिंह व मनजीत सिंह धालीवाल के नेतृत्व में तमाम किसान रामपुर कलां विद्युत उपकेंद्र पर एकत्र हुए। वहां बिजली विभाग की लचर व्यवस्था के चलते धरना प्रदर्शन शुरू किया। जिलाध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि रामपुर कलां, सिकलापुर, केसरपुर, नवदिया प्रेमराज, माधौपुर, टाहखुर्द कलां, ढाका खुर्द कलां, चमराबोझी, कुर्रेया खानपुर, लक्ष्मीपुर, दिलीपपुर, मानपुर, नवाजपुर, सिकंदरपुर, पुरैना, भीमपुर, कैहमारिया आदि गांवों में लो वोल्टेज और कटौती की समस्या बनी हुई है। इससे खेत में लगे नलकूप नहीं चल पा रहे है। फसलों की सिंचाई के लिए किसान परेशान है। फसलें सूख जाने का डर भी है। उधर धान की रोपाई भी हो रही है। जिससे पर्याप्त पानी न मिल पाने के कारण धान की रोपाई लगातार प्रभावित होती जा रही है। विभाग के अधिकारियों को मोबाइल फोन व पत्रों से जानकारी दी जाती है। इसके बावजूद ध्यान नहीं दिया जा रहा है। किसानों को मजबूरन धरना प्रदर्शन करना प?ा। हंगामे के बीच नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी, एक्सईएन पुनीत निगम, एसडीओ कुमार हरेंद्र राहुल ने जेई जितेंद्र शर्मा के साथ धरना स्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने किसानों से बातचीत की। एक्सईएन पुनीत निगम से मांगे पूरी नहीं होने पर क?ा विरोध करने की चेतावनी दी है। धरना प्रदर्शन में किसानों का आरोप था कि बड़ागांव से बिजली जब तक विद्युत उपकेंद्र रामपुर कला को आती रही तब तक लो वोल्टेज, कटौती की समस्या उत्पन्न नहीं होती थी। जब से बंडा से बिजली सप्लाई हुई है तब से किसानों को लो वोल्टेज, कटौती से लगातार जूझना पड़ रहा है। किसान नेताओं ने ज्ञापन में बताया कि बंडा फीडर व बड़ागांव फीडर से आधी आधी विद्युत सप्लाई दी जाए जिससे समस्या का समाधान तत्काल हो जाएगा। अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में जिला महासचिव दलजीत सिंह जज, सुखविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह, रणधीर सिंह, हरमन सिंह, तरसेम सिंह, परविंदर सिंह, अंकित शर्मा, सतनाम सिंह, जीत सिंह, राजा सिंह, निरंकार सिंह, गौरव शुक्ला जसविंदर सिंह, गुरमेज सिंह, दर्शन सिंह, जसपाल सिंह, मंजीत सिंह मल्ली, रियाउद्दीन खान, ऐश मोहम्मद, गुरमुख सिंह, सुखदेव सिंह,आदि किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# रोजा जंक्शन पर हुआ मॉक ड्रिल

**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** रेलवे स्टेशन पर हुआ मॉक ड्रिल हुआ। मुरादाबाद से आए सेफ्टी टी सुरक्षा टीम ने रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर खतरे के चार बड़ी सिटी एक छोटी सीट लगवाई और यह सूचना दी गई रोज सीतापुर ब्रांच लाइन पर गेट संख्या 8 के पास मालगाड़ी से ट्रैक्टर ट्राली टकरा गई खतरे के सायरन सुनते ही अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप बज गया एक्सीडेंट रिलीज बोर्न 15 नंबर लाइन से निकलकर 29 नंबर लाइन ले जाया गया जहां इंचार्ज लोको स्पेक्टर उत्तर रेलवे स्वास्थ्य निरीक्षक डीएम और रोजा दलबल के साथ पहुंचे और उसके बाद सभी अधिकारियों ने एक दूसरे से वार्ता की और जांच की उसके बाद एक सायरन बजाकर टीम को वापस किया गया यहां बताते चले रेलवे स्टेशन पर पहुंचने वाली सर्वप्रथम मेडिकल टीम थी लोको स्पेक्टर वीरेंद्र झा सीनियर सेक्शन इंजीनियर यातायात में निरीक्षक स्टेशन अधीक्षक रेल पत्र निरीक्षक सहित कई अधिकारी मौके पर उपस्थित थे।

# वकीलों की कलम बन्द हड़ताल ने पकड़ा तूल, जमकर हुई नारेबाजी

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** ई-रजिस्ट्रीकरण मॉड्यूल के क्रियान्वयन से खफा वकीलों का धरना प्रदर्शन आज सोलहवें दिन की जारी रहा और जमकर नारेबाजी की गई। सरकार के अड़ियल रवैया से नाराज वकीलों ने धरना एवं प्रदर्शन में और तेजी लाने का ऐलान किया है उन्होंने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई हक और अधिकार की है यह इतनी आसानी से समाप्त होने वाली नहीं है। तहसील परिसर में वकीलों की कलम बंद हड़ताल और धरना प्रदर्शन लगातार बदस्तूर जारी है, वकीलों का आरोप है कि इतने दिन धरना प्रदर्शन को बीत गए हैं कई ज्ञापन राज्यपाल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रेषित किए जा चुके हैं सरकार के कान पर जूं नहीं रेंग रही इससे वकीलों का आक्रोश दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। आज धरना प्रदर्शन बार संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार सक्सेना उर्फ बंटी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें वकीलों ने ई-रजिस्ट्रीकरण मॉड्यूल को लेकर गहरी आपत्ति दर्ज की। उन्होंने कहा वकील, स्टांप विक्रेता, वसीका नवीस और टाइपिस्ट रोजगार से पैदल हो जाएंगे सारे काम एक कंपनी को सौंप कर लाखों लोगों के पेट पर लात मारने का काम किया जा रहा है जिसे इतनी आसानी से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के महासचिव अमित कुमार सिंह परमार, देवेंद्र कुमार वर्मा, कमलेश चंद्र वर्मा, विमल कुमार दीक्षित, संजय सिंह, अनुपम पांडे, नवनीत पाठक, पुष्पेंद्र यादव, मेजाब खान, मोहम्मद शकील उर्फ फाजिल खान, विमल कुमार, हरीश यादव, प्रशांत वर्मा, शैलेंद्र सक्सेना, कमल यादव, जितेंद्र यादव, बेचेलाल सिंह, विकास कटियार स्टांप विक्रेता सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# स्वास्थ्यकर्मियों ने सीखे आग से बचाव के तरीके



स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर-खीरी।** सरकारी कार्यालयों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और घरों में आग लगने की घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से शनिवार को सीएमओ कार्यालय परिसर में अग्निशमन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आग बुझाने तथा विभिन्न अग्निशमन उपकरणों के संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस दौरान कर्मचारियों ने स्वयं गैस सिलेंडर में लगी आग बुझाने का अभ्यास भी किया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि शॉर्ट सर्किट, गैस सिलेंडर में रिसाव, ज्वलनशील पदार्थों का असुरक्षित भंडारण तथा जलती बीड़ी-सिगरेट जैसी लापरवाही आग लगने के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि सतर्कता और सही जानकारी से बड़ी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। एफएसएस एसओ प्रदीप कुमार एवं एफएम हेमंत कुमार ने एबीसी ड्राई पाउडर और कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ-2) अग्निशामक यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी। लाइव डेमो में गैस सिलेंडर में आग लगने पर गीले कंबल या मोटे कपड़े से ऑक्सीजन की आपूर्ति रोककर आग बुझाने की विधि भी बताई गई। अधिकारियों ने आग लगने पर तुरंत फायर ब्रिगेड (101) को सूचना देने, आपातकालीन निकास का उपयोग करने तथा लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों का प्रयोग करने की सलाह दी। प्रशिक्षण में एसीएमओ डॉ. रवि मोहन गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद वर्मा, डॉ. प्रमोद रावत, डॉ. रवि सिंह, डॉ. भरत सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया।

## पल्स पोलियो अभियान को लेकर निकली जागरूकता रैली



**स्वतंत्र भारत लखीमपुर-खीरी।** जिले में 28 जून से शुरू होने वाले व्यापक पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। अभियान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार सुबह सीएमओ कार्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. रवि सिंह तथा जिला महिला चिकित्सालय की वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुषमा भी मौजूद रहीं। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि इस बार जिले में पांच वर्ष तक की आयु के 7,33,335 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर 'दो बूंद जिंदगी की' अवश्य पिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक खुराक से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि भारत पोलियो मुक्त देश घोषित हो चुका है, लेकिन पड़ोसी देशों में अभी भी इस बीमारी के मामले सामने आते हैं। ऐसे में संक्रमण की आशंका को देखते हुए समय-समय पर पल्स पोलियो अभियान चलाया जाता है। रैली के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने स्लोगन और नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया तथा रविवार से शुरू होने वाले बूथ दिवस में शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाने का संदेश दिया।

## स्थानीय निकाय अध्यक्ष परिषद की जिला कार्यकारिणी घोषित



**स्वतंत्र भारत लखीमपुर-खीरी।** स्थानीय निकाय अध्यक्ष परिषद उप्र (पंजी.) की जनपद लखीमपुर-खीरी की बैठक शनिवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के जिलाध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद मोहम्मदी के अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा (कन्हैया) ने की। बैठक में परिषद की प्रदेश अध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद लखीमपुर की अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने संदीप मेहरोत्रा (कन्हैया) को स्थानीय निकाय अध्यक्ष परिषद के जिलाध्यक्ष का मनोनयन पत्र प्रदान किया। इसके बाद उन्होंने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की।

## सहयोग करने वालों का अजुमने हुसैनिया ने जताया आभार

**मोहम्मदी-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** अजुमने हुसैनिया व शिया कमेटी ने पहली से दसवीं मोहर्रम तक आयोजित जुलूसों और कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराने में सहयोग देने वाले पुलिस, प्रशासन एवं विभिन्न विभागों का आभार व्यक्त किया।

## एस्कॉर्ट्स कुबोटा की अधिकृत डीलरशिप का शुभारंभ



**सुंदरवल-खीरी।** जिले के किसानों के लिए शनिवार को अच्छी खबर आई। सुंदरवल में एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड की नई अधिकृत डीलरशिप 'गुरु कृपा एग्रो' का शुभारंभ किया गया। इससे किसानों को अब आधुनिक कृषि यंत्रों की खरीद, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी। शुभारंभ समारोह में कंपनी के नॉर्थ जोनल मैनेजर अंकित फोर ने बताया कि गुरु कृपा एग्रो पर कुबोटा राइस ट्रांसप्लांटर, ट्रैक कंबाइन हार्वेस्टर सहित आधुनिक कृषि यंत्रों की पूरी श्रृंखला उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही ऑरिजिनल स्पेयर पार्ट्स और प्रशिक्षित तकनीशियनों द्वारा सर्विस की सुविधा भी किसानों को यहीं मिलेगी।

उन्होंने कहा कि एस्कॉर्ट्स कुबोटा 40 वर्षों से अधिक समय से जापानी तकनीक आधारित टिकाऊ और विश्वसनीय कृषि उपकरण तैयार कर रही है। इन आधुनिक मशीनों से धान की रोपाई और कटाई आसान होगी, समय की बचत होगी तथा उत्पादन बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। कार्यक्रम में प्रोडक्ट हेड अत्सुया ओटा, सेल्स हेड विष्णु राठौर तथा एरिया मैनेजर जितेंद्र सिंह ने नई डीलरशिप को किसान हित में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए किसानों से आधुनिक कृषि यंत्रों को अपनाने का आह्वान किया। डीलरशिप के प्रोपराइटर हरमीत सिंह एवं हरबंस सिंह ने कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्र के किसानों को उचित मूल्य पर विश्वस्तरीय तकनीक उपलब्ध कराना है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि सर्विस और स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। शुभारंभ समारोह में बड़ी संख्या में किसान एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। किसानों ने नई डीलरशिप खुलने पर खुशी जताते हुए कहा कि अब उन्हें कम समय में अधिक कार्य करने वाली आधुनिक मशीनें आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी।

## शूकरों से फसल बर्बाद होने पर किसानों ने लगाई गुहार

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भवानीगंज के किसानों ने थाना दिवस में प्रार्थना पत्र देकर खुले घूम रहे सुकरों से फसलों को हो रहे नुकसान की शिकायत की। किसानों का आरोप है कि गांव में बड़े पैमाने पर सुकर पालन किया जाता है और खुले विचरण करने वाले सुकर खेतों में घुसकर फसलें नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि तारबाड़ के बावजूद फसलें सुरक्षित नहीं हैं। ग्रामीणों ने सुकरों से सार्वजनिक स्थानों को भी नुकसान पहुंचने और शिकायत पर धमकी मिलने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## गौरव इलेवन और रमुवापुर इलेवन की शानदार जीत

स्वतंत्र भारत

**तिकुनिया-खीरी।** तिकुनिया प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को खेले गए दो मुकाबलों में गौरव इलेवन टायर चौराहा और रमुवापुर इलेवन ने शानदार जीत दर्ज की। पहले मैच में गौरव इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट (21), आजाद (44) और मनोज (19) की पारियों की बदौलत 10 ओवर में चार विकेट पर 110 रन बनाए। बेलरायां वारियर्स की ओर से तेजस ने दो विकेट लिए। जवाब में बेलरायां की टीम छह विकेट पर 56 रन ही बना सकी। अतीक ने सर्वाधिक 12 रन बनाए। ऑलराउंड प्रदर्शन (44 रन और दो विकेट) के लिए आजाद को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में रमुवापुर इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अंश (72) और साहिल (21) की शतकीय साझेदारी की बदौलत तीन विकेट पर 124 रन बनाए। मोहनापुर की ओर से विराट ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मोहनापुर की टीम उस्मान (38) और विराट (22) की अच्छी शुरुआत के बावजूद आठ विकेट पर 89 रन ही बना सकी। रमुवापुर के साहिल ने तीन और गुरजंट सिंह ने दो विकेट लिए। शानदार बल्लेबाजी के लिए अंश को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुथना बरसोला के पूर्व प्रधान अजय अग्रवाल उर्फ लड्डू भैया मौजूद रहे।

## बाइक के साथ आरोपी हुआ गिरफ्तार



**तिकुनिया-खीरी।** ग्राम बरसोला कला निवासी कुलदीप की काले रंग की पल्सर बाइक लेकर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित के अनुसार, नौ दिन पहले ग्राम सूरतनगर निवासी कुलविंदर सिंह उर्फ गोगू पानी पीने के बहाने उनकी बाइक मांगकर ले गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी देर इंतजार करने के बाद भी जब आरोपी नहीं आया तो कुलदीप ने 17 जून को तिकुनिया कोतवाली में घटना की सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जल्द बाइक बरामद करने का आश्वासन दिया था। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे पावर हाउस के सामने से कुलविंदर सिंह उर्फ गोगू को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया है। बाइक बरामद होने पर कुलदीप ने पुलिस का आभार जताया।

## छेड़छाड़ से परेशान युवती ने फांसी लगाई, कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र भारत

**सिंगाही-खीरी।** थाना सिंगाही क्षेत्र के ग्राम नौरंगाबाद में 18 वर्षीय मनीषा ने कथित रूप से छेड़छाड़ और बदनामी की धमकियों से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की मां यशोदा पत्नी लालता ने थाना प्रभारी सिंगाही को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। परिजनों के अनुसार, गांव निवासी सचिन पुत्र दयाशंकर पिछले तीन दिनों से मनीषा का पीछा कर रहा था। आरोप है कि 27 जून को सचिन युवती के घर पहुंचा और उसे परेशान करने लगा। इसकी जानकारी होने पर परिजनों का आरोपी से विवाद हुआ। आरोप है कि सचिन ने धमकी दी कि उसके पास युवती की फोटो है और वह उसे सार्वजनिक कर बदनाम कर देगा। इसके बाद मनीषा के भाई विपिन और मां ने आरोपी को डांटकर वहां से भगा दिया। मृतका की मां का आरोप है कि सचिन, उसके भाई विपिन तथा उसकी मां की हरकतों और बदनामी के डर से मनीषा ने करीब चार घंटे बाद शाम लगभग चार बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी सिंगाही ने बताया कि परिजनों की तहरीर प्राप्त हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## आग से मजदूर का आशियाना राख

**बिजुआ-खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम कौआ खेड़ा के भगवानदीन पुरवा में शनिवार को अज्ञात कारणों से झाऊ लाल के घर में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया और परिवार की वर्षों की मेहनत से जुटाई गई गृहस्थी जलकर राख हो गई। आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पानी व मिट्टी डालकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों की सूझबूझ से आग आसपास के घरों तक नहीं फैल सकी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पीड़ित झाऊ लाल ने बताया कि आग में घर में रखे 50 हजार रुपये नकद, सिलाई मशीन, सिंचाई के लिए रखा पंपिंग सेट इंजन, राशन, कपड़े, चारपाइयां तथा अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जल गया। उन्होंने बताया कि मजदूरी कर किसी तरह परिवार का पालन-पोषण करते थे, लेकिन इस हादसे ने उन्हें पूरी तरह बेबस कर दिया है। घटना की सूचना लेखपाल को दे दी गई है।

## शिव मंदिर में चोरी करते युवक को लोगों ने दबोचा

**सिंगाही-खीरी।** कस्बे के भट्ठी मोहल्ला स्थित शिव मंदिर में शनिवार को दिनदहाड़े चोरी का प्रयास कर रहे एक युवक को स्थानीय लोगों ने रंगेहाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। उसके कब्जे से मंदिर का घंटा, घंटी, आरती, त्रिशूल, डमरू समेत अन्य पूजा सामग्री बरामद हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भट्ठी मोहल्ला निवासी कुलदीप पुत्र चंद्रकिशोर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार सुबह करीब 11:15 बजे वह बाजार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान उन्होंने घर के सामने स्थित शिव मंदिर में एक युवक को मंदिर का घंटा काटते देखा। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और भागने का प्रयास कर रहे युवक को पकड़ लिया।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, धौरहरा-खीरी

पत्रांक : 868/लेखा/निर्माण कार्य/निविदा—आमन्त्रण/2026—27/दिनांक जून 25 2026

## निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से पंचम राज्य वित्त/15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत वर्ष 2026—27 में वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2026—27 में निम्न निर्माण कार्यों हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर कार्य कराने हेतु क्षेत्र पंचायत में पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई स्थापित फर्म जिनका आयकर व वाणिज्य कर विभाग में जी0एस0टी0 पंजीकरण हो, तथा आर0ई0एस0 पी0डब्लू0डी0, जिला पंचायत व अन्य कार्यदायी विभागो में रजिस्टर्ड ठेकेदार/फर्मो से मोहर बन्द निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की स्वीकृत लागत (लाख रू0 में) (जी0एस0टी0 सहित) | धरोहर धनराशि (02 प्रतिशत) (लाख रू0 में) | टेंडर मूल्य | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पंचम राज्य वित्त | विकास खण्ड कार्यालय की छत मरम्मत कार्य | 9.971 | 1942 | 856 | 03 माह |
| 2 | पंचम राज्य वित्त | विकास खण्ड कार्यालय में रंगाई—पुताई एवं टाइल्स मरम्मत कार्य | 9.967 | 19934 | 856 | 03 माह |
| 3 | पंचम राज्य वित्त | विकास खण्ड कार्यालय की खिड़की,दरवाजा एंव वायरिंग मरम्मत कार्य | 9.888 | 19776 | 856 | 03 माह |
| 4 | पंचम राज्य वित्त | विकास खण्ड परिसर में एन0आर0एल0एम0 भवनका मरम्मत कार्य | 8.987 | 17974 | 856 | 03 माह |
| 5 | पंचम राज्य वित्त | ग्राम पंचायत नयागांव के मजरा नोखेपुरवा में मातादीन के घर से राममिलन के घर की तरफ इन्टरलाकिंग कार्य | 9.925 | 19850 | 856 | 03 माह |
| 6 | पंचम राज्य वित्त | ग्राम पंचायत गुलरिया में घुरघुट्टाखुर्द में पेन्टेड रोड से आशू पण्डित के घर की तरफ इण्टरलाकिंग कार्य | 9.975 | 19950 | 856 | 03 माह |
| 7 | पंचम राज्य वित्त | ग्राम पंचायत बेलवामोती में पंचायत भवन से रोहित के घर तक इन्टरलाकिंग | 7.771 | 15542 | 856 | 03 माह |
| 8 | पंचम राज्य वित्त | ग्राम पंचायत राजापुरभज्जा में कमलेश यादव के घर से अनिल चौधरी के घर की तरफ इण्टरलाकिंग | 9.99 | 19980 | 856 | 03 माह |
| 9 | 15वां वित्त (अनटाइड) | ग्राम पंचायत बम्हौरी में डामर रोड से बरात घर तक इण्टरलाकिंग | 6.80 | 13600 | 856 | 03 माह |
| 10 | 15वां वित्त (अनटाइड) | ग्राम पंचायत हसनापुर में रामगोपाल के घर से डामर रोड तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 9.751 | 19502 | 856 | 03 माह |
| 11 | 15वां वित्त (अनटाइड) | ग्राम पंचायत ससरवा में जगदीश भार्गव के घर से घनीराम वर्मा के घर की तरफ इन्टरलाकिंग कार्य | 9.973 | 1946 | 856 | 03 माह |
| 12 | 15वां वित्त (अनटाइड) | ग्राम पंचायत शेरपुर में राजाराम के घर से छोटेलाल के घर की तरफ इन्टरलाकिंग कार्य | 9.984 | 19968 | 856 | 03 माह |
| 13 | 15वां वित्त (अनटाइड) | ग्राम पंचायत सरगढ़ा में जगदीश भार्गव के घर से कल्लू भार्गव के घर तरफ इण्टरलाकिंग कार्य | 4.87 | 9752 | 767 | 03 माह |
| 14 | 15वां वित्त (टाइड) | ग्राम पंचायत शेरपुर में फारमेसी कालेज के पास पुलिया निर्माण | 9.981 | 19962 | 856 | 03 माह |
| 15 | 15वां वित्त (टाइड) | कर्दोहा से बसन्तापुर मार्ग के बीच रपटा पुलिया के पास से बहा ना की ओर पुलिया निर्माण कार्य | 6.04 | 12080 | 856 | 03माह |
| 16 | 15वां वित्त (टाइड) | ग्राम पंचायत शेरपुर में रंजीत के घर के पास नाले पर पुलिया निर्माण कार्य | 9.996 | 19992 | 856 | 03 माह |
| 17 | 15वां वित्त (टाइड) | ग्राम पंचायत शेरपुर में राकेश के खेत के पास नाले पर पुलिया निर्माण | 8.784 | 17568 | 856 | 03 माह |
| 18 | 15वां वित्त (टाइड) | ग्राम पंचायत बबुरी में कमलेश के खेत के पास नाले पर पुलिया निर्माण कार्य | 8.188 | 16376 | 856 | 03 माह |
| 19 | 15वां वित्त(टाइड) | ग्राम पंचायत बम्हौरी में शंकर के खेत के पास पुलिया निर्माण | 9.944 | 19888 | 856 | 03 माह |
| 20 | 15वां वित्त (टाइड) | ग्राम पंचायत बसन्तापुर में बहा नाले पर सुरेन्द्र भार्गव के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 7.336 | 14672 | 856 | 03 माह |
| 21 | 15वां वित्त (टाइड) | ग्राम पंचायत जुगनूपुर में बहा नाले पर सद्दीक के खेत के पास पुलिया निर्माण | 9.974 | 19948 | 856 | 03 माह |
| 22 | 15वां वित्त (टाइड) | ग्राम पंचायत रामलोक के मजरा मिश्रनपुरवा में श्याम मुरारी के खेत के पास पुलिया निर्माण | 7.508 | 15016 | 856 | 03 माह |
| 23 | 15वां वित्त (टाइड) | ग्राम पंचायत राजापुरभज्जा में मुक्ता प्रसाद के खेत के पास पुलिया निर्माण | 9.610 | 19220 | 856 | 03 माह |

नियम व शर्ते:—

1. निविदा फार्म क्रय किये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी धौरहरा से दिनांक 26.06.2026 से 09.07.2026 तक किसी भी कार्यदिवस को पूर्वाहन 11:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की धनराशि कार्य के स्वीकृत लागत का 02 प्रतिशत राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ0डी0आर0 खण्ड विकास अधिकारी धौरहरा खीरी के पक्ष में बन्धक करते हुए मोहर बन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिनांक 10.07.2026 अपरान्ह 1.00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में टेण्डर बाक्स में डाला जायेगा/डाक के माध्यम से भेजा जा सकता है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा दिनांक 10.07.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे से 3.00 बजे के मध्य गठित समिति एवं निविदादाताओ की उपस्थिति में खोली जायेगी।
3. टेन्डर/निविदा स्वीकृति के उपरान्त कार्य कराने वाले फर्म/ठेकेदार को शेष 08 प्रतिशत की जमानत धनराशि का एफ0डी0आर0 उपरोक्तानुसार कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निविदा की निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2026—27 के अन्दर कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नहीं है।
5. निविदा में प्रकाशित कार्य कराने की अवधि के अन्दर कार्य को पूर्ण कराना अनिवार्य होगा यदि समय—सीमा के अन्दर कार्य नही पूर्ण कराया जाता है तो एक सप्ताह की नोटिस के पश्चात स्वीकृत निविदा को निरस्त कर दिया जायेगा जिसके लिए सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे तथा जमानत की धनराशि शासकीय हित में जब्त कर ली जायेगी।
6. निविदा के साथ मानक के अनुसार कार्य कराना होगा तथा प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री का मेक/ब्रान्ड उल्लिखित करना होगा। मानक के अनुसार कार्य की गुणवत्ता न पाये जाने तथा कमी पायी जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी। तथा सम्बन्धित फर्म की जमानत राशि जब्त करते हुये उसी दर पर क्षेत्रीय फर्म द्वारा कार्य कराये जाने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
7. कन्ट्रेक्टर/ठेकेदार के समस्त अभिलेखो की स्व—प्रमाणित छायाप्रति ही मान्य होगें।
8. किसी एक निविदा को स्वीकार्य करने अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/खण्ड विकास अधिकारी धौरहरा—खीरी में निहित होगा।
9. निविदा स्वीकृत फर्म/ठेकेदार की बंधक जमानत राशि कार्य पूर्ण होने की तिथि के उपरान्त अन्तिम भुगतान की तिथि से छः माह के बाद कार्य संतोशजनक पाये जाने पर तकनीकी अधिकारी की संस्तुति के बाद जमानत राशि मुक्त की जायेगी।
10. निविदा डालने के लिए निविदादाता का क्षेत्र पंचायत धौरहरा में पंजीकरण होना अनिवार्य है तथा पंजीकरण न होने की स्थिति में निविदा स्वीकार्य नही की जायेगी।
11. कराये जाने वाले त्रिस्तरीय फोटोग्राफ कार्य कराये आरम्भ से पूर्व, कार्य होते हुए तथा कार्य पूर्ण होने के तथ्य गुणवत्ता के फोटो प्राप्त होने के उपरान्त ही तकनीकी अधिकारी की संस्तुति पर भुगतान किया जायेगा।
12. कार्य स्थल पर कार्य पूर्ण होने के उपरान्त साइन बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा तथा उसका भी फोटोग्राफ प्रस्तुत करना होगा।
13. भुगतान हेतु फर्म का बिल भुगतान की जाने वाली धनराशि का उल्लेख करते हुए मूल रूप में प्रेषित करना अनिवार्य होगा।
14. किसी भी वाद—विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**धौरहरा—खीरी**

# मजहबी आधार पर आरक्षण मान्य नहीं है



- हृदयनारायण दीक्षित


मतांतरण से आरक्षण नहीं मिलता। इस्लाम अपनाने वाला व्यक्ति अपना मत बदल कर मुसलमान हो सकता है लेकिन पिछड़े वर्ग का सदस्य नहीं रह जाता। मद्रास हाई कोर्ट ने कहा है कि ईसाई मिशनरियों और इस्लामी उपदेशकों ने सदियों तक अपने अपने पंथ की प्रशंसा की है कि उनके यहां सामाजिक समता है। बराबरी है। भेदभाव नहीं है। हिन्दुओं में जाति व्यवस्था है। कोर्ट ने कहा है कि उसका मत है कि कुछ वर्गों को पिछड़ा और कुछ को अगड़ा बताना कुरान की शिक्षा के विपरीत है। फिर इस्लाम का तो दावा ही बराबरी वाला समाज बनाना है। बहुत लम्बे समय से ईसाई और इस्लामी धर्म उपदेशक धर्मांतरित व्यक्ति के लिए भी पिछड़े वर्गों की सुविधाएं मांगते रहे हैं। भिन्न भिन्न राज्यों के उच्च न्यायालयों ने ऐसे ही विचार व्यक्त किए हैं और फैसले सुनाए हैं। लेकिन राजनीतिक दलतंत्र द्वारा धर्मांतरित व्यक्ति के लिए भी आरक्षण की सुविधा मांगी जाती रही है। इस दफा न्यायालय ने साफ कर दिया है कि सिर्फ मतांतरण करने से किसी व्यक्ति का वर्ग नहीं बदलता और मतांतरित व्यक्ति को पिछड़े वर्ग का सदस्य नहीं माना जा सकता।

मद्रास हाई कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के मार्च 2024 के आदेश को असंवैधानिक बताया है और उसे रद्द कर दिया है। सरकारी आदेश में मतांतरण करने वाले व्यक्ति को मुस्लिम पिछड़े वर्ग का सदस्य माना गया था। मतांतरित व्यक्ति को भी पिछड़े वर्गों के रूप में मान्यता देने का प्रावधान किया गया था। यह चर्चित फैसला मद्रास हाई कोर्ट की पीठ ने 25 जून को सुनाया है। कोर्ट ने यह निर्णय सम्यक विचारोपरान्त एक ऐसे मामले में दिया है, जिसमें एक व्यक्ति, जिसका जन्म हिन्दू परिवार में हुआ था और बाद में उसने हिन्दू धर्म छोड़ कर फिर से अपना नाम समीर अहमद रख लिया था। मुसलमान हो जाने के बाद उसने स्वयं को मुस्लिम लेब्बाई समुदाय का सदस्य बताया है। उसने अपने तहसीलदार से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र की मांग की। तहसीलदार ने उसका आवेदन खारिज कर दिया। तब वो हाई कोर्ट पहुंचा। तमिलनाडु सरकार ने अपने आदेश में प्रावधान किया था कि अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग या डिनोटिफाइड समुदायों से आने वाले लोग यदि धर्मांतरण करते हैं, और इस्लाम धर्म अपनाते हैं, तो उन्हें भी पिछड़े वर्गों के रूप में आरक्षण का लाभ दिया जा सकता है। सरकार का तर्क था कि इससे मतांतरण करने वाले व्यक्तियों के भी अधिकार सुरक्षित रहेंगे। लेकिन कोर्ट ने यह दलील नहीं मानी, और स्पष्ट कर दिया कि आरक्षण का आधार पंथ या मजहब नहीं होता। बल्कि सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ापन होता है। कोर्ट ने साफ किया कि संवैधानिक श्रेणियों जैसे अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग को एक साथ मिला कर नई श्रेणी बनाना संविधान के मूल ढांचे के विपरीत है। मद्रास हाई कोर्ट ने ही 1951 के फैसले का हवाला देते हुए कहा था कि, 'जब कोई हिन्दू इस्लाम अपनाता है, तो वह सिर्फ मुसलमान बनता है। समाज में उसकी प्रतिष्ठा जाति के आधार पर नहीं होती। हिन्दू धर्म छोड़ते ही वह अपनी मूल जाति का सदस्य नहीं रह जाता।' आरक्षण का मसला भारत की संविधान सभा में भी आया था। मजहबी आधार पर ही देश का विभाजन हो चुका था। संविधान सभा बड़े उदास क्षणों में आरक्षण पर विचार कर रही थी। संविधान सभा ने सरदार पटेल की अगुवाई में अल्पसंख्यकों के आरक्षण के मुद्दे पर विचार करने के लिए एक समिति बनाई थी। समिति ने अपनी सिफारिश में मजहबी आरक्षण को सिरे से खारिज कर दिया था।

सभा की अल्पसंख्यक अधिकारों, मूलाधिकारों संबंधी समिति के सभापति सरदार पटेल ने संविधान सभा में समिति की रिपोर्ट (25 मई, 1949) पेश की। लगातार दो दिन (25 व 26 मई, 1949) बहस हुई। जगत नारायण लाल ने कहा, 'भारत एक लौकिक (सेकुलर) राज्य होगा। उसके बाद रक्षणों की कोई मांग नहीं होनी चाहिए। जहाँ तक अनु. जातियों का प्रश्न है उन्हें आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हुए होने के कारण ही रक्षण दिया गया है।' ज्यादातर सदस्यों ने अनु. जाति के अस्थाई आरक्षण को सही बताया, लेकिन 'आरक्षण' की मूल भावना को कोसा। नजीरुद्दीन अहमद ने कहा, 'मैं समझता हूँ कि किसी प्रकार के रक्षण स्वस्थ राजनीतिक विकास के प्रतिकूल हैं। उनसे एक प्रकार की हीन भावना प्रकट होती है। .....श्रीमान रक्षण ऐसा रक्षा उपाय है जिससे वह वस्तु जिसकी रक्षा की जाती है वह नष्ट हो जाती है। जहाँ तक अनु. जातियों का संबंध है, हमें कोई शिकायत नहीं है।' जेड.एच. लारी ने मुस्लिम आरक्षण की पैरवी करते हुए कहा, 'आपको अनु. जाति के हितों की चिंता है। मुसलमानों के हितों की परवाह नहीं। अनु. जाति के स्थान रक्षण सिद्धांत के साथ क्या आप यह भी नहीं स्वीकार करते कि आरक्षण राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध नहीं है?' आरक्षण राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध होता है। आरक्षण एक विशेष अस्थाई उपाय है। इसके नफा-नुकसान पर सम्यक् विचार नहीं हुआ।

लेकिन संविधान निर्माताओं ने इसे सामाजिक पुनर्निर्माण का औजार बनाया। अनुसूचित जातियों/जनजातियों को जन्मना आधारित अस्थाई आरक्षण मिला। पिछड़े वर्गों की दशाओं के अन्वेषण के लिए आयोग बनाने की व्यवस्था (अनु. 340) की गई। पं. नेहरू के समय (1953) पिछड़े वर्गों की खोज के लिए काका कालेलकर आयोग बना। आयोग के कई सदस्य जन्मना जाति को पिछड़ेपन का आधार बनाने पर असहमत थे। आयोग ने राष्ट्रपति को लिखा, 'समानता वाले समाज की ओर प्रगति में जाति प्रथा बाधा है। कुछ निश्चित जातियों को पिछड़ा मानने से यह हो सकता है कि हम जाति प्रथा के आधार पर भेदभाव को सदा के लिए बनाए रखें।' नेहरू सरकार ने जाति के अलावा पिछड़ेपन का आधार जाँचने की कोई दीगर कसौटी खोजने की बात की। वी.पी. मण्डल के नेतृत्व में दूसरा आयोग बना। मण्डल आयोग की रिपोर्ट (1980) में 'जाति' को पिछड़ेपन का आधार बनाया गया। आयोग ने पिछड़ी जातियों की सूची भी बनाई। मण्डल ने गरीबी हटाने के राष्ट्रीय कार्यक्रमों को आरक्षण से अलग रखने की आश्चर्यजनक बात कही, 'गरीबी हटाने की राष्ट्रीय समस्या के अंतर्गत अन्य पिछड़ी जातियों को ऊपर उठाने की समस्या आती है। पर यह बात अंशतः ही सही है। अन्य पिछड़ी जातियों का अभावग्रस्त होना एक अलग बड़ी राष्ट्रीय समस्या है।' (रिपोर्ट, पृ. 62) यानी देश के बाकी जनों की गरीबी अलग समस्या है। पिछड़ी जातियों की गरीबी भी विचारणीय है। लेकिन मजहबी आधार पर आरक्षण मान्य नहीं है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ त्रयोदशोऽध्यायः

(गतांक से आगे)

अब उस क्षेत्रज्ञ का स्वरूप देखें, जो इस क्षेत्र में लिप्त नहीं बल्कि इससे निवृत्त है-

अमानित्वमदम्भित्वमहिंसा क्षान्तिरार्जवम्। आचार्योपासनं शौचं स्थैर्यमात्मविनिग्रहः ।।7।।

हे अर्जुन ! मान-अपमान का अभाव, दम्भाचरण का अभाव, अहिंसा (अर्थात् अपनी तथा अन्य किसी की आत्मा को कष्ट न देना अहिंसा है।

हे अर्जुन! तू सब क्षेत्रों में क्षेत्रज्ञ मुझे ही जान अर्थात् मैं भी क्षेत्रज्ञ हूँ। जो इस क्षेत्र को जानता है, वह क्षेत्रज्ञ है ऐसा उसे साक्षात् जाननेवाले महापुरुष कहते हैं और श्रीकृष्ण कहते हैं कि मैं भी क्षेत्रज्ञ हूँ अर्थात् श्रीकृष्ण भी एक योगेश्वर ही थे। क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ अर्थात् विकारसहित प्रकृति और पुरुष को तत्त्व से जानना ही ज्ञान है, ऐसा मेरा मत है अर्थात् साक्षात्कारसहित इनकी जानकारी का नाम ज्ञान है। कोरी बहस का नाम ज्ञान नहीं है।

तत्क्षेत्रं यच्च यादृक्च यद्विकारि यतश्च यत्। स च यो यत्प्रभावश्च तत्समासेन मे शृणु ।।3।।

वह क्षेत्र जैसा है और जिन विकारोंवाला है तथा जिस कारण से हुआ है तथा वह क्षेत्रज्ञ भी जो है और जिस प्रभाववाला है, वह सब मुझसे संक्षेप में सुन। अर्थात् क्षेत्र विकारवाला है, किसी कारण से हुआ है, जबकि क्षेत्रज्ञ केवल प्रभाववाला है। मैं ही कहता हूँ- ऐसी बात नहीं है, ऋषि भी कहते हैं-

ऋषिभिर्बहुधा गीतं छन्दोभिर्विविधैः पृथक्। अगर किए कि है हेतुमद्भिर्विनिश्चितैः ।।4।। छाए । ब्रह्मसूत्रपदैश्चैव

यह क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ का तत्त्व ऋषियों द्वारा बहुत प्रकार से गायन किया गया है।

नाना प्रकार से वेदों की मन्त्रणा द्वारा विभाजित करके भी कहा गया है तथा विशेष रूप से निश्चित किये हुए युक्तियुक्त ब्रह्मसूत्र के वाक्यों द्वारा भी वही कहा गया है। अर्थात् वेदान्त, महर्षि, ब्रह्मसूत्र और हम एक ही बात कहने जा रहे हैं। श्रीकृष्ण वही कहते हैं, जो इन सबने कहा है। क्या शरीर (क्षेत्र ) इतना ही है, जितना दिखायी देता है? इस पर कहते हैं - क्रमशः...

# जम्मू कश्मीर में जनभागीदारी से मजबूत होती सुरक्षा

- महेन्द्र तिवारी

जम्मू कश्मीर लंबे समय से आतंकवाद, घुसपैठ और सीमा पार से प्रायोजित हिंसा जैसी चुनौतियों का सामना करता आ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा बलों ने अनेक सफल अभियान चलाकर आतंकवादी ढांचे को कमजोर किया है, लेकिन दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों, घने जंगलों और सीमावर्ती गांवों में समय-समय पर आतंकवादी गतिविधियां सामने आती रही हैं। ऐसी परिस्थितियों में केवल सुरक्षा बलों की मौजूदगी पर्याप्त नहीं मानी जाती, बल्कि स्थानीय समाज का सहयोग भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। इसी सोच को आधार बनाकर ग्रामीण सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके अंतर्गत ग्रामीण सुरक्षा दलों को आधुनिक प्रशिक्षण देकर उन्हें अपने गांवों की सुरक्षा में सक्रिय भागीदार बनाया जा रहा है। हाल के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हथियार संचालन, निशानेबाजी, बुनियादी युद्धाभ्यास, सतर्कता और सुरक्षा बलों के साथ समन्वय पर विशेष जोर दिया गया है। ग्रामीण सुरक्षा दलों की अवधारणा नई नहीं है। अतीत में भी आतंकवाद से प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को आत्मरक्षा और गांवों की सुरक्षा के लिए संगठित किया गया था। समय के साथ सुरक्षा चुनौतियों का स्वरूप बदला तो इन दलों की भूमिका भी अधिक व्यवस्थित होती गई। आज इनका उद्देश्य किसी नियमित सैन्य बल का स्थान लेना नहीं है, बल्कि सुरक्षा एजेंसियों के सहयोगी के रूप में कार्य करना है। स्थानीय निवासी अपने क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों, रास्तों, जंगलों, पहाड़ियों और सामाजिक गतिविधियों से भलीभांति परिचित होते हैं। यही जानकारी किसी भी संदिग्ध गतिविधि का समय रहते पता लगाने में महत्वपूर्ण सिद्ध होती है।

हाल के महीनों में जम्मू क्षेत्र के कई संवेदनशील इलाकों में सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए हैं। इन शिविरों में ग्रामीणों को हथियारों के सुरक्षित उपयोग, निशानेबाजी, बंकरों के उपयोग, गश्त के दौरान सावधानियों, आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया तथा सुरक्षा बलों के साथ संपर्क बनाए रखने का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों तक पहुंचे और आवश्यकता पड़ने पर प्रारंभिक स्तर पर गांव की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

इस अभियान की सबसे उल्लेखनीय विशेषता महिलाओं की बढ़ती भागीदारी है। पहले सुरक्षा संबंधी गतिविधियों में पुरुषों की संख्या अधिक होती थी, लेकिन अब अनेक गांवों में महिलाएं भी उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उन्हें हथियारों के सुरक्षित संचालन, चौकसी, सूचना संग्रह, संकट की स्थिति में परिवारों की सुरक्षा और स्थानीय समन्वय की शिक्षा दी जा रही है। इससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और समाज में सुरक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना भी मजबूत हुई है।

कई स्थानों पर महिलाओं ने यह संदेश दिया है कि गांव की सुरक्षा केवल पुरुषों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समुदाय का दायित्व है। सीमावर्ती और दूरदराज के गांवों की परिस्थितियां सामान्य क्षेत्रों से भिन्न होती हैं। यहां कई बार सुरक्षा बलों को कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण घटनास्थल तक पहुंचने में समय लग सकता है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित ग्रामीण प्रारंभिक सतर्कता बनाए रखने, लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना देने का कार्य कर सकते हैं। इससे सुरक्षा बलों को भी अधिक सटीक और समय पर जानकारी मिलती है, जिससे अभियान अधिक प्रभावी बनते हैं। सरकार द्वारा ग्रामीण सुरक्षा दलों को बेहतर हथियार उपलब्ध कराने की दिशा में भी कदम उठाए गए हैं। पहले जहां कई स्थानों पर पुराने हथियार उपलब्ध थे, वहीं अब आधुनिक स्वचालित क्षमता वाले हथियार और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई है। इससे ग्रामीणों का मनोबल बढ़ा है और उन्हें यह विश्वास मिला है कि सरकार उनकी सुरक्षा संबंधी भूमिका को गंभीरता से ले रही है। हालांकि हथियारों का उपयोग निर्धारित नियमों और सुरक्षा एजेंसियों के मार्गदर्शन में ही किया जाता है।

प्रशिक्षण केवल हथियार चलाने तक सीमित नहीं रहता। इसमें अनुशासन, संयम, कानूनी दायित्व, नागरिकों की सुरक्षा, सूचना की गोपनीयता और संकट प्रबंधन जैसे विषय भी शामिल किए जाते हैं। प्रशिक्षकों द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के प्रति कार्रवाई का अंतिम अधिकार सुरक्षा एजेंसियों के पास होता है।

## ।। चाणक्य नीति ।।

+++

**दाने तपसि शौर्ये च विज्ञाने विनये नये।**
**विस्मयो न हि कर्त्तव्यो बहुरत्ना वसुन्धरा।।**

दान, तप, वीरता, विद्वत्ता, सुशीलता और नीति-निपुणता का अहंकार कभी नहीं करना चाहिए, क्योंकि इस धरती पर एक से बढ़कर एक दानी, तपस्वी, शूरवीर तथा विद्वान् मौजूद हैं।

+++




## ।। अमृत कलश।।

### समय का महत्त्व

डॉक्टर अमरनाथ झा एक प्रसिद्ध विज्ञान चिकित्सक थे। वह समय के बड़े पाबंद थे।

वह पटना की यात्रा पर थे। उन्हें आया देख पटना के साहित्यकारों ने एक गोष्ठी का आयोजन किया। उस गोष्ठी में डॉक्टर झा को मुख्य अतिथि बनाया गया था। डॉक्टर झा ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया था। निमंत्रण स्वीकार करते समय उन्होंने गोष्ठी के आयोजकों से कह दिया था कि निश्चित समय से 30 मिनट पहले ही वह उनके निवास पर किसी को भेज दें।

अगले दिन गोष्ठी प्रारंभ होने से आधा घंटे पहले ही डॉक्टर झा तैयार होकर अपने आवास पर बैठे थे। लेकिन उन्हें लेने आनेवाला व्यक्ति आधा घंटा विलंब से पहुंचा। यद्यपि उसने विलंब के लिए आते ही क्षमा मांग ली थी लेकिन डॉक्टर झा ने उस गोष्ठी में भाग लेने से स्पष्ट इनकार कर दिया।

वह व्यक्ति बहुत गिड़गिड़ाया कि उनके न जाने से गोष्ठी विफल हो जाएगी।

लेकिन डॉक्टर झा नहीं माने और बोले, 'देरी से जाकर मैं लेट-लतीफ कहलाना नहीं चाहता। भले ही आपकी गोष्ठी सफल रहे या विफल...मुझे इससे मतलब नहीं।'

## काँव-काँव

+++

**राममंदिर ट्रस्ट से चंपत राय, अनिल मिश्रा बाहर**

इन्हें सर्वेसर्वा बनाने वाले लोग कहां छिपे हैं?

**चढ़ावा चोरी के सबूत हैं तो एसआईटी को दें-योगी**

ईडी,सीबीआई सबूत देनेवालों की जांच करेगी!

**आपरेशन सिंदूर के शहीदों के नाम सार्वजनिक**

ग़ालिबन कुछ तो है कि जिसकी पर्दादारी है..

**नार्को कार्टेल्स पर रोक लगाने का रोडमैप-शाह**

विंग्स आफ फायर की कसम,मजा आ गया..

**यूपी में झमाझम बरसने आ पहुंचा है मानसून**

देखें, लखनऊ के कितने हिस्से तालाब बनेंगे?

**समान नागरिक संहिता लायेगी शुभेंदु सरकार**

एक छोटा बवाल कई बड़े सवालों को दबा देगा!

+++

# तीन बड़ी बीमारियों का इलाज ढूंढे सरकार



- निशिकांत ठाकुर

देश में पिछले दिनों से राजनीति गर्म हो गई है । सच तो यह है कि लगभग डेढ़ सौ करोड़ की आबादी और इतने बड़े भूभाग वाले देश में अपराध नियंत्रण के लिए तो ढेरों कानून हैं, जगह --जगह जानमाल की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन है, देश की सुरक्षा लिए प्रतिबद्ध भारतीय सैनिक तैनात हैं । इन सबको नियंत्रित करने के लिए संविधान में जहां एक-एक अपराध के लिए सजा का प्रावधान किया गया है। जिस तरह देश में पुलिस-प्रशासन हमारे सीमा पर जवान चौकन्ने रहते हैं , उसी प्रकार संविधान की रक्षा के लिए न्यायालय इन सबों के ऊपर अपनी नजर रखते हुए सदैव तैयार रहते हैं । उसी तरह चोर--उचक्के , पेशेवर अपराधी अपराध करने के लिए भी तैयार रहते है । यह कोई नहीं कह सकता कि सब उसी तबके के है जो कहते हों कि देश के समुद्र रूपी जल से यदि हजार दो हजार बाल्टी पानी निकल लिया जाए , तो क्या फर्क पड़ता है? यही तो होता रहा है जब बड़े से बड़े तथाकथित धन कुबेर देश को अरबों - खरबों रुपए का चूना लगाकर देश ही छोड़ देते हैं , सैकड़ों सुरक्षित उपकरणों के मध्य रहते हुए माल उड़ा लेते हैं । बाद में ऐसे अपराधियों को पकड़ने में देश का अकूत धन जाया होता है, लेकिन अपराधी कहीं दूर देशों में ऐश की जिंदगी जी रहे होते हैं । क्या इस तरह के अपराध पर और सख्त अंकुश लगे-- ऐसा हो सकता है ? अभी देश की कई घटनाओं के अतिरिक्त जिन तीन घटनाओं ने देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है, उन सब पर एक नज़र डालते हैं । क्योंकि; कानूनी कार्यवाही करना तो आम जनता के अधिकार से बाहर की बात है । सबसे पहले बात करते हैं अयोध्या स्थित राम मंदिर में हुए करोड़ों के घपले की । तो यह कोई सोच भी नहीं सकता है जिस राम मंदिर निर्माण के लिए पूरा देश एक जुट हो गया और सबकी लगन से ही राममंदिर निर्माण किया जाना संभव हो सका । अभी इसी जून महीने की सात तारीख को देश के सनातनियों को एक झटका लगा कि अयोध्या राम मंदिर से दस - बीस लाख नहीं बल्कि करोड़ों की हेराफेरी हो गई है, तो पूरा देश अवाक रह गया। हंगामें हुए। जांच के उच्चस्तरीय एसआईटी बनाई गई । अब चढ़ावा चोरी के मामले में एसआईटी ने एक प्रारंभिक जांच रिपोर्ट तैयार कर ली है । जिसमें कहा गया है कि राम मंदिर ट्रस्ट का पुनर्गठन हो और सभी सदस्यों की जिम्मेदारी तय हो । मंदिर ट्रस्ट में प्रशासनिक अधिकारी को सीईओ के रूप में नियुक्त किया जाए, मामले की विस्तृत जांच के लिए विशेष जांच दल को और समय दिया जाए । रिपोर्ट में सलाह दी गई है कि पेशेवर तरीके अपनाए जाएं, दान राशि की गणना का साप्ताहिक ऑडिट किया जाए , और चढ़ावे में आने वाली नकदी को प्रतिदिन दर्ज करने की व्यवस्था की जाए। सीसीटीवी कैमरे का डेटा 45 दिन से बढ़ाकर 180 दिन कर दिया जाए । साथ ही चम्पत राय,अनिल मिश्रा व गोपाल राव सहित अन्य जिम्मेदारों को अयोध्या छोड़ने की अनुमति न दी जाए। इतनी लंबी - चौड़ी व्यवस्था बनाने के लिए लंबा समय लग सकता है, लेकिन हां तब तक मामला दब जाएगा और बात आई गई हो जाएगी । सच तो यह है कि राम मंदिर की जो व्यवस्था इतना बढ़ - चढ़कर बनाई गई थी, क्या वह इतनी लाचर थी? या उसे जानबूझकर इतना लाचार छोड़ दिया गया कि कभी कोई कहीं से सुराख़ कर सके। यह बात तो अब तभी साबित हो सकेगी जब ईमानदारी से इस सुराख की गहराई से जांच की जाएगी। तभी दोषियों को सजा भी दिलवाई जा सकेगी । वैसे यह बात तो किसी रूप में स्वीकार नहीं की जा सकती कि गबन हुआ ही नहीं। आर्थिक नुकसान पहुंचाया ही नहीं गया तो फिर देश भर में इतना हंगामा क्यों बरपाया गया ? यह भी एक जांच का गंभीर विषय बनता है । कहीं ऐसा तो नहीं कि इस अकूत धनराशि की लूट पर लीपापोती तो नहीं कर दी जाएगी? अब लगभग तीन सप्ताह बाद ट्रस्ट के सदस्य कृष्णमोहन द्वारा आठ आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है जिन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है । साथ यह भी बताया जा रहा है कि महासचिव चंपतराय व अनिल मिश्रा ने त्यागपत्र दे दिया है । इसकी जानकारी मिलते है देश भर में हलचल शुरू हो गई है । एक दूसरा मामला जो देश भर में गर्म है , वह यह कि कर्नाटक के गृहमंत्री प्रियांक खरगे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत को पत्र लिखकर संघ की कानूनी स्थिति, पंजीकरण, आय-व्यय के स्रोतों और फंडिंग पर सवाल उठाए हैं । खरगे ने मांग की है कि देश भर में इतना व्यापक प्रभाव रखने वाले संगठन को पारदर्शिता बनाए रखनी चाहिए । राज्य के गृहमंत्री ने संघ से अपने पंजीकरण, कार्यालय-धारकों, चंदे और अन्य वित्तीय लेनदेन का विवरण सार्वजनिक करने को कहा है। उनका तर्क है कि जब आम नागरिकों, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) और अन्य संस्थाओं को नियमों का पालन करना पड़ता है, तो इतने बड़े संगठन को इससे छूट क्यों मिलनी चाहिए ? संघ प्रमुख मोहन भागवत ने इस मांग को 'राजनीति से प्रेरित' बताकर खारिज कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ को पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह सरकार से कोई वित्तीय सहायता नहीं लेता है और खुले तौर पर काम करता है ।उन्होंने यह भी कहा कि संगठन का लिखित संविधान पहले ही सरकार को सौंपा जा चुका है । भाजपा नेताओं ने इस पत्र को केवल पब्लिसिटी स्टंट और राजनीतिक हथकंडा बताया है, वहीं कर्नाटक के गृहमंत्री प्रियांक खरगे का कहना है कि वे केवल संवैधानिक जवाबदेही और पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं। एक तीसरी समस्या जिसने सारे देश के युवाओं ने ध्यानाकर्षित किया है वह है 'पेपर लीक'। पेपर लीक का मतलब किसी सरकारी भर्ती या प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र या उत्तर कुंजी का परीक्षा शुरू होने से पहले ही गैर-कानूनी तरीके से बाहर आ जाना । इस तरह के मामलों में सॉल्वर गैंग, कोचिंग सेंटर और अधिकारियों की मिलीभगत से धांधली होती है। पहले पेपर बिकने या लीक होने से योग्य और मेहनती छात्रों के साथ नाइंसाफी होती है, क्योंकि लाखों/करोड़ों उम्मीदवार परीक्षा की तैयारी करते हैं और धांधली के कारण अयोग्य लोग अनुचित साधनों से सीटें हासिल कर लेते हैं। भारत में राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं, जैसे मेडिकल प्रवेश परीक्षा और विभिन्न राज्यों की शिक्षक भर्ती या पुलिस भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक के बड़े मामले सामने आए हैं। इन मामलों में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच की गई है और कई आरोपियों व मास्टरमाइंड की गिरफ्तारियां भी होती रही है। पेपर लीक माफियाओं और संगठित अपराध पर लगाम लगाने के लिए, भारत सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 लागू किया। यह देश का पहला राष्ट्रीय कानून है, जिसके तहत पेपर लीक या नकल कराने पर कड़ी सजा (भारी जुर्माना और 10 साल तक की जेल) और इसे गैर-जमानती अपराध बनाया गया है । जब भी बड़े पैमाने पर पेपर लीक होते हैं, तो सुप्रीम कोर्ट मामले का संज्ञान लेता है। कोर्ट परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं और सरकारों को फटकार लगाता है, और छात्रों की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए दोबारा परीक्षा कराने जैसे सख्त निर्देश देता है । एक आंकड़े के अनुसार वर्तमान शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के कार्यकाल में 80 पेपर लीक के मामले सामने आ चुके हैं । फिलहाल 21 जून को नीट-- यूजी परीक्षा में 20 लाख छात्रों ने परीक्षा में शामिल होकर अपने उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद जगा दी है। बताया का रहा है इस परीक्षा के लिए सरकार द्वारा विशेष निगरानी रखी गई तथा प्रधानमंत्री स्वयं इस परीक्षा की फिक्र करते दिखाई दिए। जीवन में सबसे बड़ा बोझ बदले का होता है और यह बोझ धीरे धीरे मनुष्य को अंदर से जला देता है । वह धर्म से निबद्ध नहीं रहता है । प्रत्येक शासक के मन में यह अहं भाव रहता है कि देश की प्रत्येक वस्तु और प्रत्येक व्यक्ति के ऊपर उसका पूर्ण अधिकार है ; तो अगले स्तर पर भी यह भावना विस्तृत हो जाती है और वह समझने लगता है कि देश के प्रत्येक नेताओं पर उसका अधिकार है। यह केवल नीतिगत नहीं बल्कि सच है कि यदि शासक यह समझता है कि प्रत्येक वस्तु पर उसका अधिकार है तो देश की जनता भी उस शासक के लिए यही समझती है कि शासक पर भी उसका पूर्ण अधिकार है । लेकिन ,ऐसा होता है क्या? यदि ऐसा है और सच में ऐसा दिखने भी लगे तो सारी बुराइयों से समाज को निजात मिल जाएगी, लेकिन अफसोस यहां भी अधिकार का दुरुपयोग होने लगेगा। फिलहाल तो हम उपरोक्त तीनों मुद्दों पर सरकार के ऊपर ही आश्रित है और आशा यही करते हैं कि समाज के समस्त संवैधानिक अधिकारों को सुरक्षित रखते हुए देश के गर्म होते इस माहौल को ठंडा करने का प्रयास किया जाएगा।

# मानसून आने से पहले घर को बनाएं मच्छर-फ्री, कर लें इन कोनों की सफाई

बारिश का मौसम जहां एक तरफ राहत और ठंडक लेकर आता है, वहीं दूसरी तरफ यह कई बीमारियों का खतरा भी बढ़ा देता है। खासकर डेंगू और मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियां इस समय तेजी से फैलती हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है घरों और आसपास जमा हुआ साफ या गंदा पानी, जहां मच्छर आसानी से पनपते हैं। इसलिए मानसून शुरू होने से पहले ही घर की गहरी सफाई करना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर समय रहते सावधानी नहीं बरती गई तो छोटे-छोटे कोनों में जमा पानी और गंदगी मच्छरों के प्रजनन का केंद्र बन सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि घर के किन-किन हिस्सों की सफाई जरूरी है, कौन सी जगहें सबसे ज्यादा जोखिम वाली होती हैं और कैसे आप अपने परिवार को डेंगू और मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारियों से सुरक्षित रख सकते हैं। थोड़ी सी सावधानी आपको बड़े खतरे से बचा सकती है।



1. कूलर और एसी की ट्रे का पानी तुरंत निकालें कूलर और एसी की ट्रे में रुका हुआ पानी मच्छरों के लिए सबसे सुरक्षित प्रजनन स्थान होता है। इसमें एडीज मच्छर तेजी से अंडे देते हैं। इसलिए हर 2-3 दिन में पानी पूरी तरह खाली करें और ट्रे को सुखाकर रखें। जरूरत हो तो हल्का कीटनाशक स्प्रे भी कर सकते हैं।

2. छत और बालकनी में जमा पानी साफ करें बारिश का पानी अगर छत या बालकनी में जमा हो जाए तो वह लंबे समय तक मच्छरों का घर बन जाता है। हर बारिश के बाद चेक करें कि कहीं पानी रुक तो नहीं गया। पाइप और ड्रेनेज को साफ रखें ताकि पानी आसानी से निकल जाए। 3. गमलों की ट्रे और पौधों के नीचे पानी न रुकने दें पौधों की ट्रे में जमा पानी अक्सर नजरअंदाज हो जाता है, लेकिन यही सबसे बड़ा मच्छर प्रजनन केंद्र बनता है। ट्रे में अतिरिक्त पानी न रहने दें और हफ्ते में एक बार मिट्टी को सूखने दें।

4. बाथरूम और किचन की नालियों की सफाई करें नालियों में गंदगी और पानी रुकने से मच्छर तेजी से बढ़ते हैं। हफ्ते में कम से कम एक बार नाली में गरम पानी या डिटर्जेंट डालकर सफाई करें।

5. पुराने टायर, बोतलें और कबाड़ हटाएं घर के आसपास पड़े पुराने सामान में बारिश का पानी जमा हो जाता है। ये सबसे खतरनाक मच्छर ब्रीडिंग स्पॉट होते हैं। इन्हें तुरंत हटा दें या उल्टा करके रखें।

6. पानी की टंकियों को ढककर रखें खुली पानी की टंकी में मच्छर आसानी से अंडे दे देते हैं। हमेशा टंकी को ढक्कन से बंद रखें और समय-समय पर साफ करें।

7. घर के कोनों में कीटनाशक या मच्छर भगाने वाले उपाय करें स्प्रे, कॉइल या नेचुरल उपाय जैसे नीम का धुआं मच्छरों को कम करने में मदद करते हैं। कोनों में अंधेरा और नमी न रहने दें।

8. खिड़कियों पर जाली लगवाएं मच्छरों को घर में आने से रोकने का सबसे प्रभावी तरीका है जाली लगाना। यह एक बार का खर्चा है लेकिन लंबे समय तक सुरक्षा देता है।




विदेश के किसी बड़े कॉलेज या यूनिवर्सिटी में जाकर पढ़ाई करना आज के समय में लाखों भारतीय छात्रों का सबसे बड़ा सपना होता है। इस सपने को पूरा करने के लिए छात्र वर्षों से तैयारी और प्लानिंग शुरू कर देते हैं। लेकिन जब बात जरूरी कागजातों की आती है, तो अक्सर लोग सोचते हैं कि भारत में सबसे ज्यादा काम आने वाले दस्तावेज जैसे आधार कार्ड या पैन कार्ड ही विदेश में भी सबसे जरूरी होंगे, जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है। विदेश की धरती पर कदम रखने और वहां पढ़ाई करने के लिए कुछ बेहद खास अंतरराष्ट्रीय स्तर के दस्तावेजों की जरूरत होती है, जिनके बिना आपका दाखिला होना नामुमकिन है। आइए जानते हैं कि विदेश में पढ़ाई के लिए सबसे जरूरी दस्तावेज कौन से हैं।

**पासपोर्ट है सबसे पहला और बड़ा दस्तावेज–** विदेश यात्रा और वहां पढ़ाई करने के लिए पासपोर्ट आपका सबसे मुख्य कानूनी पहचान पत्र होता है। बिना वैध पासपोर्ट के आप किसी भी विदेशी यूनिवर्सिटी में आवेदन नहीं कर सकते, ध्यान रहे कि आपका पासपोर्ट कम से कम आपके कोर्स की अवधि तक वैलिड (वैध) होना चाहिए।

**स्टुडेंट वीजा के बिना एंट्री नामुमकिन–** जिस देश में आप पढ़ने जा रहे हैं, वहां की सरकार से पढ़ाई के लिए विशेष अनुमति यानी स्टुडेंट वीजा लेना अनिवार्य है। यूनिवर्सिटी से कन्फर्मेशन लेटर (जैसे ढ्ढ-20 या ष्टस्) मिलने के बाद ही आप इस वीजा के लिए आधिकारिक रूप से आवेदन कर सकते हैं।

**अकादमिक सर्टिफिकेट्स और ट्रांसक्रिप्ट्स**

आपकी पिछली सभी कक्षाओं (जैसे 10वीं, 12वीं या ग्रेजुएशन) की मार्कशीट और डिग्री सर्टिफिकेट्स बेहद जरूरी हैं। इसके साथ ही, स्कूलों या कॉलेजों से मिलने वाली %अकादमिक ट्रांसक्रिप्ट्स% (सभी सेमेस्टर के नंबरों का एक आधिकारिक ब्यौरा) भी एडमिशन के वक्त जमा करनी होती है।

**भाषा परीक्षा का स्कोर और फंड्स का सबूत–** विदेश में पढ़ाई के लिए अंग्रेजी भाषा की पकड़ साबित करने वाले टेस्ट जैसे ढ्ढश्वरुञ्जस् या ञ्जह्रश्वस्नरु का स्कोरकार्ड जरूरी होता है। इसके अलावा, आपको बैंक स्टेटमेंट के जरिए यह साबित करना होगा कि आपके पास वहां रहने और पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए पर्याप्त पैसे मौजूद हैं।

## जुलाई-अगस्त में डिहाइड्रेशन पड़ सकता है भारी मानसून के दिनों में क्यों बढ़ जाता है खतरा?



जुलाई का महीना भीषण गर्मी और लू से राहत लेकर आता है। देश के ज्यादातर हिस्सों में बारिश की शुरुआत के कारण मौसम ठंडा हो जाता है। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, भले ही आपको इन दिनों में तेज धूप से राहत मिल जाती है वातावरण में बढ़ी हुई नमी यानी ह्यूमिडिटी आपके कहीं ज्यादा बड़ी समस्याएं लेकर आती है। डॉक्टर कहते हैं, तेज धूप वाली गर्मी की तुलना में उमस भरी गर्मी ज्यादा खतरनाक होती है, क्योंकि हवा में मौजूद नमी पसीना आनेमें रुकावट डालती है। धूप वाली गर्मी में पसीना जल्दी सूख जाता है और त्वचा से गर्मी को दूर ले जाता है। वहीं उमस भरी गर्मी में हवा पहले से ही नमी से भरी होती है, जिससे पसीना सूख नहीं पाता। ऐसे में शरीर में धीरे-धीरे पानी और जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी होती रहती और डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर को स्वस्थ रखने और बीमारियों से बचे रहने के लिए इस मौसम में शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी हो जाता है।

**सिर्फ पानी नहीं, इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन भी जरूरी**

डिहाइड्रेशन यानी पानी की कमी सिरदर्द, चक्कर आने, कमजोरी, थकान, मांसपेशियों में ऐंठन, लो ब्लड प्रेशर और गंभीर मामलों में किडनी पर भी असर डाल सकती है। जुलाई-अगस्त यानी मानसून कि दिनों में वायरल संक्रमण, डायरिया और फूड पॉइजनिंग जैसी समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। इन बीमारियों के दौरान भी शरीर में तेजी से पानी की कमी होने लगती है, जिससे डिहाइड्रेशन का जोखिम हो सकता है। इसलिए इन दिनों में केवल पानी पीना ही काफी नहीं है, शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है।

**मानसून के दिनों में डिहाइड्रेशन का खतरा**

आमतौर पर जब बात डिहाइड्रेशन की हो तो लोग इसे केवल गर्मियों की समस्या मानते हैं, जबकि मानसून में भी यह उतना ही आम है। बारिश के मौसम में हवा में नमी बढ़ने से पसीना आसानी से सूख नहीं पाता।शरीर तापमान नियंत्रित करने के लिए लगातार पसीना बनाता रहता है, लेकिन व्यक्ति को उसका एहसास कम होता है। इसी वजह से लोग पानी कम पीते हैं और धीरे-धीरे शरीर में पानी की कमी होने लगती है। इसके अलावा उमस, संक्रमण, डायरिया और उल्टी जैसी समस्याएं भी इस मौसम में अधिक होती हैं, जो शरीर से पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी बढ़ाने वाली हो सकती हैं।


**कैसे जानें कहीं आप भी तो नहीं हो गए डिहाड्रेशन का शिकार?**

डिहाइड्रेशन की समय रहते पहचान जरूरी है। अगर बार-बार मुंह सूख रहा है, गहरे रंग का पेशाब हो रहा है या फिर पेशाब कम हो रहा है तो ये शरीर में पानी की कमी का संकेत हो सकता है। सिरदर्द, थकान, चक्कर आना और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई होना भी इसका संकेत हो सकता है। यदि शरीर में पानी की कमी बढ़ती जाए तो दिल की धड़कन तेज हो सकती है, लो ब्लड प्रेशर और बेहोशी तक की स्थिति बन सकती है।

**कैसे दूर करें ये समस्या?**

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सिर्फ पानी ही नहीं बल्कि सोडियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम और क्लोराइड जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स भी जरूरी होते हैं। अधिक पसीना आने, उल्टी या दस्त होने पर ये मिनरल्स भी शरीर से निकल जाते हैं।

## रेसिपी



*ब्रेकफास्ट हो या लंच और डिनर, सभी के लिए मेथी पराठा एक परफेक्ट डिश है। स्वाद से भरपूर मेथी पराठा सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है।मेथी की सब्जी के साथ ही इससे कई तरह की डिशेस बनाई जाती है। हालांकि मेथी का पराठा एक हर घर मे बनने वाली फूड आइटम है जो काफी पसंद भी की जाती है।*

मेथी डाइजेशन को बेहतर रखने के साथ ही ब्लड शुगर को भी कंट्रोल करने में मदद करती है। ऐसे में मेथी के पराठे टेस्टी के साथ हेल्दी ऑप्शन भी होता है। अगर आप इसे रेस्टोरेंट स्टाइल में बनाना चाहते हैं तो कुछ आसान टिप्स और ट्रिक्स के साथ इसे घर पर बना सकते हैं। आइए जानते हैं कैसे।

### ऐसे बनाएं मेथी के पराठे

**सामग्री –**
मेथी के पत्ते - 1 कप (धोकर और बारीक कटे हुए), आटा - 2 कप, अजवाइन - 1/2 चम्मच, हल्दी पाउडर - 1/4 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर - 1/2 चम्मच, नमक - स्वाद अनुसार, तेल - 1-2 टेबलस्पून (आटे में मिलाने के लिए), पानी - गूंथने के लिए

**विधि :–**सबसे पहले, एक बड़े बर्तन में आटा छान लें। अब इसमें कटे हुए मेथी के पत्ते, अजवाइन, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर और नमक डालें। इन सभी चीजों को अच्छे से मिला लें। फिर धीरे-धीरे पानी डालते हुए आटे को नरम और चिकना गूंध लें।आटे को गूंधने के बाद उसे ढक कर 15-20 मिनट के लिए आराम से रख दें। अब गूंधे हुए आटे से छोटी-छोटी लोई बना लें। एक लोई लेकर इसे बेलन से बेलें। बेलते समय थोड़ा सा आटा छिड़क सकते हैं ताकि पराठा चिपके नहीं। पराठे को रेस्टोरेंट-स्टाइल में थोड़ा मोटा बेलें, ताकि उसमें फ्लेवर अच्छे से आ सके और वह नरम बने। अब तवे को गर्म करें और उस पर थोड़ा सा घी या तेल लगाएं। बेलें हुए पराठे को तवे पर डालें। जब एक साइड हल्की ब्राउन हो जाए, तो उसे पलट कर दूसरी साइड भी सेंकें।अब पराठे को पलटते समय थोड़ा सा घी या तेल लगा सकते हैं, ताकि पराठा कुरकुरा और स्वादिष्ट बने।दोनों साइड अच्छे से ब्राउन और क्रिस्पी होने तक सेंक लें। तैयार मेथी पराठा को गर्मागर्म सर्व करें। आप इसे दही, अचार, या किसी भी पसंदीदा सब्जी के साथ खा सकते हैं।

## पार्टी में जाने से पहले अपनाएं ये टिप्स पाएं चमकती त्वचा



पार्टी में ग्लोइंग स्किन पाना हर महिला की ख्वाहिश होती है। महिलाएं कई बार महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन फिर भी स्किन पर मनचाहा ग्लो नहीं आ पाता। अगर आप चाहती हैं कि आपकी स्किन पार्टी में जाने से पहले दमकती नजर आए, तो आपको कुछ आसान टिप्स फॉलो करने की जरूरत है। इन उपायों को अपनाकर आप न सिर्फ अपनी त्वचा को ग्लोइंग बना सकती हैं, बल्कि इसे हेल्दी भी रख सकती हैं।

**स्टीम लें चेहरे को डीप क्लीन करने के लिए :** पार्टी में जाने से पहले चेहरे की सफाई बेहद जरूरी है। प्रदूषण और धूल-मिट्टी की वजह से चेहरे पर गंदगी जम जाती है, जिससे त्वचा का ग्लो खत्म हो जाता है। ऐसे में स्टीम लेना एक बेहतरीन उपाय है। स्टीम की मदद से स्किन पर जमी गंदगी और ऑयल साफ हो जाते हैं, जिससे स्किन ग्लोइंग नजर आती है।

**ऐसे लें स्टीम :** एक बड़े बर्तन में गर्म पानी लें और उसमें 2-3 बूंदें गुलाब जल, टी-ट्री ऑयल, या नीम के तेल की डालें।तौलिए से सिर और बर्तन को ढकें, ताकि स्टीम चेहरे तक अच्छे से पहुंचे। लगभग 5-7 मिनट तक स्टीम लें। स्टीम के बाद चेहरे को हल्के हाथों से साफ कपड़े या टिशू से पोछ लें। चाहें तो स्टीम के दौरान सुखदायक अनुभव के लिए कुछ जड़ी-बूटियां जैसे तुलसी के पत्ते या ग्रीन टी का इस्तेमाल करें। **स्क्रब से करें डेड स्किन को साफ :** स्टीम लेने के बाद चेहरे की गंदगी को साफ करने के लिए स्क्रब का इस्तेमाल करें। मार्केट में मिलने वाले स्क्रब के साथ-साथ घर पर बने स्क्रब जैसे चीनी और शहद का मिश्रण या बेसन और दूध का स्क्रब भी इस्तेमाल कर सकती हैं। स्क्रब को हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में मसाज करें। मसाज करते समय न ज्यादा दबाव डालें और न ही ज्यादा समय तक मसाज करें। गुनगुने पानी से चेहरा धोने के बाद चेहरे पर ठंडे पानी का छिड़काव करें, ताकि पोर्स बंद हो जाएं।

**फेस मास्क से पाएं इंस्टेंट ग्लो :** फेस मास्क लगाने से चेहरे की खोई हुई नमी वापस आती है और त्वचा को फ्रेशनेस मिलती है। मुल्तानी मिट्टी का मास्क ऑयली स्किन के लिए फायदेमंद होता है, जबकि एलोवेरा जेल और खीरे का मास्क ड्राई स्किन को हाइड्रेट करता है। नेचुरल सामग्री जैसे हल्दी और दही का मास्क चेहरे को नेचुरल चमक देता है। मास्क को चेहरे पर 15-20 मिनट तक लगाएं और फिर गुनगुने पानी से धो लें। मास्क लगाने के बाद चेहरे पर लाइट मॉइस्चराइजर जरूर लगाएं।

**मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल न भूलें :** मॉइस्चराइजर स्किन को हाइड्रेट रखने के साथ-साथ उसे सॉफ्ट और ग्लोइंग बनाता है। अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो जेल-बेस्ड मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। ड्राई स्किन के लिए शिया बटर या नारियल तेल युक्त मॉइस्चराइजर सबसे बेहतर होते हैं। मॉइस्चराइजर को लगाने के लिए हमेशा हल्के हाथों का इस्तेमाल करें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

### दैनिक पंचांग लखनऊ रविवार, 28 जून 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, चतुर्दशी तिथौ रवि वासरे 27/07 ज्येष्ठा नक्षत्रे 25/09/ शुभ योग 13/30/ गर करणे 13/56/ धनु राशिगत चन्द्रमा 25 घं.09 मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार–** भद्रा प्रारंभ घं. 27 मि. से।

**मेष :** नए आर्थिक निवेश में रुचि रहेगी। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा। शिक्षा प्रतियोगिता से लाभ होगा। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा।

**वृष :** उद्योग व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। यात्रा-वाहन पर व्यय होगा।

**मिथुन :** रचनात्मक कार्यों पर व्यय होगा। परिजनों की चिंता रहेगी। सुसंगति लाभ होगा। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी।

**कर्क :** आकस्मिक लाभ होगा। सत्परामर्श से लाभ मिलेगा। कार्यों पर व्यय होगा। कारोबारी विषमता दूर होगी।

**सिंह :** आय -व्यय संभावना रहेगी। उन्नति के नये अवसर बनेंगे। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। अभावग्रस्तता दूर होगी।

**कन्या :** मित्रागमन होगा। घरेलू कार्यों में व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। उधार देने से बचे।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होंगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यात्राएँ लाभप्रद रहेंगी। मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति का हर्ष रहेगा।

**धनु :** आत्मीय जनों का सानिध्य मिलेगा। काम का बोझ रहेगा। नए निवेश लाभप्रद रहेंगे। बौद्धिक विकास होगा।

**मकर :** मनोनुकूल वातावरण रहेगा। रोजी - रोजगार में सफलता मिलेग सम्पर्को में वृद्धि होगी। अनावश्यक बहानेबाजी टालें।

**कुंभ :** जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। मन माफिक कार्य पूर्ण होंगे। देनदारी कम होगी। यश प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन :** वाहन कष्ट रहेगा। चोट लगने का भय होगा । कारोबारी योजनाएँ सफल होंगी। जीवन ऊर्जा का विकास होगा।

## सिर्फ 2 मिनट की आदत बचा सकती है कई बीमारियों से

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आपने डिटॉक्स के बारे में जरूर सुना होगा। पर क्या आप जानते हैं कि बॉडी डिटॉक्स करने से कहीं ज्यादा जरूरी है कि आप मुंह की साफ सफाई का ध्यान रखें। अक्सर लोग दांतों को चमकदार बनाए रखने के लिए ब्रश तो कर लेते हैं, लेकिन मुंह की पूरी सफाई पर ध्यान नहीं देते। मुंह में करोड़ों बैक्टीरिया रहते हैं। यही बैक्टीरिया दांतों और मसूड़ों पर प्लाक और टार्टर बनाना शुरू कर देते हैं। इसके बाद मसूड़ों में सूजन, बदबू, खून आना और दांतों का कमजोर होना जैसी समस्याएं शुरू हो जाती हैं। लेकिन खतरा यहीं खत्म नहीं होता। शोध बताते हैं कि मुंह की खराब सेहत का असर सिर्फ दांतों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह शरीर के कई महत्वपूर्ण अंगों को भी प्रभावित कर सकता है।



**मुंह की साफ-सफाई जरूरी**

विशेषज्ञों के अनुसार, मसूड़ों में होने वाली सूजन शरीर में लगातार इंफ्लेमेशन बढ़ा सकती है। शरीर में बढ़ा हुआ इंफ्लेमेशन हृदय रोग, डायबिटीज, फेफड़ों के संक्रमण और गर्भावस्था की कुछ जटिलताओं जैसी समस्याओं का जोखिम बढ़ाने से जुड़ा पाया गया है। मुंह की सफाई नहीं करने पर भोजन के छोटे-छोटे कण दांतों पर चिपक जाते हैं। इन पर मौजूद बैक्टीरिया एसिड बनाते हैं, जो दांतों की बाहरी परत यानी इनेमल को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचाता है। समय पर इलाज न होने पर गहरे कैविटी बन जाते हैं। मुंह की साफ-सफाई में कमी कई बीमारियों का खतरा बढ़ा सकती है।

**हृदय रोग का बढ़ सकता है जोखिम**

अध्ययनों से पता चलता है कि मसूड़ों में लंबे समय तक रहने वाला संक्रमण शरीर में सूजन बढ़ा सकता है। कुछ बैक्टीरिया रक्त के माध्यम से शरीर के अन्य हिस्सों तक पहुंच सकते हैं, जिससे हृदय संबंधी समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं कि हर खराब ओरल हाइजीन वाले व्यक्ति को हृदय रोग होगा, लेकिन दोनों के बीच संबंध कई अध्ययनों में देखा गया है।

**फेफड़ों के संक्रमण का बढ़ सकता है खतरा**

मुंह में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया सांस के साथ फेफड़ों तक पहुंच सकते हैं। विशेष रूप से बुजुर्गों, कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों और अस्पताल में भर्ती मरीजों में यह निमोनिया जैसे संक्रमण का जोखिम बढ़ा सकते हैं। ओरल हाइजीन केवल दांतों की सुरक्षा ही नहीं, बल्कि श्वसन स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जाती है। रोजाना सही तरीके से ब्रश और कुल्ला करना इस जोखिम को कम करने में मदद करता है।

**ओरल हाइजीन का रखें ध्यान**

मुंह की साफ-सफाई के लिए दिन में दो बार फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट से कम से कम दो मिनट तक ब्रश करें। रोजाना फ्लॉस का इस्तेमाल करें और जीभ की सफाई करें। मीठे और चिपचिपे खाद्य पदार्थ कम खाएं और खूब पानी पिएं। हर 6 महीने में डेंटिस्ट से जांच कराएं।

# जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं-डीएम

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को एक माह में हरहाल में निस्तारित करें। यदि एक माह बादयहां आने पर दोबारा शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी शिकायतों के निस्तारण के दौरान मौके पर नियम कानून के साथ स्वविवेक का भी उपयोग करें। उक्त बातें महमूदाबाद कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर नें मौजूद राजस्व कर्मियों को सम्बोधित करते हुये कही। डीएम ने कहा कि शिकायतों को अधिकारी पूरी गंभीरता से लें और उनका उचित निस्तारण भी सुनिश्चित कराएँ। भूमि विवाद से जुड़े मामलों को अगले थाना दिवस तक निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी समस्या का समाधान मौके पर जाकर ही करें। समस्या का समाधान इस प्रकार करें कि शिकायतकर्ता पूरी तरह संतुष्ट हो जाए। समाधान दिवस में आये प्रार्थनापत्रों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए हैं। महमूदाबाद के मोहम्मदीपुर निवासी रमेश कुमार ने बताया कि उन्होंने १५ मई को खेत व बाग का कुर्रा बंटवारा करवाकर हदबंदी कर ली थी। विपक्षी जसवंत सिंह द्वारा सीमेंट के पिलर उखाड़कर दूसरी जगह लगा दिए गए हैं। विरोध करने पर पीड़ित को मारापीटा गया और जान से माने की धमकी दी गई। पीड़ित द्वारा पूर्व में तीन बार अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है किंतु कार्रवाई नहीं हुई। कोतवाली क्षेत्र के बकरापुर उस्मानपुर के राजू पुत्र राम नरायण ने बताया कि गांव को जाने वाले रास्ते पर आंशिक इंटरलाकिंग लगा दी गई किंतु रास्ते बीच से प्रस्तावित ढकी हुई नाली नहीं बनाई गई। पीड़ित द्वारा तीन बार जनता दरबार समेत करीब १२ प्रार्थनापत्र वर्ष २०२४ से दे चुका है, किंतु समस्या समाधान नहीं हो सका। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, एसडीएम डा. अंजलि सिंह, सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव, ईओ पवन किशोर, नायब तहसीलदार राकेश त्रिपाठी, कोतवाल भानु प्रताप सिंह, नगर लेखपाल पुर्णेद्र प्रकाश, रमाकांत समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



# ब्रृज क्षेत्र के अध्यक्ष पूरनलाल लोधी पहुंचे सीतापुर अचिन मेहरोत्रा के नेतृत्व में हुआ जोरदार स्वागत

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पूरनलाल लोधी शनिवार को सीतापुर पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष पूरनलाल लोधी शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा के आवास केशव ग्रीन सिटी पर पहुंचे। यहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अचिन मेहरोत्रा के नेतृत्व में क्षेत्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। फूल मला पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष ने भाजपा कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पद तो आते जाते रहते हैं, लेकिन संगठन को मजबूत करना हम सबकी जिम्मेदारी है। हम सभी भारतीय जनता पार्टी के सैनिक हैं। सभी पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, जितेंद्र मेहरोत्रा, विष्णु मौर्य, महेश वर्मा, निर्मल शुक्ला, युवा मोर्चा महामंत्री अनूप विश्वकर्मा,अंकुल तिवारी, राजेश यादव, अजय मिश्रा दया, सत्य प्रकाश अवस्थी ,उत्तम पांडे, हीरा मिश्रा, अनूप पांडे, राजा श्रीवास्तव ,अरविंद यादव, विशाल विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।



# मार्ग दुर्घटना में अर्द्ध विक्षिप्त महिला की मौत

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। रेउसा मार्ग पर गुरुवार की रात करीब ढाई बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से अर्द्ध विक्षिप्त महिला की मौत के बाद दूसरे दिन शव की पहचान हो गई है। गुरुवार की रात करीब ढाई बजे आरक्षी कुलदीप को गश्त के दौरान महमूदाबाद-रेउसा मार्ग पर मछली मंडी से बिस्मिल्लाह शाह मजार के बीच मार्ग दुघर्टना में अज्ञात घायल महिला पड़ी मिली थी, जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। पुलिस मृतका महिला की पहचान के प्रयास कर रही थी। शनिवार को कोतवाली पहुंच मृतका के बेटे ने उनकी पहचान थानगांव के जंगलपुरवा सुजातपुर की कमला (६०) पत्नी जगदेव के रूप में की। बेटे ने बताया कि उनकी मां कमला देवी १८ जुलाई २०२४ को घर से कहीं चली गई थीं। इस संबंध में थानगांव थाने पर गुमशुदगी भी दर्ज है। कोतवाल भानु प्रताप सिंह ने बताया कि मृतका की पहचान हो गई है। केस दर्जकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# लतीफ अहमद मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के नगर अध्यक्ष मनोनीत

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। महमूदाबाद के संगत किला के लतीफ अहमद को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष मुकेश यादव ने लतीफ को मनोनयन पत्र सौंपा। लतीफके नगर अध्यक्ष मनोनीत होने पर पूर्वमंत्री नरेंद्र वर्मा, जिलाध्यक्ष शमीम कौसर, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मो. कादिर, नगर पालिका अध्यक्ष आमिर अराफात, नगर अध्यक्ष मो. इस्तियाक, राज यादव, आजाद राइन, हिमांशु पोरवाल, अमन कुमार, मो. अफ्ताब, वीरेंद्र यादव, मोइन मंसूर, मुस्लिम अहमद, साकेंद्र यादव, अनूप आदि ने बधाई दीं।

# सड़क हादसे में एक की मौत दूसरे की हालत गम्भीर

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। बिसवां क्षेत्र में सिधौली मार्ग स्थित बहरवा मोड़ पर दो बाइकें टकरा गईं। हादसे में एक युवक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया ।रामपुरकलां के राहयका गांव निवासी छत्रपाल (४८) बाइक से कहीं जा रहे थे। बहरवा मोड़ पर सामने से आ रहे बिसवां निवासी ओमप्रकाश (४९) की बाइक से छत्रपाल की बाइक टकरा गई। हादसे में दोनों लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने छत्रपाल को मृत घोषित कर दिया। ओमप्रकाश को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मौके पर हेलमेट नहीं मिला है। पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है।वही मछरेहटा के खालूपुर निवासी गोकर्ण प्रसाद (७०) ठेलिया पर सब्जी बेचने निकले थे। फिरोजपुर गांव में तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से गोकर्ण प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिसकर्मियों ने उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजवाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि हादसा करने वाले बाइक सवार का पता लगाया जा रहा है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रशासन ने कसा शिकन्जा, दो लाइब्रेरी कराई बंद

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। मिश्रिख तहसील प्रशासन ने शासन के आदेश पर क्षेत्र में शिकन्जा कस दिया है इसी क्रम में विगत दिवस मिश्रिख की नायब तहसीलदार निधि दीक्षित के नेतृत्व में मछरेहटा में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान जलालपुर मार्ग स्थित मिशन शिक्षा लाइब्रेरी की जांच की गई। दूसरी मंजिल पर संचालित लाइब्रेरी में अग्निसुरक्षा के व्यापक इंतजाम नहीं मिले। इस पर लाइब्रेरी को तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए गए।इसके बाद टीम ने राजेश्वरी लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। यहां आपातकालीन निकास द्वार नहीं मिला और संस्थान बिना फायर एनओसी के संचालित पाया गया। ऐसे में राजेश्वरी लाइब्रेरी के संचालन पर भी रोक लगा दी गई। अरोग्यम डायग्नोस्टिक परिसर में संचालित कौशल विकास मिशन के सेंटर को भी बिना फायर एनओसी के संचालित पाए जाने पर बंद कराने के निर्देश दिए गए।वहीं, मछरेहटा सीएचसी के पास स्थित लाइब्रेरी का निरीक्षण किया गया, जो बेसमेंट में संचालित थी। बताया गया कि लखनऊ की घटना के बाद संचालक ने इसे पहले ही बंद कर दिया है।

# अकीदत के साथ निकाला गया बावन डण्डे के ताजिया का जुलूस

( स्वतंत्र भारत )
खैराबाद-सीतापुर। खैराबाद में प्रसिद्ध बावन डंडे ताजिया का जुलूस निकला गया। यह गंगा जमुनी तहजीब व एकता का गुलदस्ता माना जाता है। मान्यता है कि एक हजार वर्ष पूर्व युसूफखान गाजी ने बावन डंडे ताजिया की प्रथा डाली थी। रौजादवाजा के युसूफखान गाजी की दरगाह के बने चौक पर बावन ड़डे ताजिया का जुलूस निकाला ।जाता है। हिंदू व मुस्लिम महिलाएं और पुरुषों की मन्नते मांगते हैं। सैकड़ों की तादात मे अकीदतमंदों ने फूलमाला व खुटिया चढाकर मन्नतें मांगीं। अकीदतमंदों ने कहा कि ऐसा करने से मुरादे पूरी होती है। शिया धर्म के लोगो ने दसवीं मोहर्रम को इमाम हुसेन की सहादत मे मातम भी किया। बावन डंडे का ताजिया मोहर्रम की ग्यारहवीं की शाम को कर्बला मे सपुर्दे खाक होगा। इसमें दूर दराज से आये लोग शामिल हुए।

# संगत की भूमि का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश

( स्वतंत्र भारत )
महमूदाबाद-सीतापुर। संगत की भूमि का जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. ने निरीक्षण किया। गाटा संख्या चार में से २.६०९ हेक्टेयर का बैनामा आठ मई को महंत सतोष दास द्वारा सुख-संमृद्धि अल्फा स्टेट प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ के मार्ग पर गुरुद्वारे के पीछे करीब ६० बीघे भूमि का पिछले दिनों बैनामा हो चुका है। जिलाधिकारी ने सहायक महानिरीक्षक निबंधन



डीएम ने सहायक महा निरीक्षक निबंधन व उप निबंधक के साथ नगर लेखपाल से मामले की पूरी जानकारी हासिल की। बिसवां मार्ग स्थित संगत की बेशकीमती भूमि नाम हुआ। दूसरा बैनामा भी संतोष दास द्वारा कंपनी के डायरेक्टर लखनऊ के मोहनलालगंज के भसंडा के सुनील कुमार श्रीवास्तव पुत्र आरबी श्रीवास्तव के नाम बिसवां जगदंबा शुक्ल, नायब तहसीलदार राकेश त्रिवेदी, नगर लेखपाल पूर्णेंद प्रकाश, उपनिबंधक सपना वर्मा से भूमि की सीमांकन आदि की जानकारी ली।

# चीनी मिल कालोनी की विवाहिता की करंट लगने से मौत

( स्वतंत्र भारत )
महमूदाबाद-सीतापुर। नगर के चीनीमिल कालोनी की विवाहिता की करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों ने पीएम कराने से मना कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया। चीनीमिल कालोनी की दीपाली (३५) पत्नी रवीश कश्यप घर में पंखे का तार लगा रही थी। उसी दौरान दीपाली को करंट लग गया। चीख सुनकर परिजन दौड़े। दीपाली को सीएचसी महमूदाबाद ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। परिजनों ने पीएम कराने से मना कर दिया।

# सम्पत्ति बंटवारे को लेकर मारपीट में चार घायल

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। जनपद के संदना थाना क्षेत्र के कुचलाई गांव में पुश्तैनी मकान और संपत्ति बंटवारे को लेकर भाइयों के बीच चल रहा विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मारपीट में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की है। गांव निवासी मजहर और इकबाल सगे भाई हैं। दोनों के बीच काफी समय से मकान और संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। बृहस्पतिवार को इसी बात को लेकर कहासुनी के बाद दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोंदलामऊ भेजा। घटना का वीडियो भी वायरल हो गया। थानाध्यक्ष मानसिंह पाल ने बताया कि दोनों भाइयों के साथ ही चार लोग घायल हुए हैं। मामले की जांच की जा रही है।

# शातिर चोरों ने टीन उखाड़कर दुकान में की चोरी

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। महमूदाबाद कस्बे में चोरों ने एक दुकान का पीछे का टीन उखाड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित बिलाल पुत्र हनीफ ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि कैथी टोला स्थित श्री संकटा देवी धाम के बाहर मुख्य मार्ग के किनारे उनकी दुकान है। शुक्रवार की रात चोरों ने पीछे से टीन उखाड़कर १० हजार रुपये की नकदी, कैमरा, माइक व अन्य जरूरी सामान चोरी कर ली। पीड़ित ने महमूदाबाद कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल भानु प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# एक वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं हुआ लाखों की चोरी का खुलासा?

( स्वतंत्र भारत )
अटरिया-सीतापुर। स्थानीय कस्बे में विगत लगभग एक वर्ष पूर्व हुई लाखो की चोरी का आज तक पुलिस खुलासा करने में नाकाम रही है। इस सम्बन्ध में शिकायतकर्ता ने अनेको बार प्रशासनिक अधिकारियों /पुलिस अधिकारियों से मिलकर घटना की उच्चस्तरीय जांच एवं अविलम्ब खुलासे की गुहार लगायी। बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर खुलासे के लिये एसओजी टीम का गठन किया गया। कई बार पुलिस टीम गई भी परन्तु अभी तक खुलासा नही कर पायी? जिसके चलते लाखो की चोरी की यह घटना आज भी रहस्य बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि ३०/३१ जुलाई २०२५ की रात अटरिया में यह वारदात हुई थी। जिसका आज तक खुलासा नहीं हो सका है। लगातार निरीक्षण और जांच के दावों के बावजूद पुलिस अभी तक किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है, जिससे क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मांग की है कि अविलंब इसका खुलासा कराया जाये। घटना वाली रात परिवार के घर पर न होने का फायदा उठाकर बदमाश छत के रास्ते मकान में दाखिल हुए और नकदी, जेवरात समेत लाखो की संपत्ति चोरी कर ले गए थे। घटना के बाद पुलिस ने जल्द खुलासे का भरोसा दिलाया था, लेकिन समय बीतने के साथ यह भरोसा अब सवालों के घेरे में आ गया है? बताया जाता है विगत ४ अप्रैल २०२६ को क्षेत्राधिकारी (सीओ) और अटरिया पुलिस टीम ने एक बार फिर घटनास्थल का निरीक्षण किया हालांकि इतने लंबे समय बाद भी जांच किसी निर्णायक मुकाम तक नहीं पहुंची है।




# पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में विवाद

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। सदरपुर के शाहपुर के इरशाद पुत्र यासीन ने बताया कि गांव के निजामुद्दीन, वसी, छोटू, राजू आदि पुरानी रंजिश के चलते घर के सामने आकर गालियां देने लगे और विरोध करने पर यासीन को लाठी-डंडे से मारने-पीटने लगे। शोर सुनकर बचाने आए तो अकरम को मारापीटा। मारपीट में यासीन व अकरम को चोटें आई है। प्रभारी निरीक्षक सदरपुर मुकेश वर्मा ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# नाबालिग बालिका घर से लापता

( स्वतंत्र भारत )
महमूदाबाद-सीतापुर। कस्बे के अमीरगंज वार्ड निवासी नाबालिग बालिका संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। अमीरगंज वार्ड निवासी रंजीत कुमार के मुताबिक उनकी बहन सौम्या देवी (१६) पुत्री स्व राधेश्याम गुरुवार की सुबह करीब १० बजे घर से लापता हो गई। काफी देर तक वापस नहीं आई तो तलाश शुरू की। परिजनों ने रिश्तेदारों के यहां संपर्क किया लेकिन वहां भी कोई पता नहीं चला। रंजीत ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। कोतवाल भानु प्रताप ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर बालिका की तलाश की जा रही है।



# हाईटेंशन लाइन का टूटा तार, बिजली संकट से उपभोक्ता परेशान

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। गोंदलामऊ इलाके में दो दिन से बिजली संकट बना हुआ है। बृहस्पतिवार की आंधी से प्रभावित आपूर्ति किसी तरह बहाल हुई ही थी कि शुक्रवार दोपहर हाईटेंशन (एचटी) लाइन का तार टूटकर जमीन पर गिर गया। इससे करीब २५० गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। छह घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी देर शाम तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी, जिससे उमस भरी गर्मी में लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।बृहस्पतिवार को आंधी के दौरान हाईटेंशन लाइन पर पेड़ गिरने से फाल्ट आ गया था। इसके कारण दोपहर दो बजे से रात १२ बजे तक पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित रही। शुक्रवार को दोपहर करीब एक बजे संदना क्षेत्र में एचटी लाइन का तार टूट गया, जिससे पेयजल व्यवस्था, घरेलू कामकाज, कारोबार और लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पहले से ही बिजली संकट बना हुआ है। आपूर्ति मिलने पर भी लो वोल्टेज की समस्या रहती है, जिससे पंखे, कूलर और अन्य उपकरण ठीक से नहीं चल पाते। शाम सात बजे तक बिजली बहाल नहीं हो सकी थी।जूनियर इंजीनियर धर्मेंद्र ने बताया कि एचटी लाइन का तार टूटने से आपूर्ति बाधित हुई है। विभागीय टीम मरम्मत कार्य में जुटी है और जल्द आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।



# नदी में डूबकर साले-बहनोई की मौत, पुलिस पर गोताखोर देर से बुलाने का आरोप

## परिजनों ने लगाया जाम, एसडीएम व पुलिस के समझाने पर माने परिजन

-स्वतंत्र भारत-

**भुता।** थाना क्षेत्र के ग्राम अहिरोला निवासी रोहित लगभग 20 वर्षीय अपने बहनोई विवेक के साथ कैलाश पुल के पास नदी में नहाने गये थे ,अचानक गहरे पानी में पहुंचकर डूब गए जिससे उनकी मौत हो गई है। सूचना पर पहुंचे परिजन व पुलिस ने ग्रामीण गोताखोर जाल डालकर ढूंढते रहे लेकिन 2 घंटे तक कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस खड़े-खड़े देखते रही और पुलिस ने गोताखोरों को बरेली से नहीं बुलाया। इसी बात से नाराज होकर परिजनों ने पुलिस को खरी खोटी सुनाते हुए रोड पर जाम लगा दिया। इधर सूचना पर एसडीएम रामजनम सिंह यादव फरीदपुर मौके पर पहुंच गए उन्होंने परिजनों को समझा बूझकर जैसे तैसे शांत कर जाम खुलवाया। ग्राम अहिरौला निवासी ओमकर कश्यप के बड़े बेटे गोविंद ने बताया कि मेरा भाई रोहित लगभग 20 वर्षीय केम थाना न्यूरिया पीलीभीत, हाल निवासी गौहनिया चुंगी पीलीभीत निवासी वहनोई विवेक कश्यप 22 वर्षीय लगभग सुबह 10 बजे घर से कैलाश नदी पुल के पास नदी में नहाने के लिए गए थे जो कि नहाते-नहाते गहरे पानी में डूब गए। ग्रामीणों ने देखा तो उन्होंने शोर मचाया। लेकिन तब तक में डूब गए। सूचना पर परिजन भी पहुंच गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी गांव के गोताखोरों को बुलाकर नदी में जाल डलवाकर कई घंटे तक खोजवीन करते रहे लेकिन सफलता नहीं मिली लेकिन नदी में उतरने के लिए गोताखोर नहीं बुलाए इसी बात पर नाराज परिजनों ने रोड पर जाम लगा दिया। बाद में एसडीएम फरीदपुर व थाना प्रभारी निरीक्षक ने परिजनों को जैसे तैसे समझा कर आधे घंटे बाद जाम खुलवा दिया।तब तक गोताखोर भी आ गये। गोताखोरों ने नदी में घुसकर कड़ी मशक्कत के बाद शव निकाले। अचानक हुई मौत से घर परिवार में भारी कोहराम मचा हुआ है। मृतक रोहित पांच भाई एक बहन है। बताया जाता है कि रोहित के बहनोई विवेक भतीजे जन्मदिन पर आए हुए थे। यह घटना घटित हो गई। विवेक की शादी पिछले फरवरी 26 में ही रोहित की बहन बीना के साथ हुई थी। पत्नी का रो-रो का बुरा हाल है। इधर परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया जिसके बाद पुलिस ने दोनों शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।



# सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले भाजपा मंडल अध्यक्ष समेत तीन के खिलाफ तहरीर दी

**फरीदपुर।** सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले भाजपा के मंडल अध्यक्ष समेत तीन आरोपियों के खिलाफ एक और पीड़ित द्वारा थाना पुलिस को दी गई तहरी। सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर डेढ़ लाख रुपये की कथित ठगी करने और रुपये वापस मांगने पर फर्जी रेप मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ति ने प्रभारी निरीक्षक फरीदपुर को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ति शिकायतकर्ता फैजान अली निवासी ग्राम भगवान्तापुर ने बताया कि गांव के ही अफरोज उर्फ राहुल उर्फ सद्दाम, उमेश मौर्य, सोमदत्त पाल तथा एक अज्ञात महिला ने उसे 510 आर्मी बेस में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। आरोप है कि नौकरी के नाम पर उससे कुल 1.50 लाख रुपये लिए गए, जिसमें कुछ रकम गूगल पे के माध्यम से और शेष नकद दी गई। पीड़ति का कहना है कि आरोपियों ने उसे एक आवेदन फॉर्म भरवाकर जमा कराने भेजा, लेकिन वहां अधिकारियों ने फॉर्म को फर्जी बताते हुए स्वीकार करने से इनकार कर दिया। इसके बाद जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने कथित तौर पर उसे फोन पर जान से मारने और फर्जी रेप केस में फंसाने की धमकी दी। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी संगठित गिरोह की तरह लोगों से नौकरी के नाम पर ठगी करते हैं। पीड़ति ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, धमकी और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# तीसरे दिन भी चला बीडीए का अभियान, छह कोचिंग, लाइब्रेरी और अकादमी सील



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** जनसुरक्षा और अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर बीडीए का विशेष अभियान शनिवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। पुलिस प्रशासन, बीडीए और अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के नौ कोचिंग संस्थानों, लाइब्रेरी और जिम का निरीक्षण किया। जांच के दौरान सुरक्षा मानकों में गंभीर खामियां मिलने पर छह संस्थानों को सील कर दिया गया, जबकि तीन को नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

सील किए गए संस्थानों में सोमिक लाइव साइंसिस प्रा.लि., वैदास क्लासिस, एक्सप्लोर लाइब्रेरी, अनंत ज्ञान लाइब्रेरी, राजश्री लाइब्रेरी और माया एकेडमी ऑफ एडवांस सिनेमेटिक शामिल हैं। वहीं स्टडीज वेब क्लासिस एंड लाइब्रेरी, एक्सप्लोर स्टडीज और ऑनिक्स फिटनेस जिम को मानचित्र एवं अग्निशमन विभाग की अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया गया।

अभियान में मुख्य अग्निशमन अधिकारी, बीडीए के विशेष कार्याधिकारी, सहायक अभियंता और अवर अभियंता मौजूद रहे। बीडीए की उपाध्यक्ष ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। अग्नि सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के खिलाफ आगे भी सघन अभियान चलाकर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बिना रजिस्ट्रेशन संचालित मेडिकल स्टोर सील, तीस हजार रुपए की दवाईयां जब्त

-स्वतंत्र भारत-

**शीशगढ़।** कमालपुर गांव में बिना लाइसेंस संचालित एक मेडिकल स्टोर को औषधि निरीक्षक राजेश कुमार ने सील कर दिया है। शनिवार को की गई इस कार्रवाई के दौरान लगभग 30 हजार रुपये की एलोपैथिक दवाएं जब्त की गई और तीन संदिग्ध नमूने जांच के लिए लिए गए।

यह मेडिकल स्टोर धनेली मीरगंज निवासी प्रभात कुमार द्वारा बिना औषधि विक्रय लाइसेंस के चलाया जा रहा था। एक ग्रामीण ने आईजीआरएस के माध्यम से इसकी शिकायत की थी।

शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी और सहायक आयुक्त औषधि, बरेली मंडल, बरेली के निर्देश पर यह छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान, अवैध रूप से संचालित इस मेडिकल स्टोर से मिली लगभग 30 हजार रुपये मूल्य की एलोपैथिक औषधियों को नियमानुसार फॉर्म-16 पर जब्त किया गया।



इसके अतिरिक्त, संदेह के आधार पर तीन संदिग्ध दवाओं के नमूने जांच और विश्लेषण के लिए संग्रहित किए गए हैं। औषधि निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि जब्त किए गए नमूनों को राजकीय प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट मिलने और विवेचना पूरी होने के बाद माननीय न्यायालय में परिवाद दाखिल किया जाएगा,और जल्द ही क्षेत्र में अभियान चलाकर झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# शास्त्री नगर में बिजली संकट पर फूटा लोगों का गुस्सा, धरने पर बैठे क्षेत्रवासी

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** शास्त्री नगर क्षेत्र में शनिवार दोपहर करीब 1 बजे से विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से नाराज क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग के खिलाफ धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि लंबे समय से बिजली गुल रहने के बावजूद विभाग का कोई भी अधिकारी उनकी समस्या सुनने या समाधान के लिए मौके पर नहीं पहुंचा।

धरने पर बैठे लोगों ने कहा कि भीषण गर्मी में घंटों से बिजली नहीं होने के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी विभाग की ओर से कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पुलिस धरना समाप्त कराने का प्रयास कर रही थी। धरने पर बैठे लोगों ने कहा कि भीषण गर्मी में घंटों से बिजली नहीं होने के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी विभाग की ओर से कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई।

समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र में लोगों का विरोध जारी था। बिजली विभाग की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# श्री राम मंदिर चढ़ावा चोरों पर जमकर बरसे भगवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष

## लोकतंत्र सेनानी स्मृति भवन का किया उदघाटन

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** आज भगवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अजय कटियार एक दिवसीय दौरे पर बरेली पहुंचे यहां उन्होंने होटल कार्लटन में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि चंदा चोरों को बिल्कुल नहीं बचाना चाहिए उनको जेल भेजा जाए बड़े लोगों को न बख्शा जाए उसके पश्चात राम मंदिर आंदोलन कारसेवक बंदी रहे एवं लोकतंत्र सेनानी स्व ओम प्रकाश आर्य स्मृति भवन का फीता काटकर उदघाटन भी किया । इस भवन का निर्माण स्व आर्य के पुत्र राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त दिवाकर आर्य ने कराया है।

इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता संतोष उपाध्याय ने कहा कि हमें स्व आर्य जी की जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए।

इस अवसर पर सुनील सक्सेना मिलन, प्रभाकर आर्य,सूर्यांश आर्य, गरिमा आर्य, रक्ष पाल सिंह, दिनेश शुक्ला, अरविंद कुमार, बिट्टू मेहता, कमल गुप्ता, महेंद्र राठौर, रंजना शर्मा, संजय चंद्रा,विनोद राजपूत, शैलेन्द्र सक्सेना शैलू, बब्बल सक्सेना आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील सक्सेना मिलन ने की व सफल संचालन डॉ सुबोध अस्थाना ने किया।

# संक्षिप्त समाचार

## स्कॉर्पियो और दीवार के बीच में दबकर आई गंभीर चोट से रेस्टोरेंट मालिक की इलाज के दौरान मौत, परिवार में मचा कोहराम

**भुता।** थाना भुता क्षेत्र के ग्राम केसरपुर गांव निवासी 42 वर्षीय अर्जुन कुमार की कार दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के चाचा ने बताया कि गुरुवार को अनुज कुमार कनौजिया रेस्टोरेंट मालिक अपने घर के बाहर खड़ी कार के पास पहुंचे थे। इसी दौरान कार अचानक बैक होने लगी। उन्होंने पीछे से कार को रोकने का प्रयास किया तभी वह कार और दीवार के बीच में फंस गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। अर्जुन की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों की मदद से उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया गया। चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया, लेकिन शुक्रवार रात उनकी हालत बिगड़ गई और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी ममता का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे माता-पिता, पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गए हैं। वह खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## भीषण गर्मी के चलते सेंथल में चौबीस घंटे से लाइट गायब, घेराव की चेतावनी, नहीं उठाते अधिकारी फोन

**सेंथल।** विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते आधे कस्बे में चौबीस घंटे से लाइट नहीं आ रही है और विद्युत विभाग कानों में तेल डाले बैठा है। बार-बार शिकायत करने के बाद कोई अधिकारी शिकायत सुनने को तैयार नही हैं। नगर वासियों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र नगर की विद्युत वयवस्था सही नहीं की गई तो अधिकारियों का घेराव किया जायेगा।

## करंट लगने से भैंस की मौत, पीड़ित किसान पर टूटी मुसीबत

**भुता।** थाना क्षेत्र के ग्राम महेशपुर में सड़क के किनारे बैठी एक किसान की भैंस के ऊपर बिजली का तार अचानक टूट कर गिर जाने से करंट लगने से मौत हो गई है। क्षेत्र के ग्राम महेशपुर में इसी ग्राम निवासी नन्हेंलाल की लगभग एक लाख रुपए मूल्य की भैंस सड़क के किनारे खूंटे में बंधी थी इस समय एलटी लाइन ऊपर से अचानक टूट कर तार भैंस के ऊपर गिर गए जिससे करंट लगने से उसकी मौत हो गई है। बिजली के तार जर्जर होने के कारण आए दिन यह हादसे होते रहते हैं। क्षेत्र वासियों ने शीघ्र बिजली के नए तार लगवाए जाने की मांग विद्युत अधिकारियों से की है।

## ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत

**फतेहगंज पूर्वी।** बिलपुर स्टेशन से आगे खंभा नम्बर 1273/25-27 के बीच रेलवे लाइन के किनारे एक 25 वर्ष के युवक का शव चाबी मैन राजीव ने देखा तो बिलपुर स्टेशन पर जानकारी दी।इसके बाद बिलपुर आरपीएफ चौकी प्रभारी नरवीर सिंह व सिपाही कुलभूषण घटनास्थल पर पहुंचे और थाना पुलिस को सूचना दी। थाने से एसएसआई संजीव कुमार, कस्बा इंचार्ज लक्ष्मी नारायण ने मौके पर पहुंचकर युवक के कपड़ों की तलाशी ली तो उसके पास से एक चिलम, गांजा की पुड़िया और बीढ़ी बण्डल सहित 13 रुपये के सिक्के मिले। पुलिस ने स्थानीय लोगों से शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया।जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु बरेली भिजवाया गया।

जब पुलिस ने शव को उठाया तो शव बिल्कुल अकड़ चुका था इससे लग रहा था कि युवक देर रात में ही किसी ट्रेन से गिर गया था। पुलिस द्वारा शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि एक युवक का शव रेलवे लाइन के किनारे मिला था पहचान नहीं हो पाई ट्रेन से गिरने की आशंका लग रही है।

## रंग-बिरंगे ताजियों के साथ निकला मोहर्रम का जुलूस, या हुसैन की सदाओं से गूंजा इलाका

**फतेहगंज पूर्वी।** शनिवार को नगर में मोहर्रम के अवसर पर कस्बे एवं आसपास के गांवों में पूरे अकीदत और धार्मिक श्रद्धा के साथ ताजियों का जुलूस निकाला गया। आकर्षक ढंग से सजाए गए रंग-बिरंगे ताजियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। जुलूस के दौरान 'या हुसैन' की सदाओं से माहौल गूंज उठा और बड़ी संख्या में लोगों ने ताजियों पर फूल और इत्र की बरसात की।



जुलूस में बच्चे, युवा और बुजुर्ग पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। जगह-जगह लोगों ने ताजियों का स्वागत किया और फूल चढ़ाकर इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। ताजियों की भव्य सजावट, आकर्षक कारीगरी और पारंपरिक स्वरूप लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे।

मोहर्रम के जुलूस को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए तथा पुलिस बल लगातार निगरानी करता रहा। जुलूस निर्धारित मार्गों से होकर कर्बला पहुंचा, जहां धार्मिक रस्में अदा की गई। इस अवसर पर कस्बे में तहजीब, आपसी भाईचारे और सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। अकीदतमंदों ने देश और समाज में अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी।

# वैष्णवी शर्मा ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम तथा प्रज्ञन्य शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** विश्व मादक द्रव्य विरोधी दिवस के अवसर पर मद्य निषेध विभाग, उत्तर प्रदेश एवं संस्कार भारती, महानगर बरेली के संयुक्त तत्वावधान में केशव कृपा भवन, बरेली में नशा मुक्ति जन-जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में उप क्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी, मुरादाबाद क्षेत्र, मनोज कुमार के निर्देशन में निबंध, चित्रकला, भाषण सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कांतिकपूर सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 9 की प्रतिभाशाली छात्रा एवं राज्य पुरस्कृत शिक्षक डॉ. अमित शर्मा की सुपुत्री वैष्णवी शर्मा ने अपने उत्कृष्ट विचारों, प्रभावशाली अभिव्यक्ति एवं सामाजिक सरोकारों से परिपूर्ण लेखन के बल पर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। वहीं, कंपोजिट स्कूल नवादा बिलसंडी, विकास क्षेत्र फरीदपुर, बरेली के मेधावी एवं निपुण छात्र तथा डॉ. अमित शर्मा के सुपुत्र प्रज्ञन्य शर्मा ने जूनियर वर्ग की निबंध प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी लेखन प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। विजेता विद्यार्थियों को उप क्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी मनोज कुमार एवं उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



इस उपलब्धि पर शिक्षकों, अभिभावकों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं सामाजिक संगठनों ने वैष्णवी शर्मा एवं प्रज्ञन्य शर्मा को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. मुकेश मीत द्वारा किया गया। इस अवसर पर भूपेंद्र वर्मा, रत्ना वर्मा, कुलदीप वर्मा, प्रदीप रावत, पप्पू वर्मा, नीलिमा रावत, नीलम गंगवार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में ऋषिरंजन सिंह, राजकुमार गोस्वामी, शुभाशीष जोशी, मानस, संजीव एवं अजय का विशेष सहयोग रहा। अंत में कार्यक्रम संयोजक एवं संस्था के महामंत्री अशोक उप्रेती ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

# माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल बरेली को मिले नए निदेशक

## डॉ. सौदामिनी अग्रवाल एवं आर्यमन अग्रवाल ने संभाला निदेशक पद का दायित्व

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल, बरेली में शनिवार को आयोजित गरिमामय समारोह में डॉ. सौदामिनी अग्रवाल एवं आर्यमन अग्रवाल ने विद्यालय के निदेशक पद का औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने दोनों नवनियुक्त निदेशकों का भव्य स्वागत किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका सरकार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर दोनों निदेशकों का अभिनंदन किया। इसके बाद विद्यालय के शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।



समारोह के दौरान डॉ. सौदामिनी अग्रवाल एवं आर्यमन अग्रवाल ने नियुक्ति-पत्र पर हस्ताक्षर कर निदेशक पद का दायित्व संभाला। उन्होंने विद्यालय की समृद्ध परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए शैक्षिक गुणवत्ता, अनुशासन, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प व्यक्त किया।

विद्यालय के प्रबंधक डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती चंदना अग्रवाल ने दोनों नवनियुक्त निदेशकों को शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में विद्यालय शिक्षा, नवाचार और नैतिक मूल्यों के क्षेत्र में नई उपलब्धियाँ हासिल करेगा तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए निरंतर उत्कृष्ट कार्य करता रहेगा।

समारोह का वातावरण उत्साह, गर्व और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। विद्यालय परिवार ने नई शुरुआत का हर्षोल्लास के साथ स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि डॉ. सौदामिनी अग्रवाल एवं आर्यमन अग्रवाल के मार्गदर्शन में माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल, बरेली उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करेगा।

# 28 किलो डोडा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार,एक भागने में रहा सफल, दोनों भाई मिलकर बेचने ले जा रहे थे डोडा

-स्वतंत्र भारत-

**सिरौली।** सिरौली क्षेत्र में नशे के कारोबारी पर पुलिस का बड़ा एक्शन देखने को मिला है थाना सिरौली पुलिस ने 28 किलो 802 ग्राम अवैध डोडा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है जबकि उसका भाई भागने में सफल रहा पुलिस ने एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर तस्कर को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

शुक्रवार को उपनिरीक्षक मनोज कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गस्त कर रहे थे इसी दौरान वह थाना सिरौली क्षेत्र के गांव रुखाड़ा मोड के पास पहुंचे तब उन्हें मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि गांव मुगलपुर प्रथम की ओर से अपने सर पर सफेद रंग बोरा लेकर एक व्यक्ति डोडा(मादक पदार्थ )लेकर आ रहा है। पुलिस तुरंत मुखबिर की बताए हुए स्थान पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर तस्कर को पकड़ लिया तलाशी लेने पर बोरे में अवैध डोडा मिला जिसके बाद पुलिस नियमानुसार कार्रवाई करते हुए तस्कर को थाने लेकर आई पुलिस ने एनडीपीएस के तहत कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत किया पुलिस की पूछताछ में तस्कर ने अपना नाम यादराम पुत्र बुद्धसेन निवासी ग्राम मुगलपुर प्रथम थाना सिरौली जिला बरेली बताया।साथ ही पुलिस की पूछताछ में तस्कर ने बताया कि वह और उसका भाई सुरेश अवैध डोडा को अधिक दाम में बेचने के लिए लेकर जा रहे थे।



गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मनोज कुमार, उपनिरीक्षक वीरेश भारद्वाज,कांस्टेबल शिव कुमार,कांस्टेबल मनोज कुमार, कांस्टेबल मनीष कुमार,कांस्टेबल संजीव कुमार मौजूद रहे।

# युवती से चाकू की नोंक पर दुष्कर्म का आरोप, अश्लील वीडियो बनाया

-स्वतंत्र भारत-

**शीशगढ़।** कस्बे की एक युवती ने पड़ोस के युवक पर चाकू की नोक पर दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता के पिता ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला युवक उनकी बेटी पर गलत नजर रखता था। आरोप है कि करीब दो माह पहले जब युवती घर में अकेली थी, तब आरोपी घर में घुस आया। उसने चाकू की नोक पर युवती के साथ जबरन दुष्कर्म किया और विरोध करने पर उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया।

पीड़िता के पिता के अनुसार, आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार युवती को ब्लैकमेल कर रहा था। आरोप है कि 26 जून की रात आरोपी तमंचा लेकर दोबारा युवती के घर में घुस आया और उसे जबरन ले जाने की कोशिश करने लगा। उसने युवती के साथ गाली-गलौज और मारपीट भी की।

शोर सुनकर आसपास के लोग और रिश्तेदार मौके पर पहुंच गए। उन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ वहां से भाग गया। पीड़ित युवती के पिता की शिकायत पर शीशगढ़ थाना पुलिस ने आरोपी फहीम के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर आरोपी फहीम को नामजद किया गया है।

थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि ग्रामीणों के अनुसार दोनों के बीच कई वर्षों से प्रेम प्रसंग का मामला भी सामने आया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है और तथ्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

-स्वतंत्र भारत-



**फरीदपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुराग गौतम के निर्देशन में अग्निशमन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों, सीएचओ, एएनएम, फार्मासिस्ट, पैरामेडिकल एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने अस्पताल में आग लगने की संभावित परिस्थितियों, आग लगने के प्रमुख कारणों, प्रारंभिक बचाव उपायों तथा आपातकालीन निकासी की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सभी प्रतिभागियों को फायर एक्सटिंग्विशर के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग का लाइव डेमोंस्ट्रेशन कराया गया तथा प्रत्येक कर्मचारी को स्वयं अग्निशामक यंत्र का प्रयोग कर व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुराग गौतम ने कहा कि अस्पतालों में मरीजों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस प्रकार के नियमित प्रशिक्षण से किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी का पालन करने तथा समय-समय पर मॉक ड्रिल में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में फरीदपुर

अग्निशमन विभाग सचिन शाक्य, फायरमैन मोहित कुमार, सचिन कुमार,मोनू कुमार टीम के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ अनुराग गौतम,सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



# आबकारी राज्यमंत्री ने किया 4.9 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** नगर पालिकाध्यक्ष सुखसागर मिश्र के आवास पर शनिवार को जनसंवाद कार्यक्रम में जनपद में संचालित विभिन्न विकास कार्यों से संबंधित लगभग 4 करोड़ 90 लाख रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण आबकारी एवं मद्य निषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने शिलापट्टों का अनावरण एवं बटन दबाकर किया।

मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने जनपद के सभी धर्मों, वर्गों और जातियों के लोगों के साथ समान भाव से कार्य किया है तथा विकास कार्यों में कभी किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया। उन्होंने कहा कि जनहित और विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मंत्री ने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यदि पूरा विपक्ष एकजुट होकर भी चुनाव लड़े, तब भी जनता के समर्थन के बल पर उन्हें पराजित नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास उनके साथ है और इसी भरोसे के साथ विकास की यात्रा आगे बढ़ती रहेगी। साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों से आगामी चुनाव में सहयोग का आह्वान भी किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेम प्रकाश अग्रवाल ने की। इस अवसर पर अजीत अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख अहिरोरी पन्ने सिंह, राजीव सिंह, सभासद राजीव सिंह टेनी , शिशुपाल सिंह, विनोद राठौर, पवन जैन, त्रिलोकी सिंह गौर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## ज्येष्ठ माह के अंतिम शनिवार पर हुए भंडारे

**हरदोई।** ज्येष्ठ माह के अंतिम शनिवार के अवसर पर रंजना होटल के सामने विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंद लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। भंडारे में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए आयोजकों एवं स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ व्यवस्थाएं संभालीं। कार्यक्रम में दिनेश चंद्र मिश्रा, रमेश चंद्र मिश्रा, लक्की मिश्रा, पार्थ मिश्रा, अनुज शुक्ला, शीलू शुक्ला, शिव प्रकाश शुक्ला, अनुज सेठ, अभिषेक मिश्रा, प्रेम मिश्रा, संजय त्रिवेदी, अनुराग शुक्ला, वंदना मिश्रा, रैना शुक्ला, अनु द्विवेदी, शिखा सेठ, पूनम द्विवेदी, रेखा दीक्षित, मीरा शुक्ला, अमित दीक्षित, मानवी द्विवेदी, विशाल त्रिवेदी, जय द्विवेदी, शशांक त्रिवेदी एवं वैभव त्रिवेदी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सेवा कार्य समाज में आपसी सहयोग, सद्भाव और मानव सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही और सभी ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की।



## कांग्रेस के प्रभारी बने राजेंद्र गौतम, हर्ष

हरदोई। कांग्रेस कमेटी का प्रभारी बनाए जाने पर पूर्व मंत्री, दिल्ली सरकार राजेंद्र पाल गौतम के सम्मान में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग द्वारा जश्न मनाया गया। एससी एसटी विभाग के जिलाध्यक्ष विनीत वर्मा के नेतृत्व में सर्वप्रथम अंबेडकर पार्क पहुंचकर भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर एससी एसटी विभाग के जिलाध्यक्ष विनीत वर्मा ने कहा कि राजेंद्र पाल गौतम को उत्तर प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी बनाया जाना सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा तथा दलित, वंचित और शोषित समाज की आवाज़ को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक निर्णय है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने कहा कि राजेंद्र पाल गौतम के प्रभारी बनने से उत्तर प्रदेश कांग्रेस को नई दिशा और नई ताकत मिलेगी।



# सुन्दरकाण्ड पाठ व हवन पूजन के बाद शुरू हुआ भण्डारा

स्वतंत्र भारत



**माधौगंज।** ज्येष्ठ मास के अन्तिम शनिवार को कटरा बिल्हौर हाईवे माधौगंज मल्लावां मार्ग पर स्थित एस के डायग्नोस्टिक एण्ड डिजिटल एक्स-रे सेंटर के तत्वावधान में सुन्दरकाण्ड पाठ के पश्चात हवन पूजन कर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के बड़े भाई वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक ने सुन्दर काण्ड पाठ में प्रतिभाग कर श्री संकटमोचन हनुमान जी महाराज की पूजा स्तुति कर भण्डारे का शुभारंभ किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक ने कहा कि सनातन धर्म की संस्कृति को बढ़ावा देकर सबको प्रतिदिन पूजा पाठ नेक व पुण्य कार्य जरूर करना चाहिए। इसी श्रृंखला में पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सुभासपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील अर्कवंशी ने हनुमानजी की स्तुति कर भण्डारे में छोले चावल का वितरण किया।वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक, सुभासपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील अर्कवंशी, मंत्री प्रतिनिधि राजीव अर्कवंशी वरिष्ठ भाजपा नेता अभयशंकर शुक्ला, नगर पंचायत माधोगंज अध्यक्ष अनुराग मिश्रा उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री नवल किशोर माहेश्वरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पंकज वर्मा को एस के डायग्नोस्टिक एण्ड डिजिटल एक्स-रे सेंटर के संचालक सन्दीप कुमार ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसी श्रृंखला में संगीत कुमार ने आगंतुक सभी अतिथियों को फूलों की माला पहनाकर उनका जोरदार अभिनन्दन किया।

सुन्दरकाण्ड पाठ सम्पन्न होने के बाद वैदिक मंत्रों के उच्चारण व हवन की पुर्णाहुति के बाद जय श्रीराम, जय सियाराम,जय हनुमान, जय खाटूश्यामजी, जय शनिदेव महाराज की जयकारों के तीव्र उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम आयोजक सन्दीप कुमार, संगीत कुमार के अलावा राकेश अर्कवंशी मनीष तिवारी, गौरव कश्यप, भैयालाल , रजनीश, अखिलेश आदि ने पूरे दिन भर पैदल राहगीरों के अलावा बसें कारें मोटर साइकिलों आदि वाहनों को रोककर छोले चावल भण्डारे का प्रसाद वितरण में सहयोग किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रमुख रूप से मण्डल अध्यक्ष आनन्द सैनी, उपाध्यक्ष नन्दकिशोर कनौजिया सुधीर गंगवार, मुकेश गुप्ता,मायाप्रकाश अग्निहोत्री, नन्दकिशोर गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, मनीष तिवारी, डा. श्यामसुन्दर शर्मा, राहुल गुप्ता, भरत द्विवेदी, रामकिशोर शर्मा, रामनरेश आर्य आदि पत्रकार बन्धुओं के अलावा सुशील सिंह, नामित सभासद सीमा सिंह, आलोक शुक्ला, सचिन तिवारी, बलवन्त सिंह, मुजक्किल, लैब टैक्नीशियन शिवानी सोनू, इमरान बृजेश कुमार, सहित तमाम श्रृद्धालु भक्त मौजूद रहे। रामनरेश आर्य ने कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों व सहयोगी मित्रों का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया।

# प्रेमी युगल ने एक ही कमरे में लगाई फांसी, दोनों की मौत

**● तीन बच्चों का पिता था प्रेमी**



**हरदोई।** थाना कछौना मे तीन बच्चों के 35 वर्षीय पिता ने अपनी बीस वर्षीय प्रेमिका के साथ एक ही कमरे मे फांसी लगा ली। जिससे दोनों की मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे मे लेकर पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी सुबोध गौतम ने बताया थाना कछौना क्षेत्रांर्तगत ग्राम चौरा में सरवन पुत्र जवाहर उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम चौरा थाना कछौना व कुंती पुत्री सोबरन उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम फत्तेपुर थाना बेनीगंज ने अपने घर में फांसी लगा ली है। सरवन की शादी हो चुकी थी उसके 03 बच्चे है। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शवों को नियमानुसार पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर मोर्चरी भेजा गया है।अन्य जानकारी के अनुसार सरवन का दो वर्ष पूर्व पत्नी से कुछ विवाद रहने लगा था।उसकी पत्नी बच्चो के साथ मायके रह रही थी।इसी बीच उसका प्रेम प्रसंग फत्तेपुर निवासी कुंती से शुरू हो गया। 24 जून को सरवन कुंती से मिलने बेनीगंज गया था तो ग्रामीणों ने पकड़ कर मारपीट कर बेनीगंज पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस ने 151 की कार्यवाही कर छोड़ दिया था।25 जून को युवती की जिद पर उसके परिजनों ने कछौना एक मंदिर मे रस्म अदायगी कर कुंती को सरवन के साथ उसके घर भेज दिया था। सरवन के साथ दूसरी युवती की मौजूदगी की खबर पाकर उसकी पत्नी भी मायके से ससुराल लौट आई थी। सरवन के माता पिता दोनों की आँख की रौशनी चली गई है। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह ने बताया घटना के सभी पहलुओं पर जाँच की जा रही है जाँच के आधार पर आगे कार्यवाही की जाएगी।

# ज्येष्ठ के अंतिम शनिवार पर कराया विशाल भंडारा

स्वतंत्र भारत



**कछौना-हरदोई।** ज्येष्ठ माह की भीषण गर्मी में आम जनमानस को राहत देने के लिए प्रसाद वितरित करवाने का विशेष महत्व है, तप सेवा दान और भक्ति का महीना माना जाता है। इसलिए जलपान शर्बत प्याऊ भंडारा जैसे आयोजन के माध्यम से मानव सेवा और परोपकार का संदेश देता है। इसी क्रम में बनियनखेड़ा निवासी युवा उद्यमी सूर्या गुप्ता उर्फ लिटिल ने अपने कछौना कस्बे के निज निवास पर ज्येष्ठ माह के अंतिम शनिवार को भंडारे का आयोजन किया। इसमें बूंदी, पूड़ी, सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। इसमें राहगीरों, पुरुष, महिलाओं, बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस माह में भगवान हनुमान जी की उपासना का विशेष महत्व है, क्योंकि वह भक्ति, सेवा और समर्पण के प्रतीक है। हनुमान जी के ध्यान से विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस विशाल भंडारे के आयोजन में धार्मिक आस्था और सेवा भाव का सुंदर दृश्य देखने को मिला। इस तरह के आयोजन से समाज में एक दूसरे के प्रति प्रेम भाव, भाईचारा से सद्भाव बढ़ता है। इस अवसर पर प्रबुद्धजन, जन प्रतिनिधि गण सभासद, शिक्षक गण, व्यापारियों ने बढ़कर भागीदारी की। व्यापार मंडल संरक्षक रामखेलावन गुप्ता, संजीव कुमार गुप्ता, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता, मनोज गुप्ता, निलेश गुप्ता, रुद्र प्रताप सिंह, युवा नेता संचित अग्रवाल, गौतम कनौजिया, श्रीश मिश्रा, रविंद्र कुमार सिंह, दुर्गेश सिंह, लालन गुप्ता, पूर्व सभासद धर्मेंद्र सिंह, मुकेश कुमार सिंह सहित पुरुष, महिलाओं, बच्चों ने बढ़कर सहयोग किया। पूरे समय में वातावरण में भक्ति एवं सेवा का भाव दिखाई दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मंदिर समिति की बैठक संपन्न

**माधोगंज (स्वतंत्र भारत)।** बाबा सुनासीर नाथ मंदिर समिति की बैठक शनिवार को समिति के अध्यक्ष अभय शंकर शुक्ला के आवास पर संपन्न हुई। 13 सदस्यीय समिति की बैठक में 11 सदस्य उपस्थित रहे। वरिष्ठ सदस्य राधेमोहन गुप्ता अस्वस्थता के कारण तथा मंगल पंडित मांगलिक कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सके। बैठक की अध्यक्षता अभय शंकर शुक्ला ने की। इस दौरान आगामी श्रावण मास में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति ने निर्णय लिया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते किए जाएंगे। साथ ही कांवड़ यात्रा के दौरान आने वाले कांवड़ियों के लिए पेयजल, विश्राम तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में गिरीश मिश्रा, रामगोविंद शास्त्री, गोविंद त्रिपाठी, प्रमोद मिश्रा, अनमोल गुप्ता, उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री नवल महेश्वरी, हरिओम दीक्षित, रोहित राठौर, रामपाल तथा जय सिंह सहित कुल 11 सदस्यों ने विभिन्न बिंदुओं पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए।



### संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न, 17 शिकायतों में 4 का मौके पर निस्तारण



**हरियावां (स्वतंत्र भारत)।** थाना परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) मार्तंड प्रकाश सिंह ने की। समाधान दिवस में राजस्व संबंधी एवं जमीनी विवादों से जुड़ी कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुईं। प्राप्त शिकायतों में से चार मामलों का मौके पर ही निस्तारण थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह, कानूनगो इंद्रजीत शर्मा तथा राजस्व कर्मचारियों के सहयोग से कराया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर संबंधित स्थलों का निरीक्षण करने और निष्पक्ष जांच कर पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का बिना किसी भेदभाव के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उपनिरीक्षक राम लखन अवस्थी, उपनिरीक्षक शालिनी शुक्ला, कांस्टेबल कुशल तथा राजस्व विभाग के लेखपाल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ज्येष्ठ शनिवार को पुलिस चौकी में हुआ बूंदी प्रसाद हजारों श्रद्धालुओं ने किया ग्रहण

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** शनिवार को पावन ज्येष्ठ माह समाप्ति के उपलक्ष्य में प्रताप नगर सीतापुर मुख्य सड़क मार्ग स्थित पुलिस चौकी द्वार पर धार्मिक आस्था और सेवा भाव का सुंदर दृश्य देखने को मिला। चौकी इंचार्ज दीपक कुमार द्वारा श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के लिए बूंदी प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान सड़क मार्ग से गुजर रहे हजारों राहगीर, वाहन चालक, आवागमन कर्मी एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रसाद प्राप्त कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयकारों के साथ प्रसाद वितरण कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर मौजूद किसान यूनियन अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने कहा कि पवित्र ज्येष्ठ माह और शनिवार का दिन सदैव पवन पुत्र श्री हनुमान जी की आराधना के लिए विशेष माना जाता है। उन्होंने कहा कि भंडारा और प्रसाद वितरण जैसे धार्मिक कार्य समाज में सेवा, भाईचारे और सद्भावना का संदेश देते हैं। उन्होंने चौकी इंचार्ज दीपक कुमार की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन का यह मानवीय और धार्मिक रूप समाज के लिए प्रेरणादायक है।

# दलित महिला पर जानलेवा हमला, पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप



**हरदोई।** थाना सण्डीला क्षेत्र के ग्राम अटवा भदसेन में एक दलित महिला के साथ कथित रूप से जातिसूचक गालियां देते हुए दबंगों द्वारा मारपीट और जानलेवा हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़िता ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि घटना के 36 घंटे बाद भी न तो उसकी एफआईआर दर्ज की गई और न ही मेडिकल परीक्षण कराया गया। उल्टा पुलिस ने पीड़िता और उसके पति पर ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अटवा भदसेन निवासी कान्ती पत्नी रामऔतार पासी ने पुलिस अधीक्षक हरदोई को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह अनुसूचित जाति पासी समाज की महिला हैं। आरोप है कि 25 जून 2026 की सुबह करीब 8:30 बजे वह अपने घर के बाहर कूड़ा डाल रही थीं, तभी गांव के ही दबंग राजू सिंह वहां पहुंचे और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपित ने अपने साथियों नत्थू सिंह, मनेश्वर सिंह, संजय सिंह, मोहित सिंह, रोहित सिंह, जोगेश सिंह, सोनम सिंह, आरती, मोनिका सहित अन्य लोगों को मौके पर बुला लिया। पीड़िता का आरोप है कि सभी आरोपितों ने उन्हें घेर लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी-डंडों तथा धारदार हथियारों से हमला कर दिया। घायल महिला को पहले सीएचसी कोथावाँ ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल हरदोई रेफर कर दिया गया। अब पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक हरदोई से निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, मेडिकल परीक्षण कराने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

## पुलिसकर्मी पर पत्नी ने लगाए दूसरी शादी और प्रताड़ना के आरोप

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** जनपद की क्राइम ब्रांच में तैनात हेड कांस्टेबल सागर चौधरी पर उनकी पत्नी अंशु चौधरी ने दूसरी शादी करने और मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि वह पिछले दो दिनों से पुलिस अधीक्षक कार्यालय के चक्कर लगा रही हैं, लेकिन उनकी एसपी से मुलाकात नहीं हो सकी। अंशु चौधरी का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उन्हें एसपी से मिलने नहीं दिया। अंशु चौधरी के अनुसार, 13 वर्ष पहले हिंदू रीति-रिवाज से उनका विवाह सागर चौधरी से हुआ था। वह अपने छोटे मासूम बच्चे के साथ न्याय की गुहार लगाते हुए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। पीड़िता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी न्याय दिलाने की अपील की है। वहीं, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने मामले में कहा है कि प्रकरण की जांच की जा रही है।

# पल्स पोलियो अभियान की जागरूकता रैली निकली

**हरदोई।** जनपद में 28 जून से 6 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान की सफलता के लिए शनिवार को व्यापक जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवनाथ पांडेय ने गांधी भवन परिसर से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गगनभेदी नारों के माध्यम से आमजन को अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद अवश्य पिलाने के लिए जागरूक किया। रैली का संचालन जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. आर.के. सिंह के निर्देशन में किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभियान के लिए पूरे जनपद में 1,792 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। पहले दिन 28 जून को बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, जबकि 29 जून से 6 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाएंगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत जनपद के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 5 लाख 32 हजार बच्चों को पोलियो रोधी दवा की 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए ईंट-भट्ठों, निर्माण स्थलों, प्रवासी परिवारों तथा दूर-दराज के क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं गावी-जेएसआई के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## बैठक का आयोजन

**हरदोई।** मुख्य अतिथि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव डा सुधा प्रसाद के स्वागत में जिला कांग्रेस कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन सुनीता देवी जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस की अध्यक्षता में आयोजन किया गया । कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे अभियान और चुनाव के विषय पर चर्चा करते हुए डॉ प्रसाद ने कहा की महिलाएं जागरूक हो और आगे बढ़े बीजेपी सरकार 2023 का महिला आरक्षण लागू करें और बराबर की भागीदारी दे महिलाओं पर अत्याचार बंद हो और महिलाओं को रोजगार मिले बीजेपी सरकार सिर्फ नफरत पैदा करने का काम करती है । बैठक को महिला जिलाध्यक्ष सुनीता देवी ने कहा की महिला जागरुक है आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी को ही अपना मतदान करेंगे और बीजेपी सरकार को महिलाओं को 2023 वाला आरक्षण ही लागू करना पड़ेगा।

# शिक्षा में रंगमंच से निखर रहा विद्यार्थियों का व्यक्तित्व

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के स्वायत्त संस्थान भारतेंदु नाटक अकादमी (बीएनए) के 'रंगमंच पहुँचे यूपी के गाँव-गाँव तक' अभियान के तहत जनपद हरदोई के भरावन ब्लॉक स्थित प्राथमिक विद्यालय दलेलपुर (पोस्ट बहुती कलां) में 10 दिवसीय स्किल बेस कार्यशाला आयोजित की जा रही है। यह कार्यशाला 21 जून से 30 जून 2026 तक ग्रोथ ह्यूमन फाउंडेशन, हरदोई के सहयोग से संचालित हो रही है।

कार्यशाला में विद्यार्थियों को संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क, समस्या समाधान, मंच संचालन, नाट्य अभिनय तथा रोजगारोन्मुखी कौशल का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति क्षमता विकसित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

कार्यशाला के प्रशिक्षक नागपाल ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारना और उन्हें भविष्य के बेहतर अवसरों के लिए तैयार करना है। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष जनपद के 50 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भी इस प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि हरदोई में संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के पंजीकृत कलाकार एवं प्रशिक्षक समय-समय पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं नाट्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करते रहते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी कला एवं रंगमंच से जुड़ने का अवसर मिल रहा है।

कार्यक्रम से जुड़े प्रशिक्षकों में मनमोहन सिंह जोती, टीना कटियार, लक्ष्मी देवी, मुस्कान, सिमन अंसारी, रामसनेही देवी एवं अमर सिंह (नाट्य कला), श्याम सुंदर वर्मा, कोलंबस कुमार, अनूप कुमार एवं ओमपाल (लोक गायन एवं हारमोनियम) तथा दुलीचंद (ढोलक वादन) शामिल हैं। कार्यशाला के संचालन में भूपेंद्र कुमार, रामेंद्र कुमार, सरमिंद कुमार एवं अंकित कुमार सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए भारतेंदु नाटक अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रति शंकर त्रिपाठी, बीएनए शिक्षक डॉ. सुमित श्रीवास्तव तथा हाईकोर्ट, लखनऊ के अधिवक्ता एवं हरि सुधा सोशल रिफॉर्म फाउंडेशन, हरदोई के अभिषेक कुमार दीक्षित के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया।

## निदेशक ने की स्वंयसेवी संस्थाओं के साथ बैठक

**हरदोई।** वर्षाकाल 2026 में वृक्षारोपण जन अभियान के अन्तर्गत कराये जाने वाले वृक्षारोपण की तैयारी के सम्बन्ध में प्रभागीय निदेशक, सावा वन एंव वन्य जीव प्रभाग, जेबी शेंडे, की अध्यक्षता में स्वंय सेवी संस्थाओं के अध्यक्ष/मंत्री व अन्य सदस्यों के साथ प्रभागीय कार्यालय में बैठक आहूत गयी। बैठक में जिला अध्यक्ष सरोज सिंगल, महिला विंग की जिला महामंत्री ज्योति बघेल, शिवम द्विवेदी, अध्यक्ष, प्रहलाद नगरी जन कल्याण समिति, एस्कॉन सेवा संस्थान शाहाबाद, विभाग संयोजक हरदोई, सेवा भारती हरदोई, कौशल सिंह, नाग फाउण्डेशन, हरदोई, भवानी गंगा योद्धा नमामि गंगे आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में 01 जुलाई से 07 जुलाई तक वन महोत्सव कार्यक्रम, प्रभारी मंत्री, द्वारा पौधरोपण, जनपद के अन्तर्गत अन्य कार्यदायी विभागों द्वारा होगा। बैठक में श्रीमती सरोज सिंगल द्वारा मेडिकल कालेज हरदोई परिसर में वृक्षारोपण कराने, सुधीर अवस्थी एंव अजय कुमार अवस्थी द्वारा नगर क्षेत्र में फलदार पौधों को रोपित कराने एंव उनकी सुरक्षा हेतु जनपद के बड़े-बड़े उद्योगपति, व्यापारियों, समाज सेवी तथा अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद हरदोई से अवस्थी जर्दा कम्पन्नी, व्यापार कर अधिकारी, उद्योग व्यापार मण्डल, नेहरु युवा केन्द्र, कृषि मंडी सचिव आदि से ट्रीगार्ड लगवाने हेतु उद्योगपति, व्यापारियों तथा समाज सेवी, अध्यक्ष नगर पालिका से वार्ता कर ट्रीगार्ड उपलब्ध कराने की बात कही गयी।



# समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के थानों पर आने वाले आमजन की सुनीं समस्याएं



स्वतंत्र भारत (मीरजापुर)। 27 जून 2026 शासन के निर्देशानुसार जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश व उप पुलिस महानिरीक्षक पूनम द्वारा थाना को0देहात पर तथा जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा थाना कछवां पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी द्वारा थाना विन्ध्याचल, थाना लालगंज, थाना हलिया थाना अदलहाट पर, उप जिलाधिकारी मड़िहान व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन द्वारा थाना मड़िहान पर, नायब तहसीलदार द्वारा थाना ड्रमण्डगंज व थाना जमालपुर पर सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षगण व राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ थाने पर आने वाले आमजन की समस्याएं सुनकर मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया गया। थाना समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्र यथा- थाना को0शहर पर 01 प्रार्थना पत्र प्राप्त व 01 निस्तारित, थाना को0 कटरा पर 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना विन्ध्याचल पर 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना को0देहात पर 27 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना चील्ह पर 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित, थाना कछवां पर 30 प्रार्थना पत्र प्राप्त 05 निस्तारित, थाना पड़री पर 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना लालगंज पर 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त 04 निस्तारित, थाना हलिया पर 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना जिगना पर 66 प्रार्थना पत्र प्राप्त 32 निस्तारित, थाना सन्तनगर पर 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना ड्रमण्डगंज पर 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना चुनार पर 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना अदलहाट पर 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त 03 निस्तारित, थाना जमालपुर पर 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना राजगढ़ पर 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारित, थाना मड़िहान पर 08 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारित, थाना अहरौरा पर 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को रवाना किया गया।

# बढ़नी कस्बे में मोहर्रम का ताजिया जुलूस निकला, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद



स्वतंत्र भारत, बढ़नी, सिद्धार्थनगर। मोहर्रम के अवसर पर शुक्रवार को बढ़नी कस्बे में परंपरागत ढंग से ताजिया जुलूस निकाला गया। या हुसैन की सदाओं और मातमी धुनों के बीच बड़ी संख्या में अकीदतमंद ताजियों के साथ जुलूस में शामिल हुए। जुलूस निर्धारित मार्गों से गुजरते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचा, जहां धार्मिक रस्में अदा की गईं।

जुलूस के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। कस्बे के प्रमुख चौराहों, संवेदनशील स्थानों तथा मंदिरों के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार जुलूस की निगरानी करते रहे तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। प्रशासन द्वारा जुलूस मार्ग पर बैरिकेडिंग, यातायात नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए गए थे। पुलिसकर्मी पैदल गश्त के साथ-साथ संवेदनशील स्थानों पर मुस्तैद रहे, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अधिकारियों ने बताया कि मोहर्रम के दौरान शांति और आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। स्थानीय लोगों और ताजिया कमेटियों ने भी प्रशासन का सहयोग किया, जिसके चलते पूरे कार्यक्रम के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

## अदवा फीडर पर शटडाउन, सोनकर बस्ती में एचटी लाइन जोड़ने का काम

स्वतंत्र भारत हलिया, (मीरजापुर)। हलिया विद्युत उपकेंद्र के अदवा फीडर से जुड़े हलिया की सोनकर बस्ती में शनिवार को एचटी तार जोड़ने के लिए बिजली आपूर्ति ढाई घंटे बाधित रहेगी। बिजली विभाग के अनुसार, मेंटेनेंस कार्य के चलते अदवा फीडर पर शटडाउन लिया गया है। सोनकर बस्ती क्षेत्र में एचटी लाइन को जोड़ने का काम किया जा रहा है। विभाग ने बताया कि कार्य पूरा होते ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। उपभोक्ताओं से असुविधा के लिए सहयोग की अपील की गई है।इस संबंध में उपखण्ड अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया की अदवा फीडर का एचटी तार जोड़ने के लिए ढाई घंटे की रोस्टिंग हुई है तार जोड़ने के बाद आपूर्ति शुरू किया जायेगा।

## आकाशीय बिजली गिरने से 18 वर्षीय किशोरी बेहोश, 108 एंबुलेंस से लालगंज सीएचसी में भर्ती



स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)। लालगंज थाना क्षेत्र के ददरी गांव में शुक्रवार शाम करीब 8 बजे आकाशीय बिजली गिरने से 18 वर्षीय प्रियंका पुत्री किशोरी लाल बेहोश हो गई। उसे गंभीर हालत में 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कल शाम तेज गरज के साथ बारिश हो रही थी। खाना बनाकर प्रियंका घर के बाहर हवा लेने निकली थी। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ उसके पास आकाशीय बिजली गिरी। बिजली की चपेट में आने से प्रियंका वहीं जमीन पर गिरकर बेहोश हो गई। तेज आवाज से घबराकर परिजन पहले घर के अंदर भागे। बाहर आकर देखा तो प्रियंका जमीन पर बेहोश पड़ी थी। परिजन चीखते-चिल्लाते हुए उसके पास पहुंचे और सुरक्षित जगह लिटाया। तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के पायलट विनोद यादव और ईएमटी संतोष भारतीय मौके पर पहुंचे। ईएमटी संतोष भारतीय ने तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया और मरीज को सीएचसी लालगंज में भर्ती कराया। सीएचसी में मौजूद डॉक्टरों ने एंबुलेंस में दिए गए प्राथमिक उपचार की सराहना की। फिलहाल प्रियंका का इलाज चल रहा है और उसकी हालत पर नजर रखी जा रही है।

## निजी अस्पताल में नवजात की मौत पर हंगामा, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप; जांच में मिलीं कई खामियां



स्वतंत्र भारत, बढ़नी (सिद्धार्थनगर)। बढ़नी कस्बे के एक निजी अस्पताल में प्रसव के करीब 36 घंटे बाद नवजात शिशु की मौत हो जाने से परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की जांच में अस्पताल में कई खामियां सामने आने पर अस्पताल प्रबंधन को कड़ी फटकार लगाई गई।

जानकारी के अनुसार, ढेकरही निवासी नीरज कुमार अपनी गर्भवती पत्नी पूजा को 23 जून की शाम प्रसव पीड़ा होने पर बढ़नी स्थित निजी अस्पताल अल हयात हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल के प्रबंधन का कार्य देख रहे डॉ. बिलाल अहमद खान ने तत्काल सिजेरियन ऑपरेशन कराने की बात कही और लगभग 25 हजार रुपये खर्च बताया। इस पर नीरज ने 10 हजार रुपये जमा कराए, जिसके बाद महिला का ऑपरेशन किया गया और पुत्र का जन्म हुआ। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के बाद जिस वार्ड में महिला और नवजात को रखा गया था वहां अत्यधिक गर्मी थी। उनका कहना है कि इसी कारण बच्चे का दम घुट गया और करीब 36 घंटे बाद उसकी मौत हो गई। नवजात की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी ले गए, जहां मौजूद डॉ. प्रदीप वर्मा ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। हंगामे के दौरान कुछ देर के लिए अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर डायल-112 पुलिस एवं चौकी इंचार्ज वीरेंद्र यादव मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने बताया कि यदि परिजनों की ओर से लिखित तहरीर दी जाती है तो मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उधर, अस्पताल प्रबंधन ने सभी आरोपों को निराधार बताया। अस्पताल के प्रबंधक डॉ. बिलाल अहमद खान का कहना है कि नवजात की मौत संभवतः दूध श्वास नली में चले जाने के कारण हुई होगी। वहीं पीड़िता पूजा ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि उसने बच्चे को अपना दूध पिलाया ही नहीं था। डॉक्टर के निर्देश पर बाहर से बाजार का दूध पिलाया गया था। मामले की जानकारी मिलने पर सिद्धार्थनगर के नोडल अधिकारी (नैदानिक स्थापना) डॉ. मानवेंद्र पाल, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अविनाश चौधरी के साथ अस्पताल पहुंचे और जांच की।


स्वतंत्र भारत
वर्गीकृत

सूचना

मेरे अंक पत्र में मेरी माता का नाम मोमिना बेगम अंकित है जबकि पासपोर्ट में त्रुटिवश नूरजहां अंकित हो गया है। अतः मोमिना बेगम ही सही नाम है। महफूज अली पुत्र मोहियुद्दीन निवासी रूद्रपुर गुलरिया, पोस्ट-खास, तहसील-गोला, जनपद-खीरी।

सी.आर.- 598/D-33

NOTICE

It is hereby informed to the general public that I have changed my name from MOHAMED ZAHIR AHMED NOOR to MOHD ZAHIR. In the future, I shall be known and recognized by the MOHD ZAHIR S/o NOOR MOHAMED. Address: VILL-CHOTA BANGAON, AYODHYA, UP.

सी.आर.- 595/L-25

सूचना

मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश नाम WAHID AHMAD दर्ज है । सही नाम WAHEED AHMAD है। भविष्य में सही नाम से जाना व पहचाना जाए। वहीद अहमद (WAHEED AHMAD) S/o लतीफ अहमद(LATEEF AHMAD), नि.- 544ए/826 गली न.-1 रईन नगर, सरदार नगर बालागंज, लखनऊ।

सी.आर.- 597/L-34

सूचना

मेरी पुत्री के पासपोर्ट त्रुटिवश नाम RAHAT दर्ज है। सही नाम RAHAT WAHEED है। भविष्य में सही नाम से जाना व पहचाना जाए। वहीद अहमद (WAHEED AHMAD) S/o लतीफ अहमद (LATEEF AHMAD), नि.- 544ए/826 गली न.-1 रईन नगर, सरदार नगर बालागंज, लखनऊ।

सी.आर.- 597/L-34

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम इन्शेराह उमर था, जिसे बदलकर मैंने इंसिरह उमर कर लिया है। भविष्य में मुझे इंसिरह उमर के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। इंसिरह उमर पुत्री मोहम्मद् उमर , पता- फ्लैट ना.-7, कपूर मार्केट, विक्टोरिया स्ट्रीट, चौक, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, पिन-226003.

सी.आर.- 599/L-40

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम जुवारिया था, जिसे बदलकर मैंने जुवारिया उमर कर लिया है। भविष्य में मुझे जुवारिया उमर के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। जुवारिया उमर पुत्री मोहम्मद उमर , पता- फ्लैट ना.-7, कपूर मार्केट, विक्टोरिया स्ट्रीट, चौक, लखनऊ,उत्तर प्रदेश, पिन-226003.

सी.आर.- 600/L-40


## 28 जून को 'मन की बात' सुनने की अपील, भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया आह्वान

स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण 28 जून 2026, रविवार को सुबह 11 बजे किया जाएगा। इसे लेकर भाजपा मंडल हलिया के अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रहरि ने सभी पदाधिकारियों से कार्यक्रम सुनने की अपील की है।


सार्वजनिक सूचना

सूचित हो कि मेरे बेटे प्रशांत कुमार सिंह ने अपनी पत्नी ममता सिंह उर्फ रुचि सिंह व उसकी सगी बहनों एवं उसके माता पिता की प्रताड़ना से तंग आकर 2 मई 2026 की रात कमरे फांसी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर लिया था। जिसमें उपरोक्त सभी लोगों के विरुद्ध नगराम थाने में आत्म हत्या के लिए उकसाने की धारा में मुकदमा दर्ज है ऐसी परिस्थिति में मैं मानसिक रूप से परेशान हूं। मैं शपथी अपनी बहू ममता सिंह पत्नी प्रशांत कुमार सिंह के कृत्यों व गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से शारीरिक एवं मानसिक कष्टों से गुजर रहा हूं। बहू ममता सिंह उर्फ रुचि सिंह के कृत्यों से क्षुब्ध होकर अपने घर से अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से उसे बेदखल करता हूं। आज से बहू ममता सिंह का हमसे व हमारे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। वह अपने किए कृत्यों की स्वयं जिम्मेदार होगी।

**अशोक कुमार सिंह पुत्र स्व. शंभु सिंह निवासी ग्राम अमेठियन का पुरवा मजरा व पोस्ट बहरौली परगना व तहसील मोहनलाल गंज जिला लखनऊ। पिन 226303**

सी.आर.- 596/L


## थाना दिवस : एसडीएम सीओ ने सुनी समस्या मामलों का नहीं हुआ निस्तारण



स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस एसडीएम लालगंज अजीत कुमार व सीओ अमर बहादुर की देखरेख में सम्पन्न हुआ थाना समाधान दिवस पर कुल पांच मामले भूमि विवाद से संबंधित पड़े मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को रवाना किया गया है एसडीएम लालगंज अजीत कुमार ने कहा की थाना समाधान दिवस पर आने वाले मामलों को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करें इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही क्षम्य नहीं होगी इस दौरान थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव राजस्व निरीक्षक अशोक दुबे, शिव कुमार चौबे, लेखपाल अमिताभ यादव, शिवबाबू, कृष्णा पटेल, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

## हमलावर कुत्तों से घड़रोज की ग्रामीणों ने बचाई जान

स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)। ड्रमंडगंज वन क्षेत्र के गलरा गांव में शनिवार सुबह साढ़े सात बजे के करीब घड़रोज (नील गाय) के मादा बच्चे पर कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए किसी तरह से हमलावर कुत्तों को भगाया और घड़रोज की जान बचाई। ग्रामीणों की सूचना के तीन घंटे के बाद पहुंची वनविभाग की टीम घायल घड़रोज को कार में लादकर वन कार्यालय ड्रमंडगंज ले गई जहां घायल घड़रोज का उपचार किया जा रहा है।गलरा गांव निवासी हरिहर प्रसाद पांडेय के घर के सामने शनिवार सुबह कुत्तों के झुंड ने घड़रोज के बच्चे पर हमला कर दिया।


पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना सं0 34/2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। [illegible]

1. ई- निविदा दिनांक 17.07.2026 को 15.00 बजे तक ऑन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS की साइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्फ्रा), इज्जतनगर

मुजाधि / सम्पू-198

सी.आर.- 601/L

दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड, कायमगंज, फर्रुखाबाद जेम पोर्टल हेतु निविदा सूचना

सत्र 2026-27 हेतु चीनी मिल में जेम पोर्टल पर [illegible] कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 26.06.2026 तक अपलोड किया जा चुका है। विस्तृत जानकारी www.gem.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

प्रधान प्रबन्धक

सी.आर.- 601/L

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शहत्रांशु सिंह मेरे कहने सुनने में नहीं रहता है, जिसके कारण मैंने उससे अपना सारा रिश्ता समाप्त कर लिया है। अब मुझसे उससे किसी तरह का वास्ता व सरोकार नहीं रह गया है वह अपने किसी लेन-देन व कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**अवधेश सिंह पुत्र स्व0 दिरपाल सिंह निवासी-लखनऊ बाई पास चौराहा लखनऊ रोड, फतेहपुर जिला फतेहपुर।**

सी.आर.- 602/D

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम शिप्रा गुप्ता SHIPRA GUPTA पुत्री राकेश कुमार गुप्ता है। जो मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं शैक्षिक अभिलेखों में दर्ज है विवाहोपरान्त मैंने अपना नाम शिप्रा गुप्ता से बदलकर शिप्रा मिश्रा रख लिया है। भविष्य में मुझे शिप्रा मिश्रा पुत्री राकेश कुमार गुप्ता पत्नी अमन मिश्र के नाम से जाना व पहचाना जाये।

एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वंय मेरे द्वारा पूर्ण की गई है।

**शिप्रा गुप्ता पत्नी अमन मिश्रा पता- 23/47/32 किदवई नगर, अल्लापुर दारागंज, प्रयागराज।**

सी.आर.- 602/D

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रामपुर कारखाना, देवरिया।

प्रकाशन निविदा/विज्ञप्ति – विकास खण्ड–रामपुर कारखाना, देवरिया।

[illegible]

| क्रमांक | सामग्री का नाम | स्थल का नाम | जी0एस0टी0 सहित अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1- | 10 किलो वाट सोलर पैनल बैट्री सहित | विकास खण्ड | 8.00 लाख |

[illegible]

खण्ड विकास अधिकारी, रामपुर कारखाना, देवरिया

कार्यालय जिला पंचायत-बस्ती

पत्रांक 435 (VI) जि0/जि0पं0बं0/2026–2027 — दिनांक 27.06.2026

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत बस्ती के स्वमित्व वाले विकास भवन के बगल स्थित ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड बस्ती के गोदाम/स्टोर, के ध्वस्तीकरण कर मलबे की नीलामी मा0 अध्यक्ष महोदय की स्वीकृति दिनांक 25.06.2026 के अनुपालन में दिनांक 07.07.2026 को 3.30 बजे दिन में निम्न शर्तों के अधीन जिला पंचायत बस्ती के कार्यालय में अभियन्ता जिला पंचायत बस्ती के कक्ष में नीलाम समिति द्वारा खुली बोली करायी जायेगी।

01– बोली दाता को जमानत के रूप में बोली के पूर्व मु0 12,000.00 रुपये नगद जमा करना अनिवार्य होगा। जो बोली समाप्त होने के उपरान्त अधिकतम बोलीदाता की धनराशि को छोड़कर शेष बोलीदाताओं की धनराशि तत्काल वापस कर दी जायेगी।

02– उच्चतम बोलीदाता को अपने द्वारा बोली गयी धनराशि जमा जमानत धनराशि को समायोजित करते हुए उसी दिन सायं 05 बजे तक जमा करना अनिवार्य होगा। उच्चतम बोलीदाता द्वारा जमा धनराशि किसी भी दशा वापस नहीं की जायेगी।

03– बोली मु0 1,19,000.00 रुपये से प्रारम्भ की जायेगी।

04– बोली में भाग लेने से पूर्व बोलीदाता उक्त भवन के मलवे की जाँच करते हुए बोली में प्रतिभाग करें।

05– उच्चतम बोलीदाता को आदेश प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर भवन के मलवे को अपने व्यय से ध्वस्त करते हुए मलवे को स्थल से हटाना अनिवार्य होगा, इसके लिए जिला पंचायत बस्ती से कोई धनराशि भुगतान नहीं किया जायेगा।

06– बोलीदाता को बोली के दौरान बोली बढ़ने पर अपने द्वारा बोली गयी धनराशि का 50 प्रतिशत धनराशि बोली के दौरान ही जमा करना अनिवार्य होगा।

अतः इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड की छायाप्रति स्वयं प्रमाणित के साथ जिला पंचायत बस्ती के कार्यालय में उपस्थित होकर नियम एवं शर्तों के अधीन बोली में प्रतिभाग कर सकते हैं।

अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत-बस्ती

उ. प्र. उर्दू अकादमी, लखनऊ (उ. प्र. सरकार)

اتر پردیش اردو اکادمی، لکھنؤ حکومت اتر پردیش

IAS — PCS

उर्दू आई.ए.एस. स्टडी सेन्टर, लखनऊ (यू0पी0)

उच्चस्तरीय निःशुल्क कोचिंग सहित उत्तम भोजन एवं हॉस्टल व्यवस्था

बारहवीं बैच (2026-27) का प्रवेश प्रारम्भ

उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी माध्यम से सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी हेतु अल्पसंख्यकों के लिए सुनहरा अवसर

विस्तृत जानकारी के लिए अकादमी वेबसाइट www.upurduakademi.in पर देखें।

उ0प्र0 उर्दू अकादमी, गोमती नगर, लखनऊ

सम्पर्क करें– 9450450484, 9208688770

ऑन लाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि : 14.07.2026
प्रवेश परीक्षा तिथि : 19.07.2026

सम्पर्क करने का समय
प्रातः 10:00 से सायं 05:00 बजे तक

शौकत अली, सचिव — उन्मेश मिश्रा, निदेशक

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अतुल शुक्ला द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव

स्थानीय संपादक : विष्णु मोहन*

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

### तीन माह के बेटे संग वैश्विक मंच पर स्वीडन की मंत्री ने कहा

## मां बनने से कॅरिअर नहीं रुकता



**लक्जमबर्ग।** अपने तीन महीने के बेटे एडम को गोद में लेकर यूरोपीय संघ के जलवायु मंत्रियों की बैठक में पहुंचीं स्वीडन की मंत्री रोमिना पोरमोख्तारी की तस्वीर पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गई है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे वीडियो में रोमिना बेटे को लेकर बैठक में भाग लेती और अपनी बात रखते दिख रही हैं। यूरोपीय यूनियन की बैठक में पहली बार ऐसा देखने को मिला, जब इतना नन्हा मेहमान इसका हिस्सा बना। रोमिना पोरमोख्तारी ने कहा- मैंने जानबूझकर ऐसा किया, ताकि यह संदेश दिया जा सके कि मां बनने का मतलब यह नहीं कि किसी महिला का कॅरिअर रुक जाए। महिलाओं को कॅरिअर और परिवार में से किसी एक को चुनने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिए। 30 साल की पोरमोख्तारी वर्ष 2022 में पद संभालने के समय स्वीडन की सबसे कम उम्र की मंत्री थीं। वह मातृत्व अवकाश से लौटी हैं, जबकि उनके पति सितंबर में होने वाले चुनाव तक छुट्टी पर हैं। एडम की देखभाल के लिए वह उनके साथ लक्जमबर्ग गए थे। इस दौरान रोमिना पोरमोख्तारी ने कहा कि कई बार नेताओं और खासकर महिला नेताओं के सामने यह धारणा बना दी जाती है कि उन्हें अपने परिवार और काम में से किसी एक को चुनना होगा। वह इस सोच से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि यदि परिस्थितियां अनुकूल हों, तो दोनों जिम्मेदारियों को साथ लेकर चलना संभव है। उन्होंन यह भी कहा कि बच्चे का बैठक में मौजूद होना कोई असामान्य बात नहीं होनी चाहिए। उनके अनुसार, कार्यस्थलों और सरकारी संस्थानों को इतना लचीला होना चाहिए कि माता-पिता अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ भी अपने सार्वजनिक दायित्व निभा सकें।

### हैदराबाद में ट्रंप के नाम पर सड़क

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हैदराबाद में उनके नाम पर सड़क का नाम रखे जाने पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि इस सम्मान के लिए वह आभारी हैं और दावा किया कि वह ऐसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति हैं, जिनके नाम पर भारत में इस तरह सड़क का नाम रखा गया है। ट्रंप ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'भारत के हैदराबाद में नया 'डोनाल्ड ट्रंप एवेन्यू' इस तरह सम्मानित होने वाला मैं पहला अमेरिकी राष्ट्रपति हूं। धन्यवाद'। उन्होंने अपने पोस्ट के साथ एक तस्वीर भी साझा की। इस तस्वीर में तेलंगाना के डिप्टी सीएम मल्लू भट्टी विक्रमार्क और भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर सड़क के नामकरण से जुड़ी स्मारक पट्टिका का अनावरण करते दिखाई दे रहे हैं।



गर्मी में ठंडक का देसी इंतजाम, हर घर की पहली पसंद–मिट्टी का मटका। (फोटो : प्रणव कुकरेती)

## वेनेजुएला में फिर भूकंप के झटके

- अब तक 920 मौतें
- करीब 3300 घायल, 51 हजार लापता
- लोग खुद मलबा हटाकर अपनों को तलाश रहे

**काराकास।** दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में 25 जून को आए दो भूकंप के बाद स्थानीय समयानुसार शुक्रवार दोपहर को एक और भूकंप आया। देश के उत्तरी तट के पास आए इस भूकंप की तीव्रता 4.9 मापी गई है। रॉयटर्स के मुताबिक, राजधानी कराकास और माराके में भी झटके महसूस किए गए।

इधर, पिछले भूकंप के तीन दिन बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 920 हो गई है। 3360 से ज्यादा घायल हैं, जबकि 51,700 से ज्यादा लोग लापता हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि अब तक 243 लोगों को जिंदा बचाया गया है। मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।

कई इलाकों में राहत टीमों की कमी के कारण लोग परिजन को ढूंढ़ने के लिए खुद मलबा हटा रहे हैं। कई परिवार हथौड़ों और दूसरे औजारों से इमारतों का मलबा हटाकर अपने परिजन की तलाश कर रहे हैं। इंटरनेशनल रेस्क्यू कमेटी (आईआरसी) की कार्यक्रम चीफ एलिनोर रेक्स ने कहा कि वेनेजुएला में राहत और पुनर्वास का काम हफ्तों नहीं, बल्कि कई महीनों तक चल सकता है। रॉयटर्स से बातचीत में उन्होंने बताया कि भूकंप से देश को भारी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में उनकी संस्था सार्वजनिक सेवाओं को फिर से मजबूत करने और प्रभावित लोगों तक जरूरी राहत सामग्री पहुंचाने के तरीकों पर काम कर रही है।



#### मलबे में फंसी लड़की जिंदा मिली

वेनेजुएला के ला गुआइरा राज्य में ढही इमारत के नौवें फ्लोर पर फंसी 15 साल की एक लड़की को बचाव दल ने जिंदा खोज लिया है। यह जानकारी अल साल्वाडोर के अधिकारियों ने दी है। अल सल्वाडोर के राष्ट्रपति नायिब बुकेले ने एक्स पर बताया कि कैमिला सोफिया मेडिना रिवास नाम की यह लड़की अपने पालतू जानवर के साथ मलबे में फंसी हुई थी। बुकेले के मुताबिक, बचाव दल को लड़की तक पहुंचने के लिए अभी कई दीवारें तोड़नी होंगी। इसके लिए उनके पास जरूरी मशीनें और संसाधन मौजूद हैं।

### अमेरिका में पैक्स सिलिका सम्मेलन

## भारत ने एआई अवसर संबंधी पहल का किया समर्थन




**वाशिंगटन।** भारत समेत 35 देशों ने एआई प्रौद्योगिकियों को गति देने के लिए विश्वसनीय और मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं के विकास की अमेरिकी पहल का समर्थन कर साझा घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। वाशिंगटन में हुए दूसरे पैक्स सिलिका शिखर सम्मेलन में 35 देशों ने इस संयुक्त घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर करके विकासोन्मुखी और नवाचार-समर्थक नियामकीय दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

अमेरिकी आर्थिक मामलों के अवर विदेश मंत्री जैकब हेलबर्ग ने कहा, यह विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण, निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने और ऐसी बुनियादी संरचना विकसित करने की प्रतिबद्धता है, जो आने वाली सदी की एआई क्रांति को शक्ति प्रदान करेगी। शिखर सम्मेलन के दौरान अर्जेंटीना, जर्मनी, नीदरलैंड, चिली, कोस्टा रिका, यूनान, कजाखस्तान, पनामा और यूरोपीय संघ भी पैक्स सिलिका पहल से जुड़ गए। शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन, विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (अमेरिका) नागराज नायडू तथा भारतीय उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने किया।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अन्य देशों की सरकारों व उद्योग जगत प्रतिनिधियों के साथ सेमीकंडक्टर, एआई, लचीली व भरोसेमंद प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखलाओं में सहयोग बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। हेलबर्ग ने कहा, एआई का भविष्य इस बात से तय नहीं होगा कि सबसे पहले नियम कौन बनाता है, बल्कि हमें ऐसा भविष्य बनाना है, जहां नवाचार, निजी निवेश बढ़े। हेलबर्ग ने कहा, हम सब मिलकर ऐसे एआई भविष्य का निर्माण करना चाहते हैं, जो हमारे नागरिकों की सेवा करे, हमारी अर्थव्यवस्थाएं मजबूत बनाए तथा उद्यमिता, नवाचार को सशक्त करे। भारत इस वर्ष फरवरी में नई दिल्ली में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' के मौके पर इस पहल से जुड़ा।

## एक नज़र

### 'बांग्लादेश में बनी नई सरकार का समर्थन करता है चीन'

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शुक्रवार को यहां बांग्लादेश के पीएम तारिक रहमान से मिलकर ढाका की नई सरकार को बीजिंग का समर्थन देने का आश्वासन दिया। शी ने रहमान से कहा, बांग्लादेश की नई सरकार के सुचारु प्रशासन का चीन समर्थन करता है और ढाका के साथ उच्च गुणवत्ता वाले 'बेल्ट एंड रोड' सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। चीन सहयोग योजनाएं भी तैयार करेगा।

### ब्रिटेन में तीन भारतवंशियों को सजा

**लंदन।** ब्रिटेन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने पश्चिमी लंदन में हेरोइन और क्रैक कोकीन की तस्करी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मामले में भारतीय मूल के तीन लोगों को कुल 22 वर्ष से अधिक की जेल की सजा सुनाई गई है। क्राउडन क्राउन कोर्ट ने पूर्व मजिस्ट्रेट 59 वर्षीय पुरषोत्तम ढिल्लों को सात साल की जेल की सजा सुनाई। अदालत ने माना कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए गिरोह की गतिविधियों में मदद की।

### बकिंघम पैलेस में नहीं रहेंगे किंग चार्ल्स

**लंदन।** ब्रिटेन के किंग चार्ल्स बकिंघम पैलेस के 10 वर्षों तक 36.9 करोड़ पाउंड के व्यापक नवीनीकरण कार्यक्रम के बाद भी वहां स्थायी रूप से नहीं रहेंगे। राजशाही मानती है कि इस ऐतिहासिक भवन को आम जनता के लिए अधिक सुलभ बनाया जाना चाहिए। हालांकि, शाही अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि महाराजा चार्ल्स और महारानी कैमिला बकिंघम पैलेस से अपने आधिकारिक कार्य करते रहेंगे।

### नेपाल : लामिछाने फिर बने आरएसपी अध्यक्ष

**काठमांडू।** नेपाल की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने शुक्रवार को अपने पहले महाधिवेशन में रबी लामिछाने को सर्वसम्मति से दोबारा पार्टी अध्यक्ष और वित्त मंत्री स्वर्णिम वाग्ले को उपाध्यक्ष चुना। रविवार से शुरू हुए इस महाधिवेशन में 4,000 सदस्यों ने भाग लिया। बिपिन आचार्य महासचिव, जबकि सोबिता गौतम महिला उपाध्यक्ष चुनी गईं। हरि ढकाल, असीम साह और निशा डांगी संयुक्त महासचिव बने।

### सिंगापुर : 400 से अधिक भारतीय श्रमिकों को मिलेगा रोजगार

**सिंगापुर।** सिंगापुर की प्रमुख श्रम संस्था नेशनल ट्रेड्स यूनियन कांग्रेस ने उन 400 से अधिक प्रवासी श्रमिकों के लिए रोजगार की पहल की है, जिन्हें उनके नियोक्ताओं ने मजदूरी दिए बिना छोड़ दिया है। इनमें अधिकांश श्रमिक भारत और बांग्लादेश से हैं। इन श्रमिकों को तीन कंपनियों ने काम पर रखा था। इनका निदेशक भारतीय मूल का रामू पलानी वेलु है। वह अब देश छोड़कर भाग गया है। नेशनल ट्रेड्स यूनियन कांग्रेस के अनुसार, रोजगार के लिए 80 से अधिक कंपनियों ने रुचि दिखाई है।

### चीन में गगनचुंबी इमारत से टकराया प्लेन

**दूर-दूर तक बिखरे विमान के टुकड़े**

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग में शुक्रवार को एक छोटा खेल विमान एक बहुत ऊंची इमारत से टकरा गया। यह विमान बीजिंग की सबसे ऊंची इमारत सिटिक टॉवर से टकराया। इस टक्कर के बाद पूरी बिल्डिंग में हड़कंप मच गया। प्रशासन ने तुरंत इस इमारत को खाली कराया। इस हादसे में कितना नुकसान हुआ है, इसकी जानकारी अभी नहीं मिली है। विमान में कितने लोग सवार थे, यह भी साफ नहीं है। विमान के टुकड़े दूर-दूर तक बिखर गए हैं। चीनी अधिकारियों ने इस घटना पर अभी कोई बयान नहीं दिया है। चीनी सोशल मीडिया से इस हादसे से जुड़े पोस्ट भी तुरंत हटा दिए गए। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो सामने आए हैं। इनमें दिख रहा है कि विमान 528 मीटर ऊंचे टॉवर के ऊपरी हिस्से से टकराया। टक्कर होते ही विमान के टुकड़े नीचे सड़क पर गिरने लगे। मलबे के कुछ हिस्से पास के पार्क में भी गिरे।

### ट्रंप के पूर्व एनएसए जॉन बोल्टन ने कबूला जुर्म

**गोपनीय दस्तावेज मामले में दोषी करार**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रह चुके जॉन बोल्टन ने गोपनीय सरकारी दस्तावेजों को अवैध रूप से अपने पास रखने के मामले में अदालत में दोष स्वीकार कर लिया है। बोल्टन ने शुक्रवार को अमेरिकी अदालत में अपना जुर्म कबूल किया। इस मामले में उनके और अमेरिकी न्याय विभाग के बीच समझौता भी हुआ है, जिससे उन्हें जेल की सजा से राहत मिल सकती है। हालांकि अंतिम फैसला अदालत ही सुनाएगी। 77 वर्षीय जॉन किरियाको नहीं, बल्कि जॉन बोल्टन ट्रंप प्रशासन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे थे। उन्होंने मैरीलैंड के ग्रीनबेल्ट स्थित अमेरिकी जिला अदालत में राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी गोपनीय जानकारी को अवैध रूप से अपने पास रखने के एक मामले में दोषी होने की बात स्वीकार की।

### अमेरिका ने भारतीय कंपनी और सीईओ समेत आठ पर लगाया बैन

**सूडान संघर्ष से जुड़ा है मामला**

**वॉशिंगटन।** अफ्रीकी देश सूडान में जारी गृहयुद्ध के बीच एक भारतीय कंपनी और उसके सीईओ का नाम सामने आया है। अमेरिका ने शुक्रवार को एक भारतीय नागरिक और उसकी कंपनी समेत आठ व्यक्तियों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिका का आरोप है कि इन लोगों और कंपनियों ने सूडान में चल रहे संघर्ष के दौरान ऐसे नेटवर्क का हिस्सा बनकर काम किया, जिसने युद्ध को लंबा खींचने में मदद की। अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय के अनुसार, रायपुर के आलोक चौधरी और उनकी कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड पर प्रतिबंध लगाया गया है। अमेरिका का कहना है कि कंपनी ने सूडान की एक फर्म को विस्फोटक और उससे जुड़ी सामग्री की आपूर्ति की थी। अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि इस सामग्री का इस्तेमाल बाद में सूडानी सेना के सैन्य ढांचे से जुड़ी गतिविधियों में हुआ। अमेरिकी वित्त विभाग के मुताबिक, एसबीएल एनर्जी लिमिटेड, जिसे एमिन एक्सप्लोसिव प्राइवेट लिमिटेड के नाम से भी जाना जाता है, ने सूडान की टारगेट मल्टीएक्टिविटीज कंपनी (टीमैक) को 200 से अधिक खेपों में विस्फोटक और संबंधित सामग्री उपलब्ध कराई। अमेरिका का कहना है कि यह कंपनी सूडानी सेना के हथियार भंडार को बनाए रखने से जुड़ी थी। इसी मामले में टीएमएसी और उसके महाप्रबंधक तारिक हुसैन मोहम्मद मदानी को भी प्रतिबंधित किया गया है।


### जंग के बीच रूस-यूक्रेन ने की कैदियों की अदला-बदली

**76वीं बार युद्धबंदियों की रिहाई**

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन ने शुक्रवार को एक बार फिर युद्धबंदियों की अदला-बदली की। दोनों देशों के अधिकारियों के अनुसार, इस बार दोनों तरफ से 160-160 कैदियों को छोड़ा गया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन के कब्जे वाले इलाके से 160 रूसी सैनिकों को वापस लाया गया, जबकि इसके बदले 160 यूक्रेनी युद्धबंदियों को छोड़ा गया। मंत्रालय के मुताबिक, वापस आए रूसी सैनिकों को पहले बेलारूस में चिकित्सा और मानसिक सहायता दी जा रही है। इसके बाद उन्हें आगे इलाज और देखभाल के लिए रूस भेजा जाएगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, इस अदला-बदली में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने मानवीय मदद और मध्यस्थता की भूमिका निभाई।

## भारत आएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

- मार्को रुबियो ने कहा- भारत-अमेरिका संबंध बेहद मजबूत



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द भारत का दौरा करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसकी पुष्टि की है। रुबियो ने एक इंटरव्यू में बताया कि वे खुद ट्रंप के भारत के ऐतिहासिक दौरे की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं और इसके लिए वे जल्द भारत आएंगे। रुबियो ने बताया कि ट्रंप प्रशासन अगले साल की शुरुआत में राष्ट्रपति ट्रंप के भारत दौरे की तैयारियां कर रहा है। यह भारत और अमेरिका के रिश्तों में बढ़ती नजदीकी को रेखांकित करता है, क्योंकि दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब हैं। व्हाइट हाउस में एजेंसी को दिए एक इंटरव्यू में रुबियो ने कहा, मैं साल के अंत में राष्ट्रपति ट्रंप के दौरे की तैयारियों के सिलसिले में भारत की यात्रा करूंगा। भारत-अमेरिका के संबंधों को लेकर रुबियो ने कहा कि दोनों देशों के संबंध मजबूत स्थिति में हैं और जी7 शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच हुई हालिया मुलाकात के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में बेहतरी हुई है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने ये भी कहा कि क्वाड बैठक पर भी जल्द बातचीत हो सकती है। रुबियो ने भारत को अमेरिका का सबसे करीबी सहयोगी बताया।

### आतंकी संरक्षण — तस्वीरों ने फिर खोली पाकिस्तान की पोल

## शोएब अख्तर के भाई के जनाजे में दिखे लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर के बड़े भाई शाहिद अख्तर के जनाजे को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े बताए जा रहे कुछ लोगों की मौजूदगी का दावा किया जा रहा है। इन तस्वीरों के सामने आने के बाद एक बार फिर पाकिस्तान में आतंकियों की सार्वजनिक मौजूदगी और उन्हें मिलने वाले कथित संरक्षण को लेकर सवाल उठने लगे हैं। शाहिद अख्तर का 24 जून को निधन हो गया था। इसके बाद इस्लामाबाद के एच-8 कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे में खेल, राजनीति और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई लोग शामिल हुए थे। इसी दौरान वायरल हुए वीडियो में लश्कर-ए-तैयबा के उप प्रमुख सैफुल्लाह कसूरी और पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) से जुड़े कुछ नेताओं के मौजूद होने का दावा किया गया है। हालांकि, इन वीडियो और तस्वीरों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।


#### कौन है सैफुल्लाह कसूरी

सैफुल्लाह कसूरी को भारत की सुरक्षा एजेंसियां 22 अप्रैल 2025 को हुए पहलगाम आतंकी हमले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में शामिल मानती हैं। इस हमले में 25 पर्यटकों की मौत हुई थी। भारत ने हमले के बाद कई कड़े कदम उठाए थे। इनमें सिंधु जल संधि को स्थगित करना और ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई शामिल थी। भारत लंबे समय से पाकिस्तान पर आतंकियों को संरक्षण देने का आरोप लगाता रहा है।

बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089